जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल

**जयसूर्या होंगे भारत के खिलाफ सीरीज में श्रीलंका के कोच**



Page 10 देश

**राजस्थान में भजनलाल सरकार करेगी बंपर भर्तियां, आया बड़ा अपडेट**

शुक्ल पक्ष, बव, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 09 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 209 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73,580 | ₹95,000 |



## आज का इतिहास

- **1925 :** भारतीय रहस्यवादी और आध्यात्मिक गुरु मेहर बाबा ने 1969 में अपनी मृत्यु की शुरुआत मौनपालन से की थी, केवल एक वर्णमाला के माध्यम से या अनोखे हाथ के इशारों से संवाद करना।
- **2008 :** भारतीय मूल के ब्रिटिश लेखक सलमान रुश्दी को बेस्ट ऑफ बुकर पुरस्कार प्रदान किया गया।

## न्यूज बाइट्स

### राज्य में लगाए जाएंगे 1.77 करोड़ पौधे

**पटना (नि. सं.)।** बरसात के साथ ही मनरेगा के अंतर्गत जिलों में पौधरोपण का कार्य शुरू हो गया। इस वर्ष (2024-25) मनरेगा से एक करोड़ 77 लाख पौधे लगाये जाएंगे। इसको लेकर ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिलों को दिशा-निर्देश जारी किया है। साथ ही कहां से पौधे प्राप्त किये जाएंगे, इसकी भी व्यवस्था की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार समस्तीपुर जिले में पौधरोपण शुरू हो गया है, शीघ्र ही सभी जिलों में यह प्रारंभ हो जाएगा। विभाग ने जिलों को निर्देश दिया है कि राज्य के सभी ग्राम पंचायतों में कम-से-कम 1200 पौधे लगाए जाएंगे, ताकि पूरे राज्य में हरियाली क्षेत्र बढ़े।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए ऑनलाइन लिये जाएंगे आवेदन

**पटना (नि. सं.)।** बिहार में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए ऑनलाइन एप के माध्यम से आवेदन लिए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग इस योजना के अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले योग्य लाभार्थियों को जोड़ने के लिए ऑनलाइन एप विकसित करने का निर्णय लिया है। पिछले दिनों समाज कल्याण विभाग के राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की जिलावार स्थिति की समीक्षा की गयी थी। इस समीक्षा के क्रम में विभिन्न जिलों में इस योजना के क्रियान्वयन की स्थिति संतोषजनक नहीं पायी गयी थी। इसके बाद विभाग की ओर से इसके लिए ऑनलाइन एप विकसित किए जाने पर जोर दिया गया, ताकि लाभुकों को जोड़कर उन्हें योजना का लाभ ससमय दिलाया जा सके।

### पीएम नरेंद्र मोदी का रूस में भव्य स्वागत

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस की अपनी दो दिवसीय यात्रा के लिए मॉस्को पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरो द्वारा उन्हें एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। पीएम मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जल्द मुलाकात करेंगे। पिछले पांच साल में मोदी की रूस में पहली और अपने तीसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा है। पुतिन और पीएम मोदी के बीच ऊर्जा एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसर तलाशने के लिए शिखर वार्ता होनी है। पीएम मोदी पांच साल में पहली बार रूस पहुंचे हैं। यह उनके तीसरे कार्यकाल में पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा भी है। इससे पहले पीएम मोदी 2019 में रूस गए थे। उस वक्त पीएम मोदी ने व्लादिवोस्तक में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लिया था।

# मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर राज्यस्तरीय वन महोत्सव का किया शुभारंभ

निज संवाददाता | पटना





मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री आवास, 01 अणे मार्ग में मालदाह आम के पौधा का रोपण कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय वन महोत्सव-2024 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपने परिसर एवं आसपास पौधारोपण कर इस अभियान में अपना योगदान दें। राज्य में हरित आवरण क्षेत्र बढ़ाने के लिए वर्ष 2012 से पौधारोपण शुरु किया गया। उसके बाद वर्ष 2019 में जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरुआत कर इसको और आगे बढ़ाया गया।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा इस अभियान के तहत व्यक्ति विशेष को 05 पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डा. प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चैधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डा. एस. सिद्धार्थ, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वज्रपात से मौत पर सीएम ने शोक संवेदना की व्यक्त

**पटना (नि.सं.)।** वज्रपात से जमुई में 03, कैमूर में 03, रोहतास में 02, सहरसा में 01, सारण में 01, भोजपुर में 01 और गोपालगंज में 01 व्यक्ति की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने आज ही मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## बिहार की उफनती नदियों का सीएम ने किया हवाई सर्वे



**पटना(नि.सं.)।** बिहार की कई नदियां खतरे के निशान पर बह रही हैं। गंडक, कोसी, बागमती, कमला बलान और महानंदा नदी उफान पर हैं। कई जिलों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। जिसमें सुपौल, मधेपुरा, गोपालगंज समेत कई जिले शामिल हैं। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नदियों में बढ़ते जलस्तर के देखते हुए पश्चिम चंपारण,पूर्वी चंपारण एवं गोपालगंज जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से आपदा के दौरान उचित प्रबंध करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश ने वाल्मीकि नगर में गंडक बराज, बगहा में कैलाश नगर, शास्त्री नगर समेत कटाव क्षेत्रों का जायजा लिया। आपको बता दें जल संसाधन विभाग के अनुसार उत्तर बिहार की प्रमुख नदियां उफान पर हैं।

गंडक, कोसी, बागमती, कमला बलान और महानंदा नदी कुछ जगहों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। गंडक बराज से 4.40 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है, जिससे पश्चिम चंपारण जिले के दियारा क्षेत्र के गांव जलमग्न हो गए हैं। बगहा शहर के भी कुछ इलाकों में नदी का पानी पहुंचा है। यही हालात, सुपौल जिले में कोसी तटबंध पर बसे गांवों का भी है। लोगों के घरों तक दो-दो फीट पानी पहुंच गया है। पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, मधेपुरा और सहरसा जिले में भी बाढ़ का खतरा मंडरा गया है।

## राज्य के गन्ना किसानों का तैयार हो रहा डाटाबेस



निज संवाददाता | पटना

राज्य में गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए गन्ना उद्योग विभाग किसानों तक सीधी पहुंच बनाने में जुट गया है। इसके लिए गन्ना किसानों का डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। इसे विभाग की ओर से बनाए जा रहे सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाएगा। इसी के जरिए किसानों तक विभाग की योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी। उन्हें अनुदान का सीधा लाभ दिया जाएगा।

ईख आयुक्त अनिल कुमार झा ने बताया कि इसके जरिये विभाग किसानों से सीधा संवाद रखेगा। ईख अनुसंधान संस्थान पूसा की ओर से मॉनिटरिंग एंड एडवाइजरी सर्विस फॉर शुगरकेन इन बिहार(मास) तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए गन्ना किसानों को खूंटी प्रबंधन, कीट व्याधि प्रबंधन, अंतरवर्ती खेती एवं नवीनतम तकनीक आदि की जानकारी दी जाएगी। इसका मकसद गन्ना उत्पादन में वृद्धि है। इस सॉफ्टवेयर को तैयार करने के लिए विभाग ने 24.46 लाख रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। इसके अलावा एनआईसी की ओर से भी विभाग का एक पोर्टल भी तैयार किया जा रहा है। इस पोर्टल पर किसानों को योजनाओं से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

**ये होंगे फायदे**

- » किसानों को योजना के फायदे मिलेंगे
- » किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे
- » बीज उपलब्धता की जानकारी मिलेगी
- » सत्यापन आदि के काम ऑनलाइन होंगे

इन योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। अभी किसान ऑफलाइन आवेदन करते हैं, जिसकी प्रक्रिया लंबी होती है। किसानों का सत्यापन भी हो सकेगा। अभी सत्यापन की प्रक्रिया बहुत लंबी है। इस कारण किसानों को बीज आवंटन, अनुदान या अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी होती है। किसानों की संख्या के हिसाब से योजनाओं के क्रियान्वयन के बाद विभाग सही समय पर राशि को आवंटित कर सकेगा। गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रगतिशील किसानों के दल को प्रशिक्षण के लिए राज्य के बाहर भ्रमण कराया जाएगा।

## अवैध खनन को रोकने के लिए राज्य में ड्रोन से बालू घाटों की होगी निगरानी

निज संवाददाता | पटना



बालू के अवैध खनन को रोकने के साथ ही पूरे घाट इलाके और आसपास के क्षेत्र की समुचित निगरानी ड्रोन से की जाएगी। इसके लिए सभी 534 अंचल कार्यालयों में वैसे अंचलों का चयन कर विशेष तौर पर ड्रोन यूनिट स्थापित की जाएगी, जिनमें बालू का खनन अधिक होता है या अवैध खनन की शिकायतें अधिक मिलती हैं। पिछले कुछ महीनों में जिन अंचलों में बालू के अवैध खनन को लेकर गोलीबारी हुई है या वर्चस्व की लड़ाई की शिकायतें अधिक मिली हैं, उन इलाकों में ड्रोन की तैनाती प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। सभी अंचलों में ड्रोन के साथ इससे संबंधित पूरा जीपीएस या डीजीपीएस (ड्रोन ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) भी लगाया जाएगा। ताकि इसकी मदद से समुचित निगरानी हो सके।

डीजीपीएस की मदद से खनन वाले स्थल की पूरे मैप या सटीक पोजिशन के साथ एकदम सही जानकारी मिल सकेगी। किसी अवैध खनन या इससे जुड़ी किसी तरह की समस्या की स्थिति में स्थान की सही पहचान हो सकेगी। यह ड्रोन प्रणाली रात में सही तरीके से काम करेगी। इससे कार्रवाई करने में काफी सहूलियत होगी और कम से कम समय में मौके पर पुलिस और खनन विभाग के पदाधिकारी पहुंच सकेंगे।

## शिक्षक भर्ती : प्रवेश पत्र आज होगा जारी, 27 जिलों में चार सौ केंद्र बने

निज संवाददाता | पटना

बीपीएससी तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का एडमिट कार्ड मंगलवार को जारी करेगा। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को उस शहर की जानकारी मिलेगी जहां उनका केन्द्र होगा। हालांकि परीक्षा से चार दिन पहले केन्द्र की जानकारी मिलेगी। 27 जिलों में चार सौ से अधिक केन्द्र बनाए गए हैं।

आयोग की ओर से परीक्षा का शिड्यूल पहले ही जारी कर दिया गया था। इस बार आयोग ने सभी डीएम को परीक्षा में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने को कहा है। केन्द्रों पर जैमर लगा रहेगा। साथ ही आयोग कार्यालय से लाइव मॉनिटीरिंग होती रहेगी। इसके अलावा प्रश्नों को लेकर कई स्तर गोपनीय कार्य किये जा रहे हैं। इस भेदना मुश्किल होगा। परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले कई स्तर पर जांच होगी। छह लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। मालूम हो कि परीक्षा 19 से 22 जुलाई के बीच होगी। 19 को कक्षा 6-8 के लिए गणित एवं विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत और ऊर्दू विषय की परीक्षा होगी। 20 जुलाई को कक्षा 1-5 के लिए सभी विषयों की परीक्षा होगी। 21 को 9वीं और 10वीं के सभी विषय तो 22 जुलाई को 11वीं-12वीं के सभी विषयों की परीक्षा होगी। 19, 20 और 21 जुलाई को एक पाली और 22 जुलाई को दो पालियों में परीक्षा होगी।

### कठुआ में सेना के वाहन पर ग्रेनेड से आतंकी हमला

## चार जवान शहीद, छह हुए घायल

एजेंसी | श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर)



जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार (8 जुलाई) को आतंकियों के हमले में 4 जवान शहीद हो गए। 6 घायल हैं। घटना लोहि मल्हार ब्लॉक के मचहेड़ी क्षेत्र के बडनोटा गांव की है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम मचहेड़ी क्षेत्र में दोपहर 3.30 बजे तलाशी ले रही थी, तभी आतंकियों ने घात लगाकर ग्रेनेड से हमला किया। फायरिंग भी की। इसके बाद सेना ने पूरे इलाके को घेर लिया है। आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ जारी है। सेना के अफसर ने बताया, इस हमले में 10 जवान घायल हुए थे। इनमें से चार की जान चली गई। 6 का अभी इलाज चल रहा है। पहले 2 और कुछ समय बाद 4 जवानों के घायल होने की खबर आई थी। यह 2 महीने में सेना के वाहन पर दूसरा आतंकी हमला है। इससे पहले 4 मई को पुंछ के शाहसितार इलाके में एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शहीद हो गए थे और 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। वहीं, दो दिन में यह सेना पर दूसरा हमला है। रविवार (7 जुलाई) की सुबह आतंकियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में एक आर्मी कैंप पर हमला किया था। इसमें एक जवान घायल हो गया। जवानों की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकी घने जंगल के रास्ते भाग गए।

## हेमंत कैबिनेट में चंपाई-रामेश्वर समेत 11 ने ली शपथ

निज संवाददाता | रांची



हेमंत सोरेन की सरकार ने सदन में विश्वासमत हासिल कर लिया है। सरकार के पक्ष में 45 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में 0 वोट डाले गए। सदन में बहुमत साबित करने के बाद हेमंत कैबिनेट का विस्तार किया गया। नये मंत्री के रूप में सबसे पहले चंपाई सोरेन ने शपथ ली। इसके बाद रामेश्वर उरांव, दीपिका पांडेय सिंह, बैजनाथ राम और इरफान अंसारी मंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही दीपक बरुआ, बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन और बेबी देवी ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हांलाकि, हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन को कैबिनेट में जगह नहीं मिली है।

इससे पहले, सदन में विश्वास मत पर चर्चा के दौरान जैसे ही सीएम हेमंत सोरेन बोलने के लिए उठे, वैसे ही बीजेपी विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। सीएम ने कहा कि मुझे सदन में फिर से देखकर विपक्ष को कैसा लग रहा होगा, मैं समझ सकता हूं। साथ ही कहा कि सदन में विपक्ष के जितने भी विधायक दिख रहे हैं, उनमें से आधे भी अगली बार दिख गए तो बड़ी बात होगी। सीएम ने चंपाई सोरेन को 5 महीने सरकार चलाने के लिए बधाई दी।

बता दें कि 28 जून को हेमंत सोरेन जेल से रिहा हुए थे। 3 जुलाई को चंपाई सोरेन ने इस्तीफा दिया था और हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था। 5 जुलाई को हेमंत सोरेन ने तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली थी।

सदन में विश्वासमत पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने बेरोजगारी और अपराध के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि पहले कैबिनेट का विस्तार होना चाहिए था, फिर विश्वास मत का प्रस्ताव आना चाहिए। आगे कहा कि सरकार जिस रोजगार के दावे को लेकर सत्ता में आई, उसे पूरा नहीं किया गया। वहीं पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने विधानसभा में कहा कि लोकतंत्र में पार्टी और गठबंधन के निर्णय को मानना पड़ता है। मैंने 5 महीने तक सरकार चलाई। मुझे लगता है कि प्रदेश के विकास के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।

### ब्रिज मेंटेनेंस पॉलिसी हुई लागू, सीसीटीवी से होगी निगरानी

## बिहार में पुलों का बनेगा हेल्थ कार्ड

निज संवाददाता | पटना



बिहार में पुलों के रखरखाव की नीति (ब्रिज मेंटेनेंस पॉलिसी) लागू हो गई है। इस नीति के आधार पर पुलों का हेल्थ कार्ड बनेगा और रखरखाव के लिए विशेष प्रभाग (डिविजन) का गठन होगा। मुख्य अभियंता इस डिवीजन के हेड होंगे। इनके साथ ही अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंताओं की टीम होगी। टीम के इंजीनियर नियमित तौर पर पुल-पुलियों की जांच करेंगे। जांच केवल कागजों पर ही नहीं, बल्कि वीडियो व तस्वीर के साथ होगी। जहां भी इन्हें गड़बड़ी मिलेगी, वे इसकी जानकारी तत्काल विभाग को देंगे। अगर रखरखाव में कोताही बरती गई तो उसे चिह्नित कर विभाग सख्त कार्रवाई भी करेगा।

बड़े, मध्यम व छोटे श्रेणी में अलग-अलग बांटकर पुलों का रखरखाव किया जाएगा ताकि कोई भी पुल समय से पहले क्षतिग्रस्त न हो सके। पथ निर्माण विभाग ने मार्गदर्शिका के रूप में सभी कार्यपालक अभियंताओं को इसकी प्रति भी भेज दी है। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम की ओर से तैयार इस मार्गदर्शिका में लगभग 500 पन्ने हैं। नई नीति लागू करने का मकसद राज्य में हजारों पुलों को सुरक्षित बनाए रखना है। पुलों के रखरखाव की नीति तैयार करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। हर पुल का अपना हेल्थ कार्ड होगा। इसमें पुल का पूरा इतिहास होगा। इसी के आधार पर पुलों का रखरखाव होगा। पुलों के स्वास्थ्य के आधार पर ही ट्रैफिक को नियंत्रित किया जाएगा। दरअसल, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़कों के साथ ही पुल-पुलियों की भी नियमित जांच की बात कही थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने माना नीट यूजी का पेपर लीक हुआ



**नई दिल्ली (ए.)।** नीट-2024 विवाद में सुप्रीम कोर्ट 38 याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। पहले री-एग्जाम की मांग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई की गई। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा, किस आधार पर री-एग्जाम की मांग कर रहे हैं? सीजेआईने कहा कि ये साफ है कि पेपर लीक हुआ है। सवाल ये है कि इसका दायरा कितना बड़ा है। ये समझना जरूरी है कि पेपर लीक कितना व्यापक है? सिर्फ दो लोगों की गड़बड़ी की वजह से पूरा एग्जाम कैंसिल नहीं किया जा सकता। हम ये जानना चाहते हैं कि एनटीए और सरकार ने अब तक पेपर लीक के आरोपियों को पहचानने के लिए क्या कदम उठाए हैं।

### बिल्डरों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी, कहा

## खरीदारों को दिया जा रहा धोखा, पूरे देश में एक जैसा बने एग्रीमेंट

- अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने दाखिल की जनहित याचिका।
- तीन जजों की पीठ ने की जनहित याचिका पर सुनवाई।

एजेंसी | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका पर सुनवाई की। तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने कहा कि पूरे देश में बिल्डर खरीदारों को धोखा दे रही हैं। यही वजह है कि अब पूरे देश में बिल्डर-खरीदार समझौते में एकरूपता लाने की जरूरत है। मामले की अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने एक समान बिल्डर-खरीदार समझौते को बनाने के लिए एक जनहित याचिका दाखिल की है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सोमवार को सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि खरीदारों को पूरे भारत में बिल्डर धोखा दे रहे हैं। इसलिए अब समझौते में एकरूपता लाने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि हमें एमिकस रिपोर्ट देखनी होगी। इसके अलावा सीआरईडीएआई की आपत्तियों को भी देखेंगे। इसे सभी राज्यों को लागू करने की जरूरत है।

## महिलाओं को पीरियड पर मिले छुट्टी

नई दिल्ली | एजेंसी

महिलाओं को पीरियड के दौरान छुट्टी को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सकारात्मक रुख दिखाया है। कोर्ट ने मामले में केंद्र को कुछ निर्देश भी दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह इसको लेकर राज्य सरकारों और सभी स्टैकहोल्डर्स से बात करे। साथ ही देखे कि क्या इस पर कोई मॉडल पॉलिसी बनाई जा सकती है। हालांकि कोर्ट ने माना कि इस दौरान छुट्टी मिलने से महिलाओं में काम को लेकर उत्साह बढ़ेगा, लेकिन यह भी कहा कि इसे अनिवार्य किए जाने के नुकसान भी हो सकते हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि पीरियड के दौरान छुट्टी मिलने से महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे उनके अंदर काम को लेकर अधिक उत्साह पैदा होगा। हालांकि कोर्ट ने यह भी माना कि इस तरह की छुट्टियों को अनिवार्य किए जाना महिलाएं वर्कफोर्स से दूर हो जाएंगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम यह नहीं चाहते हैं। इसमें कहा गया है कि महिलाओं की रक्षा के लिए हम जो करने की कोशिश करते हैं, उससे उन्हें नुकसान हो सकता है। सरकार और राज्य सरकारें ही फैसला ले सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने याचिकाकर्ता को महिला और बाल विकास मंत्रालय के सामने जाने की बात कही।

## इंटर दाखिला : प्रथम चयन सूची जारी, 17 लाख छात्र शामिल

निज संवाददाता | पटना

बिहार बोर्ड ने इंटर दाखिला के लिए प्रथम चयन सूची सोमवार को जारी कर दी है। इसमें 17 लाख छात्र-छात्राएं शामिल हैं। आठ से 14 जुलाई तक दाखिला होगा। चयनित छात्र अपना सूचना पत्र (इनटिमेशन लेटर) लेकर संबंधित स्कूल के प्राचार्य के पास जाएंगे। प्राचार्य नामांकन लेंगे और फिर इसकी सूचना ओएफएसएस पोर्टल पर अपडेट करेंगे।

बता दें कि तीन मेधा सूची जारी होगी। जिन छात्रों का प्रथम चयन सूची में नाम नहीं होगा उनके लिए द्वितीय चयन सूची जारी होगी। इसके बाद तीसरी। वहीं जिन छात्रों का चयन प्रथम चयन सूची में हुआ है, लेकिन उन्हें पसंद का स्कूल नहीं मिला है तो ऐसे में छात्र संबंधित स्कूल में दाखिला लेने के बाद स्लाइड अप करेंगे। जो छात्र स्लाइड अप करेंगे उनका चयन फिर दुबारा द्वितीय सूची में होगा। जो छात्र आवंटित स्कूल में दाखिला नहीं लेंगे वो स्लाइड अप नहीं कर पायेंगे और ऐसे छात्र का नाम ओएफएसएस से हटा दिया जाएगा। ऐसे छात्र का आवेदन रद्द हो जाएगा। यह मौका उन छात्रों के लिए है, जिनका नाम किसी स्कूल के लिए आवंटित नहीं हुआ है। ऐसे छात्र 14 जुलाई तक अपना स्कूल विकल्प बदल सकते हैं।

हिन्दी दैनिक
सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, मंगलवार 09 जुलाई 2024

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट मामले का अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**टनकुप्पा।** पुलिस ने छापेमारी कर थाना क्षेत्र के बरतारा बाजार से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान बरतारा बाजार निवासी जुम्मन मियां उर्फ जुम्मन हुसैन के रुप में हुई है। अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व से टनकुप्पा थाना में एफआईआर दर्ज है।

### जिले में ही हो विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था

**गया।** बुनकर संघ के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने ने जिला पदाधिकारी को मानपुर शादीपुर औद्योगिक परिसर में बियाडा द्वारा भूमि आवंटन का ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए आभार प्रकट किया एवं इस संबंध में स्टार्टअप उद्योग संवाद जागरुकता कैंप आयोजन करने का सुझाव दिया। पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में सभी परेशानी और समस्याओं से अवगत कराया। गया जिला के विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को गया जिला में ही प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने पितृपक्ष मेला के दौरान 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' के तहत रेलवे स्टेशन एवं सीताकुंड में बुनकरों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित सूती वस्त्र बिक्री केंद्र का काउंटर आवंटित करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में बुनकर संघ अध्यक्ष गोपाल प्रसाद पटवा, प्रकाश राम आदि मौजूद रहे।

### गाजे-बाजे के साथ रथ पर सवार नगर भ्रमण पर निकले श्री जगन्नाथ, बलराम व सुभद्रा

**बोधगया।** बोधगया गाजे बाजे के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने शंखनाद एवं जय जगन्नाथ के नारे के साथ तीनों रथों के डोर को पकड़े हुए बोधगया श्री जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ का रथ रविवार को दोपहर बाद नगर परिभ्रमण के लिए निकला। बिहार सरकार के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने रथ का डोर खींचकर रथों को विदा किया। सायं काल बाद में श्री शंकराचार्य मठ में महंत एवं श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ अगवानी की। 15 दिनों के बाद अहले सुबह गर्भगृह का पट खुला। पुरी से आए आचार्यों एवं पुजारियों ने नेत्र पूजा से कार्यक्रम की शुरुआत की। नूतन वस्त्र धारण कर छप्पन भोग लगाकर मंगल आरती की गई। हजारों श्रद्धालुओं को छप्पन भोग का प्रसाद के साथ भंडारा कराया गया। उनके विग्रह को गर्भगृह से बाहर परिसर में आसन पर विराजमान कर पूजा एवं हवन किया गया। तीनों सजे हुए रथों पर रखकर नगर परिभ्रमण शुरू हुआ। रथयात्रा में सबसे आगे तालध्वज रथ पर बलराम, बीच में दर्पदलन रथ पर बहन सुभद्रा और सबसे पीछे नंदीघोष रथ पर भगवान जगन्नाथ का प्रस्थान हुआ। इन तीनों रथ की अपनी-अपनी खास विशेषताएं होती हैं। आज दोपहर होगी पावड़ा यात्रा मंदिर से निकल रथ सबसे पहले थाई मंदिर तक गया और वहां से गोदाम रोड होकर बजरंग मोड़ फिर उसी मार्ग से राजापुर बजरंगबली मंदिर होकर सुजाता पुल के पास से श्री शंकराचार्य मठ के नदी तटीय पूर्वी द्वार से मठ में प्रवेश किया। मठ के महंत त्रिवेणी गिरि एवं श्रद्धालुओं ने उनकी आगवानी की। मठ के मंडप के आसन पर विराजमान किया गया। वहां पूजन, छप्पन भोग एवं मंगल आरती की गई। मठ के तरफ से छप्पन भोग का भंडारा किया गया। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। सोमवार को मठ में पूजन आरती के बाद दोपहर पावड़ा यात्रा की जाएगी। इस मौके पर उषा डालमिया, राय मदन किशोर, ई ब्रजेंद्र कुमार चौबे, अरविंद कुमार सिंह, डॉ अशोक यादव, प्रो कुसुम कुमारी, एलआरडीसी शशि शेखर, थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह सहित हजारों लोगों की उपस्थिति रही।

### रोटरी क्लब ऑफ गया युवा ने लगाए 101 फलदार वृक्षों के पौधे

**गया।** रविवार की सुबह रोटरी क्लब ऑफ गया युवा द्वारा चाणक्य पुरी कॉलोनी पार्क में 101 फलदार वृक्षों के पौधे लगाए गए। क्लब के युवा अध्यक्ष अर्चना गोयनका ने बताया कि यह कार्यक्रम हर महीने किया जाएगा। इसका उद्देश्य शहर को प्रदूषण मुक्त एवं हरा-भरा बनाना है।सचिव भावना अग्रवाल ने बताया कि नीम, आम, अमरूद एवं अन्य तरह के फलदार पौधे लगाए हैं जो वातावरण को स्वच्छ एवं ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के लिए अति आवश्यक है। यह कार्यक्रम रोटेरियन दिनेश खेतान एवं रोटेरियन रोहिणी खेतान के देखरेख में संपन्न हुआ।

### नालंदा में सड़क और नाला निर्माण का चल रहा काम

**नालंदा।** बिहारशरीफ के सदर प्रखंड कार्यालय एवं सदर अस्पताल के पीछे नाला सह रोड निर्माण होने के कारण सदर अस्पताल, बड़ी पहाड़ी, मंसूर नगर, मामू भगिना जाने वाला मार्ग में आवा गमन प्रभावित है। लोगों की परेशानी को देखते हुए इस स्थल के पास पुल सह नाला निर्माण जल्द पूरा करने का आदेश स्मार्ट सिटी के अधिकारी ने दिया है। ताकि इस मार्ग पर आवा गमन जल्द से जल्द शुरू हो सके। रोड के हिस्से के नाला सह पुल की ढलाई कर दी गयी है। कुछ ही एरिया का नाला सह रोड का निर्माण शेष है। अधिकारियों की मानें तो रोड सह नाला निर्माण को गति देने के क्रम में नाले व बारिश का पानी बाधा बन रहा है। इस बाधा को दूर करने के लिए अधिकारी ने 120 एचपी के मोटर को लगाकर पानी सुखाकर निर्माण काम जल्द पूरा कराने का आदेश दिया है। स्मार्ट सिटी के आदेश के आलोक में कार्य एजेंसी द्वारा बासु चाय दुकान के पास 120 एचपी का मोटर लगाकर पानी को दूसरी ओर लिफ्टिंग कर फेंका जा रहा है। इसे एक सप्ताह में पूरा होने की संभावना है। इस मार्ग में पुल होने के कारण रांची रोड से कृषि कार्यालय मार्ग होते हुए सदर अस्पताल पहुंचना पड़ रहा है। कुछ दिनों में सड़क सह नाला निर्माण पूरा होने पर लोगों को काफी सहूलियत होगी। नगर प्रबंधक विनय रंजन ने कहा कि पुल निर्माण काम की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। इसे जल्द तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### हरनौत में हनुमान जी की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा, हनुमान लला को 108 कलश से महास्नान व किया गया श्रृंगार

**नालंदा।** नालन्दा के हरनौत प्रखण्ड स्थितस्थानीय बाजार के हर-हर महादेव धर्मशाला में स्थित नवनिर्मित मंदिर में संकट मोचन हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा रविवार को विधि विधान पूर्वक की गई। यज्ञ के आचार्य सुनील पांडेय एवं चंद्रकांत पांडेय ने बताया की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें दूसरे दिन अग्निपूजा , वेदी पूजन ,नगर भ्रमण व अखंड कीर्तन शुरू हुआ। इसके बाद हनुमान लला जी की प्राण प्रतिष्ठा में108 क्लश से महास्नान व श्रृंगार किया गया। हनुमानजी को भोग लगाकर आरती की गई। इस दौरान लोगों ने हनुमान जी के जयकारे लगाए। जिससे बाजार का वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह स्थानीय नपं के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर सर्वमंगल की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा से समाज में फैली बुराइयों का नाश होता है। लोगों में आत्मविश्वास का संचार होता है। यज्ञ आचार्य व पंडितों ने बताया कि मान्यता के अनुसार हनुमान का जन्म कपि नामक वानर जाति में हुआ था। वहीं नए शोधानुसार प्रभु श्रीराम का जन्म 10 जनवरी 5114 ईसा पूर्व अयोध्या में हुआ था। उन्होंने कहा की श्रीराम के जन्म के पूर्व हनुमानजी का जन्म हुआ था। वे भगवान श्रीराम के परम भक्त माने जाते हैं। वे अजर अमर भी माने जाते हैं। हनुमान जी के पास ऐसी दैवीय शक्तियां हैं, जो अन्य किसी भी देवता में नहीं हैं। उनका रूप विशालकाय है। हनुमान जी के पास अनेक अस्त्र-शस्त्र हैं, जिनमें पहले स्थान पर उनका गदा आता है।यह गदा दाए हाथ में रखते हैं, इसलिए हनुमान जी को वामहस्तगदायुक्तम् भी कहा जाता है।जो धन के राजा कुबेर ने हनुमान जी की शक्तियों से प्रसन्न होकर भेंट की थी। कुबेर जी ने हनुमान जी को गदा देते समय वरदान दिया था कि इस गदा को हाथ में लेकर वे कभी भी किसी भी युद्ध में परास्त नहीं होंगे।भूत-प्रेत भी हनुमान जी से भयभीत रहते हैं। मौके पर लवकुश मंडली के लल्लू कुमार , शिव कुमार , पंकज राज के साथ-साथ नवीन पांडेय , मनोज पांडेय , नवल-किशोर पांडेय मोनू पांडेय आदि आचार्य व पंडित मौजूद थे। वहीं सोमवार को स्वाहाकार , हवन एवं पुराचरण , प्रसाद वितरण एवं भंडारा के साथ महायज्ञ संपन्न होगा।

# समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा DM को ज्ञापन

**सीएसपी संचालक द्वारा ग्राहकों के रुपए गबन-राणाबिगहा में फेंके जा रहे कूड़ा की समस्या से कराया अवगत**

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के राणाबीघा स्थित इलाहाबाद बैंक के CSP संचालक द्वारा ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करके रुपए गबन करने और कोसुक के पास नगर निगम द्वारा फेंके जा रहे। शहर के कूड़ा कचरा से होने वाले परेशानियों के विरोध में दर्जनों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से मिलकर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की अपील की। मौके पर स्थानीय ग्रामीण शिवकुमार यादव ने बताया कि पिछले साल से ग्राहक सेवा केंद्र की शिकायत को लेकर जिलाधिकारी से लेकर बैंक के वरीय अधिकारी तक को गुहार लगा चुके हैं। तब से अब तक आंदोलनरत हैं। आंदोलन को देखते हुए कुछ लोगों को आधी रकम बैंक द्वारा दे दिया गया है। जबकि अन्य ग्राहकों को एक रुपए भी वापस नहीं किया गया है। हमलोगों की मांग है कि सभी ग्राहकों के रुपए को तुरंत अदा किया जाए। वहीं, दूसरी ओर कोसुक में शहर का पूरा कूड़ा-कचरा को फेंका जा रहा है। इससे आए दिन लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। पूर्व



में भी जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया था कि जल्द से जल्द कचरा डंपिंग यार्ड को यहां से दूसरे जगह स्थान निश्चित कर कचरा डंप किया जाए। बावजूद अब तक कोसुक में ही कचरा डंप किया जा रहा है। अगर जल्द से जल्द हमलोग की मांग नहीं मानी गई, तो हमलोग आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। जिलाधिकारी को दोनों मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया है।

## हाथ में पिस्टल लेकर स्टाइल मार रहा युवक, प्रशिक्षु डीएसपी जांच में जुटे

निज संवाददाता। गया

गया के चंदौती थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक का पिस्तौल लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। युवक चंदौती थाना क्षेत्र के कंडी नवादा का बताया जा रहा है। वीडियो में युवक तेजी से धमक के साथ एक कमरे से बनियान और जीन्स में और हाथ में पिस्टल लेकर निकलता है। कमरे से बाहर आते ही पिस्टल को लोड भी करता है। हालांकि, वीडियो 14 सेकेंड का ही है। लेकिन उस 14 सेकेंड में वह अपना जलवा दिखाने की भरपूर कोशिश करता है। वीडियो किसी दूसरे युवक द्वारा बनाया गया है। उस वीडियो को बनाने वाला पिस्टल लहराने वाले युवक का साथी बताया जा रहा है।

सूत्रों का कहना है कि वीडियो बीते 4 दिनों से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो कंडी नवादा भूइया टोली के रहने वाला राजा यादव का है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि युवक एक रूम से हाथ में चमचमाता हुआ आकर्षक और ऑरिजनल पिस्टल लेकर निकलता है। पिस्तौल लेकर निकलता है। पिस्तौल लहराने और उसका प्रदर्शन करने का यह वीडियो सोशल मीडिया



पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में यह भी देखा जा रहा है कि जिस कमरे से वह युवक निकलता है। उसके बगल के कमरे में भी एक शख्स खड़ा है। उसका हाथ दिख रहा है लेकिन वह इस घटना से पूरी तरह से बेखबर दिख रहा है। इधर, प्रशिक्षु डीएसपी व चंदौती थाना प्रभारी फैज सबा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। वीडियो का सत्यापन किया जा रहा है। वीडियो आईटी और तकनीकी सेल को दिया गया है। जांच पूरी होते ही पिस्टल लेकर प्रदर्शन करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गया में फाइनेंस कर्मी से 1.69 लाख रुपए की लूट

निज संवाददाता। गया

गया के पाई बिगहा थाना क्षेत्र के मनरसा गांव के पास रविवार देर शाम हथियार बंद अपराधियों ने एक बाइक सवार से डेढ़ लाख से अधिक रुपए लूट कर फरार हो गए। अपराधी 3 की संख्या में थे। वे एक ही बाइक से आए थे। घटना का शिकार एक फाइनेंस कंपनी का कर्मी है। अपराधी उसका मोबाइल भी लूट ले गए हैं। अस्पन्दना फाइनेंस कंपनी के कर्मी संदीप पासवान ने बताया कि मोटरसाइकिल से रविवार की दोपहर के बाद कई गांवों से पैसा वसूल मखदुमपुर स्थित शाखा को लौट रहा था। इस बीच शाम हो गई और अंधेरा भी हो गया। रास्ते में पाई बिगहा थाना क्षेत्र के मनरसा गांव के आगे हथियार बंद अपाची सवार 3 अपराधियों ने पीछा करना शुरू किया। उन्हें पीछा करता देख कुछ तेजी से वहां से निकलना चाहा, लेकिन उन्होंने हमें ओवरटेक करते हुए हमारी बाइक में धक्का मार दिया। इससे बाइक सहित हम सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरते ही सभी अपराधी बाइक से तेजी से उतरे



- 3 हथियार बंद अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम, गांवों से लोन का किस्त वसूल कर लौट रहा था

और हथियार का भय दिखाकर पास में रहे रकम वाला बैग और मोबाइल सहित मोटरसाइकिल की चाभी लूट कर भाग गए। बैग में वसूली के 1 लाख 69 हजार 235 रुपए पड़े थे। पीड़ित ने बताया कि किसी प्रकार पाईविगहा थाना पहुंच घटना की जानकारी पुलिस को दी। थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस की टेक्निकल सेल की मदद से मामले का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## 20 हजार श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ, सोमवार को वापस लौटेंगे भगवान

निज संवाददाता। गया

बोधगया में भगवान श्रीजगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। भक्तों को दर्शन देने के लिए भगवान खुद चलकर भक्तों के पास गए। रथयात्रा को लेकर बोधगया में गजब का उत्सवी माहौल देखने को मिला। भगवान जगन्नाथ के रथ के रस्सी खींचने के लिए भक्त बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इसके लिए उनके बीच होड़ लगी हुई थी। खास बात यह कि रथयात्रा की पूर्व संध्या से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीजगन्नाथ मंदिर में डेरा डाले थे।

**दोपहर 3 बजे के बाद निकाली गई रथयात्राः** रविवार की सुबह 3:00 बजे मंदिर का पट खुला और नेत्र पूजा की गई। सुबह 4 बजे भगवान के नवकलेवर का विशेष पूजा व छप्पन भोग लगाया गया। लगभग 4 घंटे की विशेष पूजा के बाद मंगल आरती हुई। इसके बाद रथयात्रा को लेकर भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा के



विग्रह को गर्भ गृह से बाहर परिसर में रथ के समीप आसन पर रखा गया। वहां विधि विधान के अनुसार आचार्यों द्वारा पूजा व हवन किया गया। दोपहर 3 बजे के बाद बजे मंदिर परिसर से रथयात्रा निकाली गई। सुदर्शन रथ पर भगवान बलभद्र, जगन्नाथ सुभद्रा सवार थे। श्रीजगन्नाथ मंदिर रथ का विधि विधान से पूजन किया गया। उसके बाद गाजे-बाजे व हाथी घोड़ा के साथ रथयात्रा निकाली गई। जयश्री जगन्नाथ के उद्घोष के साथ रथ को खींचते हुए बोधगया क्षेत्र का परिभ्रमण कराया गया। इस दौरान बोधगया के भक्त भक्ति के सागर में गोते लगाते नजर आए।

**20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने खींचा रथः** बताया गया कि 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीजगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भैया बलराम का रथ खींचा। बोधगया मठ में एक दिन वहां विश्राम के बाद 8 जुलाई को भगवान श्रीजगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भैया बलराम को मठ से विधिवत श्रीजगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह में लाया जायेगा।

भगवान का रथ श्रीजगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर महाबोधि मंदिर गोलंबर होते हुए थाईं मंदिर पहुंचा। वहां से वापस होकर बाजार के मुख्य मार्ग से बजरंग मोड़, टीका बिगहा तक रथ ले जाया गया। वहां से वापस लौटते हुए पचहट्टी, राजापुर महावीर मंदिर पहुंचा। फिर राजापुर से वापस लौटते हुए सुजाता पुल के निकट से नदी तटीय मार्ग पूर्वी द्वार से होकर बोधगया मठ में देर शाम बोधगया मठ में भगवान श्रीजगन्नाथ अपने मौसी के यहां एक रात विश्राम करेंगे। सोमवार को श्रीजगन्नाथ मंदिर आएंगे। रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा का कड़ा इंतजाम किया गया था। कड़ी सुरक्षा के बीच रथ यात्रा निकाली गई।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई चार पहिया वाहन, एक बुजुर्ग की मौत एक अन्य जख्मी

**दोस्त की बेटी के तिलक समारोह से लौटने वक्त हादसा**

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता लोहंडा गांव के पास की है। मृतक की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के काली अस्थान निवासी स्वर्गीय राम लखन प्रसाद के बेटे उदय भूषण प्रसाद(68) के रूप में की गई है। मंगलवार को परिजन शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि पटना के खुसरूपुर से तिलक समारोह में शामिल होकर फोर व्हीलर से उदयपुर भूषण प्रसाद और पप्पू कुमार देर रात घर लौट रहे थे। इसी बीच हिलसा थाना क्षेत्र के



कामता लोहंडा के पास फोर व्हीलर अनियंत्रित हो गई। पेड़ से टकरा गई। इससे पप्पू कुमार और उदय भूषण प्रसाद जख्मी हो गए। दोनों घायलों का इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उदय भूषण प्रसाद को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, पप्पू कुमार को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उदय भूषण प्रसाद अपने दोस्त की बेटी के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए खुसरूपुर गए थे। जहां से लौटने के दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गए। मौत की पुष्टि के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। वहीं, इस मामले में हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं, एक अन्य घायल को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## NH-20 पर सड़क हादसा, अधेड़ की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार की देर शाम सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत महानंदपुर गांव NH-20 का है। मृतक की पहचान महानंदपुर गांव निवासी स्वर्गीय बिंदा महतो के बेटे इंद्रदेव प्रसाद(50) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि इंद्रदेव प्रसाद पावापुरी ओपी के बकरा गांव से काम खत्म कर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह महानंदपुर गांव के पास वाहन से उतर कर सड़क पार करने लगे। इसी बीच अज्ञात वाहन कुचलते हुए फरार हो गया। स्थानीय लोगों की जब जख्मी पर नजर पड़ी तो आनन-फानन में इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इंद्रदेव प्रसाद



शटरिंग मिस्त्री का काम करते थे। वहीं, मौत की पुष्टि के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

## 5 लाख के चक्कर मे 50 लाख का कर्ज, बैंक से नोटिस आने पर हुआ ठगी का खुलासा

निज संवाददाता। गया

5 लाख रुपए के लोन के चक्कर में एक युवक गणेश कुमार खंडेलवाल ने अपना सब कुछ गवा दिया। एक ठग ने उससे सारे कागजात लेकर उसके साथ ठगी कर ली और 50 लाख रुपए ठग लिए। गणेश को 5 लाख रुपए का लोन तो नहीं मिला, लेकिन वह 50 लाख रुपए का कर्जदार जरूर हो गया। इस की जानकारी उसे तब हुई जब 50 लाख रुपए का लोन दिए जाने और खाते से निकाल लिए जाने की सूचना LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की ओर से डाक से मिली। पीड़ित ने रामपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी ठग रमेश यादव को गिरफ्तार भी कर लिया है। गणेश की ओर से दी गई तहरीर में कहां गया है कि उसे निजी काम के लिए 4 से 5 लाख रुपए के लोन की जरूरत थी। लोन लेने के लिए रमेश यादव से उसने संपर्क किया था। रमेश ने आसानी से लोन दिलाने की बात कही था। लोन के लिए उसने जमीन के कागजात, पासबुक, चेक बुक, फोटो और ATM सभी एक-एक कर ले लिए थे।

यही नहीं सभी कागजातों पर साइन भी करा लिए थे। सभी पेपर जमा करने के बाद भी करीब 1 महीने तक लोन सैंक्शन नहीं हुआ, तो रमेश यादव ने गणेश को आश्वासन दिया था कि कुछ ही दिनों में लोन की राशि खाते में चली जाएगी। गणेश खंडेलवाल का कहना है कि यह सब करते हुए करीब 2 महीने बीत गए। 2 महीने बाद एक दिन अचानक LIC हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की ओर से घर के पत्ते पर चिट्ठी आई।

## मोबाइल चोरी के मामले में गिरफ्तार युवक की मौत, गया में इलाज के दौरान गई जान, पिता बोले- झूठा आरोप लगाकर बेटे को पीटा

निज संवाददाता। गया

गया में कोतवाली थाना क्षेत्र से मोबाइल चोरी के मामले में गिरफ्तार युवक शहजाद की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस रविवार दोपहर उसे कोर्ट में पेश करने वाली थी। इससे पहले ही यह हादसा हो गया। मौत से गुस्साए परिजनों ने जेपीएन अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मृतक पंचायती अखाड़ा का रहने वाला था।

**इलाज के दौरान गई जानः** पुलिस ने किसी तरह से उसे शांत किया और डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं मृतक के पिता का कहना है कि 5 जुलाई की रात शहजाद अपने दादी के घर



जा रहा था। रास्ते में कुछ लोगों ने मोबाइल चोरी के आरोप में उसे पकड़ कर बेरहमी से धुनाई कर दी थी। चोरी के आरोप में 6 जुलाई को पुलिस उसे पकड़ कर थाने ले गई थी। शाम को शहजाद के पेट मे दर्द हुआ तो उसे कोतवाली पुलिस जेपीएन अस्पताल ले गई। इलाज के बाद उसे वापस थाने ले गई। लेकिन रविवार सुबह 10 बजे उसे फिर से पेट में दर्द हुआ और उसे दुबारा अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान शहजाद की मौत हो गई।

**क्या बोली पुलिसः** इधर एसपी सिटी प्रेरणा कुमार और कोतवाली इंस्पेक्टर एके मिश्रा ने बताया कि चोरी की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच चल रही थी। इस बीच उसकी दो बार तबियत खराब हुई और उसकी मौत हो गई। मौत किस वजह से हुई इस बात की सटीक जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से और इलाज करने वाले डॉक्टर की रिपोर्ट से होगी। वहीं मृतक के पिता ने शहजाद के साथ मारपीट करने वाले पंचायती अखाड़ा के लोगों के खिलाफ खिलाफ आवेदन दिया है। आरोप लगाया है कि छह से अधिक लोगों में मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगा कर बेरहमी से पिटाई की गई जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई।

# आकांक्षी जिला के तहत जिला स्तरीय सम्पूर्णता अभियान का हुआ आयोजन



निज संवाददाता

**नवादा।** आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी, नवादा ने आज निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी), नवादा में आकांक्षी जिला कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला पदाधिकारी द्वारा सांसद विवेक ठाकुर को पौधा देकर स्वागत किया गया। नीति आयोग द्वारा नवादा जिले के काशीचक एवं पकरीबरावां प्रखंड का चयन आकांक्षी ब्लॉक के रूप में किया गया है। आकांक्षी ब्लॉक में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक क्षेत्र में सुधार के लिए निर्धारित किये गए छः इंडिकेटर में प्रगति लाने के लिए विशेष गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अगले तीन महीने में शत्-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लेना है। नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड अन्तर्गत 04 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 तक सम्पूर्ण अभियान चलेगा। इसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित प्लान और रणनीति के अनुरूप 30 सितम्बर 2024 तक हर हा में शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का सख्त निर्देश दिए। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला मिट्टी जॉच प्रयोगशाला को कुल 13 हजार 100 लक्ष्य दिया गया जिसमें 2250 मृदा नमूना का जॉच कर लिया गया है एवं 2250 मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी कर दिया गया है। आज माननीय सांसद महोदय एवं जिलाधिकारी ने पॉच मृदा कार्ड का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने जिला स्तर पर मासिक बैठक कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिये। सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत 06 सूचकांक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीकरण बढ़ाना, उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जॉच को बढ़ाकर शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना, गर्भवतियों की स्वास्थ्य एवं पोषाहार में सुधार लाते हुए शत्-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना, किसानों की मिट्टी जॉच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, जीविका द्वारा समूह ऋण बढ़ाते हुए ससमय ऋण देना और उसकी वसूली करना आदि के बारे में बृहत रूप से बताया गया। आज स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 35 नव दम्पत्ति को नई पहल कीट का वितरण किया गया। सम्पूर्णता अभियान आकांक्षी जिला के अन्तर्गत आज आईटीआई मैदान में 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम लाने वाले गॉधी इंटर स्कूल, द्वितीय कन्हाई इंटर विद्यालय एवं तृतीय स्थान पर ज्ञान भारती स्कूल के छात्र आये। इन सभी स्कूलों के छात्रों को मेडल देकर जिला पदाधिकारी ने सम्मानित किया। पीरामल फाउन्डेशन ने भी आज इस कार्यक्रम में हिस्सा लिए। इस अवसर पर विधायिका नवादा विभा देवी, विधायिका हिसुआ नीतु कुमारी, जिला पार्षद अध्यक्षा पुष्पा देवी, सिविल सर्जन नवादा, जिला योजना पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी काशीचक एवं पकरीबरावां के साथ-साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वन महोत्सव के दौरान सवैयाटांड़, धमनी एवं रजौली पश्चिमी में 600 पौधारोपण



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सवैयाटांड़, धमनी एवं रजौली पश्चिमी पंचायत में सोमवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार के नेतृत्व में लगभग 600 पौधरोपण किया गया। इस दौरान सवैयाटांड़ पंचायत के मुखिया नारायण सिंह, धमनी पंचायत के मुखिया बिनोद कुमार, रजौली पश्चिमी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार एवं मनरेगा पीआरएस अंजनी कुमार के अलावे अन्य लोग उपस्थित रहे। बीडीओ अनिल मिस्त्री ने कहा कि बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री प्रेम कुमार के द्वारा 75वां वन महोत्सव का शुभारंभ किया गया है। इसको लेकर पंचायतों में मनरेगा के सहयोग से पौधरोपण किया जा रहा है। साथ ही कहा कि प्रकृति से जुड़कर मानव सुख शांति समृद्धि को प्राप्त कर सकता है। प्रकृति से छेड़छाड़ हमें विनाश की ओर हमें ले जाता है। आधुनिकता और भोगवादी विकास के कारण आज समूची दुनिया जलवायु परिवर्तन के परिणाम को भुगत रही है। पेड़ से छाया, जानवरों का चारा, मनुष्य का भोजन, फल फूल, औषधि गोंद, छाल लाखो टन झड़े पत्तों के सड़ने से जैविक खाद बनता है। बीडीओ ने कहा कि मंगलवार को प्रखण्ड क्षेत्र में 3000 पौधरोपण किया जाना सुनिश्चित किया गया है। वहीं बीडीओ ने आमलोगों से भी पौधरोपण करने की अपील की है।

## 15 पंचायतो में पौधारोपण अभियान हुआ शुरू



- वहीं अन्य पंचायतों में सभी संबंधित पंचायतों के रोजगार सेवक एवं मुखिया की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुरुआत किया गया।

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत सोमवार को कौआकोल प्रखण्ड के सभी 15 पंचायतो में पौधा रोपण अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मनरेगा के प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रमोद मिस्त्री ने मंझिला पंचायत में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं अन्य पंचायतों में सभी संबंधित पंचायतों के रोजगार सेवक एवं मुखिया की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। मनरेगा के पीओ प्रमोद मिस्त्री ने कहा कि पर्यावरण संतुलन को लेकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम से धरती पर हरियाली तो फैलेगी ही, साथ ही साथ पर्यावरण भी शुद्ध होगा। उन्होंने कहा की अगर जन जीवन को बचाना है, तब सभी लोग इस पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर पुण्य का भागीदार बने। साथ ही कहा गया कि मनरेगा के तहत बीस हजार से अधिक पौधों को रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जनप्रतिनिधियों ने पौधे की सुरक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि सरकार हर वर्ष पौधा रोपण कार्य करवाती है। परंतु अवांछित तत्व के लोगो उसे पनपने ही नहीं देते, इसलिये हर ग्रामीण पौधे को सुरक्षा प्रदान करने का आज शपथ लें ताकि आने वाले दिनों में गर्मी के प्रभाव को प्राकृतिक रूप से कम किया जा सके। मौके पर सरोज कुमार, संतोष कुमार, अजित कुमार, अरुण कुमार,उदय कुमार, वीरेंद्र कुमार समेत सभी पीआरएस, पीटीए, दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## एफआरएएस के माध्यम से उपस्थिति बनाने का किया विरोध




निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में संविदा पर कार्यरत कर्मियों ने सोमवार को एफआरएएस से उपस्थिति बनाने से इंकार कर दिया है। इसके लिए सीएचसी में कार्यरत सभी कर्मियों ने सिविल सर्जन नवादा को आवेदन देकर अवगत कराया है। संविदा कर्मियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग एक ही विभाग में कार्यरत कर्मियों के साथ दोरंगी नीति अपना रही है। जिसके कारण हमलोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा हमलेगों को जो मानदेय दिया जा रहा है, वह नियमित कर्मियों से पांच सौ प्रतिशत कम है और किसी प्रकार का भत्ता भी नहीं दिया जा रहा है। इसके बाबजूद भी एफआरएएस का एक नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। कर्मियों ने बताया कि यदि विभाग के द्वारा एफआरएएस के माध्यम से उपस्थिति बनाने का आदेश वापस नहीं लिया जाता है, तो हम सभी संविदा कर्मी सामूहिक रूप से हड़ताल पर चले जायेंगे। मौके पर जीएनएम विश्वजीत कुमार, एएनएम खुशबू कुमारी, सोनिका कुमारी, ममता कुमारी, किरण कुमारी, पिंकी कुमारी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## विश्वविद्यालयों के पीएल अकाउंट पर शिक्षा विभाग की नजर

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के विश्वविद्यालयों के पीएल एकाउंट में दो हजार करोड़ रुपये जमा हैं, जिसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। इस राशि को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा कई बार विश्वविद्यालयों को आगाह किया है। वर्ष 2018-19 से विभिन्न मदों में दी जाने वाली राशि विश्वविद्यालयों द्वारा शत प्रतिशत खर्च नहीं किए जाने के चलते उसके पीएल अकाउंट में जमा धन दो हजार करोड़ रुपये हो गया है। अब विभाग द्वारा उक्त राशि को वापस लेने की तैयारी हो रही है। फिलहाल, पीएल अकाउंट में जमा राशि का अद्यतन ब्योरा विश्वविद्यालयों से शिक्षा विभाग ले रहा है। उच्च शिक्षा निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को राज्य सरकार द्वारा मदवार दी जाने वाली राशि शत प्रतिशत खर्च नहीं किया जा रहा है। इसके चलते शिक्षा विभाग द्वारा अब नयी व्यवस्था की गयी है। इसी व्यवस्था के तहत पिछले दिनों विश्वविद्यालयों को तकरीबन 116 करोड़ रुपये मुहैया कराया गया है। शर्त यह है कि एक माह के अंदर राशि भुगतान नहीं करने पर पुनः मुख्यालय से स्वीकृति ली जाएगी। तीन माह के अंदर खर्च नहीं होने पर राज्य सरकार को सरेंडर करनी होगी।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** वन महोत्सव के अवसर पर मनरेगा योजना के तहत नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सोमवार को पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया। बीडीओ रंजीत कुमार, पीओ नीतीश कुमार, मुखिया अजय पंडित, प्रमुख प्रतिनिधि बिनोद कुमार समेत अन्य लोगों ने हंडिया पंचायत में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लिया। इस दौरान बीडीओ ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है।

## गलत पार्किंग के कारण बीमा का दावा अमान्य नहीं हो जाता

**पटना (नि.सं.)।** चोरी हो गए ट्रैक्टर का बीमा तो कराया गया था, लेकिन उसकी पार्किंग निर्धारित परिक्षेत्र में नहीं हुई थी। इस आधार पर चोला मंडलम बीमा कंपनी ने दावे को निरस्त कर दिया। ट्रैक्टर मालिक ने जिला उपभोक्ता आयोग में गुहार लगाई। महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर पटना जिला में बिहटा के महेश्वर कुमार का था। 04 अक्टूबर, 2020 को रात में बिहटा में लई चौक से सौ गज की दूरी पर इटवा-डोघरा रोड के किनारे ट्रैक्टर पार्क कर वे अपने घर चले गए। अगले दिन सुबह में ट्रैक्टर गायब मिला। काफी खोजबीन के बाद उन्होंने बिहटा थाना में चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई। उसके बाद वे जनरल बीमा करने वाली चोला मंडलम कंपनी से भुगतान का दावा किए। 25 अक्टूबर, 2019 से 24 अक्टूबर, 2020 के लिए ट्रैक्टर का बीमा मूल्य 3.25 लाख रुपये था।

## पूर्व रेलवे को यात्री राजस्व के रूप में 953 करोड़ का आय

**कोलकाता (वि.सं.)।** चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पूर्व रेलवे ने यात्री आय के रूप में 953 करोड़ रूपये का अर्जन किया है। अपनी यात्री-केंद्रित सेवाओं के लिए प्रसिद्ध पूर्व रेलवे आरामदायक और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है। यात्री सुख- सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, पूर्व रेलवे ने यात्री संरक्षण और राजस्व में पर्याप्त वृद्धि हासिल की है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, पूर्व रेलवे ने कुल यात्री आय (पीआरएस और गैर-पीआरएस दोनों) में 9.97% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। इस अवधि में यात्री राजस्व 953.24 करोड़ रहा, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि के दौरान यात्री राजस्व 866.79 करोड़ था। पूर्व रेलवे यात्रियों के कल्याण और आराम को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व रेलवे यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए सेवा वितरण और बुनियादी ढांचे में सुधार के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत है। पूर्व रेलवे हमारे सभी यात्रियों को उनके निरंतर समर्थन और संरक्षण के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है। पूर्व रेलवे सेवा और आराम के उच्चतम मानकों को बनाए रखने, हर यात्रा को सुखद और यादगार अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भारतीय हैंडबॉल टीम में नवादा का बेटा शामिल



निज संवाददाता

**नवादा।** जिले का बेटा एक बार फिर से खेल के क्षेत्र में तहलका मचाने के लिए भारतीय टीम में शामिल होकर विदेश खेलने जा रहा है, जी हां नवादा का मोहम्मद तौसीफ रसूल पिता स्वर्गीय मोहम्मद शमीम अहमद माता सुल्तान खातून का पुत्र जो बड़ी दरगाह नवादा शेख टोली का रहने वाला है वह पहली बार भारतीय हैंडबॉल टीम में शामिल होकर अम्मान जॉर्डन खेलने जाएगा। 14 से 26 जुलाई तक अम्मान जॉर्डन में आयोजित 18 वी जूनियर एशियन पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप में नवादा जिले के खिलाड़ी तौसीफ रसूल का चयन भारतीय टीम में किया गया है। बिहार का एकमात्र खिलाड़ी भारतीय टीम में शामिल हुआ है, इसकी कहानी कुछ अजीब ही है पिता को खो देने के बाद जब से होश संभाला इन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी चुना, राष्ट्रीय कोच व रेफरी संतोष कुमार वर्मा बताते हैं कि नवादा के हरिशचंद्र स्टेडियम में लगातार 3 वर्षों तक प्रेक्टिस किया इसके बाद बिहार सरकार द्वारा पटना में चलाए जा रहे एकलव्य ट्रेनिंग सेंटर में इसका चयन किया गया, और लगातार खेल जारी रखा इसके बाद पिछले वर्ष 2023 में इसका चयन भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे खेल की सबसे बड़ी सरकारी संस्था भारतीय खेल प्राधिकरण सेंटर में किया गया जहां उन्हें रहने खाने पढ़ने एवं कोच की सुविधा बिल्कुल मुफ्त मिल रही है, इसी दौरान इनका चयन इंडियन टीम में किया गया तौसीफ रसूल बताते हैं कि पिता के नहीं रहने के बाद भी मेरे इस मुकाम पर पहुंचने का योगदान मेरे जीजा साबिर हुसैन एवं बड़े भाई फैज रसूल उर्फ विक्की को देते हैं वह कहते हैं की जिंदगी में कई दुख देखे हैं सबको झेलते हुए आज सफलता की सबसे उच्च ऊंचाइयों पर पहुंचने का मौका मिला है। मैं इस तरह से अपने जिले का नाम राज्य का नाम और देश का नाम ऊंचा करूंगा तौसीफ रसूल को यहां तक पहुंचने में नवादा जिले के कई सीनियर खिलाड़ी जिसमें एन आई एस कोच संजीव कुमार साउथ एशियन गेम्स के मेडलिस्ट अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लक्की शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा राष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच श्याम सुंदर कुमार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कनक कुमार खुशबू कुमारी आदि शामिल है। तौसीफ रसूल इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता को खेल कर आते हैं तो बिहार सरकार द्वारा इन्हें नौकरी भी दिया जाएगा। साथ ही साथ स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप भी इन्हें दिया जाएग इनके चयन होने पर भारत के खेल मंत्री के साथ टी पार्टी का मौका मिला साथ ही साथ बिहार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन संकरण, निर्देशक पंकज राज,बिहार हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंदन कुमार, संगठन के महासचिव राणा प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष रिमझिम कुमारी, सहसचिव विक्की कुमार वही नवादा से हैंडबॉल के पदाधिकारी डॉ अनुज कुमार डॉ. आर.पी साहू, अलखदेव प्रसाद यादव, शिवकुमार प्रसाद, रामविलास प्रसाद, श्रवण कुमार बरनवाल, राष्ट्रीय खिलाड़ी अमन कुमार, सुमन कुमार, नीतीश कुमार, गौरव कुमार, आदि लोगों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देतें हुए बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन करने की कामना की है।

## उत्पाद विभाग से बच पाना दुर्लभ, 12 बोतल शराब लेकर पैदल जा रहे दो युवक गिरफ्तार



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत अंतर्गत बिहार-झारखण्ड सीमावर्ती जांच चौकी पर रविवार की देर शाम उत्पाद एसआई सन्नी कुमार ने शराब के साथ पैदल जा रहे दो युवकों को खदेड़ कर गिरफ्तार किया गया। वहीं उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार ने हैंड स्कैनर की मदद से खीरा लदे पिकअप वाहन से भारी मात्रा में शराब बरामद किया। जांच चौकी पर तैनात उत्पाद बलों ने शराब धंधेबाजों पर नकेल कसने में कोई कसर नहीं छोड़ा जा रहा है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से प्रतिदिन झारखण्ड की ओर से आनेवाली छोटी व बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि रविवार की देर शाम वाहन जांच के क्रम में दो युवक थैले में शराब रखकर कोडरमा की ओर जानेवाली लाइन में पैदल ही जांच चौकी को पार करने का प्रयास किया जा रहा था। जांच चौकी पर ड्यूटी में रहे एसआई सन्नी कुमार द्वारा उत्पाद बलों के सहयोग से दोनों युवकों को खदेड़ कर पकड़ा गया। गिरफ्तार युवकों के पास से रॉयल स्टेज नामक विदेशी शराब के 750 एमएल के कुल 19 बोतल शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार शराब धंधेबाजों की पहचान खानवां गांव निवासी सत्यानन्द पाण्डेय के पुत्र कन्हैया पाण्डेय एवं भोला सिंह के पुत्र सुमन कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार शराब धंधेबाजों द्वारा बताया गया कि वे कोडरमा से शराब लेकर जांच चौकी से पहले बस से उतर गए थे एवं पैदल ही चेकपोस्ट पार करके रजौली होते हुए खनवां चले जाते। वहीं जांच चौकी पर पहली बार हैंड स्कैनर की मदद से एसआई पिन्टू कुमार ने शराब से भरी एक पिकअप वाहन को जप्त किया। पिकअप वाहन संख्या बीआर04जीए पर प्लास्टिक के कैरेट में खीरा लदा हुआ था। जब स्कैनर मशीन से जांच किया गया, तो उसमें शराब होने की बात सामने आई। जिसके बाद चालक को हिरासत में लेकर उत्पाद बलों की मदद से खीरे भरे कैरेट को हटाया गया। कैरेट के बीच में शराब की कुल 40 पेटी बरामद किया गया। जप्त शराब में इम्पेरियल ब्लू नामक विदेशी शराब कम्पनी के 375 एमएल के 960 बोतल है। वहीं गिरफ्तार पिकअप चालक सह शराब धंधेबाज की पहचान छपरा जिले के इसुवापुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी श्रीनिवास प्रसाद के पुत्र टिंकू प्रसाद के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जप्त शराब एवं बोलेरो पिकअप वाहन के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि सभी गिरफ्तार लोगों को सोमवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच चौकी पर रविवार की शाम से लेकर सोमवार की सुबह तक कुल 11 शराब पीने वाले लोगों को भी हिरासत में लिया गया।सभी लोगों के शराब पीये होने की पुष्टि ब्रेथ एनालाइजर मशीन से हुई। सभी शराबियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां सभी ने जुर्माना राशि जमा किया। इस मौके पर उत्पाद एएसआई पंचम लाल धीरज, एएसआई बिशु हेम्ब्रम, उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

## सावन मास में बन रहे अद्भुत संयोग

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** इस साल श्रावण का महीना 22 जुलाई 2024 को शुरू होकर 19 अगस्त 2024 को समाप्त होगा। इस बार श्रावण के महीने में अद्भुत संयोग बन रहा है। श्रावण मास का आरंभ भी सोमवार से हो रहा है और सावन के अंतिम दिन भी सोमवार पड़ रहा है। इस बार श्रावण के महीने में 5 सोमवार पड़ रहे हैं। सावन माह में पांच सोमवार पड़ना बहुत शुभ माना जाता है। श्रावण मास का हर दिन अत्यंत फलदायी होता है, इसमें पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक सभी मनोरथों को पूर्ण करता है लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार का विशेष महत्व होता है। ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति श्रावण सोमवार का व्रत रखता है, अभिषेक करता है उसका पारिवारिक जीवन सदैव सुखी रहता है। साथ ही इस व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि का कभी अभाव नहीं रहता।ऐसा माना जाता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से वह जल्दी प्रसन्न होते हैं। इसके अलावा ज्योतिषाचार्य पं मंगल पाण्डेय बताते हैं कि श्रावण सोमवार का व्रत करने से कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होती है और कुंडली में समस्त अरिष्ट नष्ट हो जाते हैं एवं धन, ध्यान, आयुष्य की वृद्धि होती है। साथ ही कहा कि सावन महीने की शिवरात्रि बहुत खास होती है। हर माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन शिवरात्रि का व्रत रखा जाता है।

## जन्म के तीन घण्टे बाद नवजात बच्चे की हुई संदेहास्पद मौत, परिजनों में शोक



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों के लापरवाही के कारण हमेशा विवादों में रहता आ रहा है। ताजा मामला रविवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे का है। अस्पताल परिसर में परिजनों द्वारा रोने-बिलखने के साथ-साथ नवजात शिशु के जन्म होने के बाद मौत का जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मियों को बताया जा रहा था। परिजन रो-रो कर गुहार लगा रहे थे कि उनका बच्चा बिल्कुल स्वस्थ था और उसने अपनी मां का दूध भी पिया था, वो कैसे नहीं हील-डुल रहा है। रविवार की संध्या अस्पताल में प्रसव कराने भड़रा गांव निवासी संजय यादव की पत्नी ललित कुमारी आई। ललिता कुमारी का यह तीसरा प्रसव था। गर्भवती महिला के साथ उसके पति, देवर, गोतनी आदि भी अस्पताल में थी। रविवार की शाम लगभग 5:30 बजे में ललिता कुमारी ने नॉर्मल डिलीवरी से तीसरे संतान के रूप में बेटे को जन्म दी। बच्चे के जन्म के बाद परिजनों में खुशियों का माहौल था और लोग एक-दूसरे को बधाइयां भी दिया। नवजात शिशु को ड्यूटी में रही नर्स एवं चिकित्सक डॉ. पारितोष कुमार ने जांच के बाद स्वस्थ बताया। वहीं नर्स द्वारा नवजात शिशु को बच्चे की मां को देकर दूध पिलाने को कही।नवजात शिशु भी अपनी मां का दूध पीकर सो गया। जन्म से लगभग तीन घण्टे बाद जब मां प्यार से बच्चे को हिला-डुलाकर देखी तो उसका बच्चा कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था। इसके बाद उसकी मां रोने लगी और परिजन नर्स और चिकित्सक को बुलाने दौड़े। डिलीवरी रूम के ड्यूटी में रही दो नर्स ललिता कुमारी के पास आकर उसके बच्चे को हिलाने-डुलाने का प्रयास की, तो उन्हें कुछ समझ में नहीं आया और कहने पूछने लगी कि तुमलोग कैसे बच्चे को रखी थी। इसी बीच अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. पारितोष कुमार आये और जांच करने के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन रोने व चिल्लाने लगे कि उनका बच्चा कैसे मर गया। इस पर ड्यूटी में रही नर्स लोगों ने कहा कि हो सकता है कि बच्चे पंखे की तेज हवा में अथवा मुंह ढ़के रहने से सांस लेने में हुई दिक्कत के कारण मर गया हो। पीड़ित परिजनों द्वारा लगातार स्वास्थ्यकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया जा रहा था। अंततः उन्होंने अपनी बुरी किस्मत का हवाला देकर मृत बच्चे के साथ रोते-बिलखते घर चले गए। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. पारितोष कुमार ने कहा कि बच्चे का जन्म लगभग 5:30 बजे हुआ था। बच्चा एकदम स्वस्थ था। इस दौरान बच्चे ने मां का दूध भी पिया। उसके बाद लगभग 8:30 बजे नर्स के बुलाने पर वे बच्चे की जांच किये, तो बच्चा मृत पाया गया। इस बाबत पर सिविल सर्जन नवादा डॉ. नीता अग्रवाल ने बताई कि बच्चे के मृत होने के कारणों पर रिपोर्ट बनाने को निर्देशित किया जाएगा। ताकि बच्चे के वास्तविक कारणों का पता चल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मामले की जांच में यदि स्वास्थ्यकर्मियों की गलती सामने आई तो निश्चित रूप से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चांदी का थानाध्यक्ष लाइन हाजिर, नये ने किया योगदान

**कोईलवर**। चांदी थाना के थानाध्यक्ष अनिल कुमार को भोजपुर एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। चांदी थाना में रविवार को नये थानाध्यक्ष के रूप में राकेश कुमार रौशन ने पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व राकेश कुमार रौशन आरा सदर में इंस्पेक्टर थे। नये थानाध्यक्ष के सामने चांदी थाने के इलाके में अवैध बालू खनन, ट्रैफिक जाम और कानून व्यवस्था की समस्याओं सहित कई समस्याओं को सुलझाने की चुनौती होगी। स्थानीय लोगों को उनसे काफी उम्मीदें हैं कि वे लंबे समय से चली आ रही इन समस्याओं से निजात दिलाएंगे। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति स्थापित करना, अवैध बालू उत्तखन्न पर रोक व सड़क जाम सहित अपराध पर पूरी तरह लगाम लगाना व पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छा संबंध स्थापित करना होगा। उन्होंने इसके लिए क्षेत्र के लोगों को भी पुलिस को मदद करने की अपील की।

### 270 लीटर शराब के साथ 17 तस्कर गिरफ्तार

**आरा**। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस ने जिले के सभी थाना/ओपी अन्तर्गत अवैध शराब का निर्माण, बिकी, भंडारण एवं तस्करी की रोकथाम हेतु विशेष समकालीन अभियान चलाकर 270 लीटर देशी शराब के साथ कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही शराब की तस्करी में शामिल एक स्कूटी को भी जब्त कर लिया। पुलिस ने गीधा थानान्तर्गत की गई छापेमारी में कायमनगर एनएच से 150 लीटर देशी महुआ शराब एवं 1 स्कूटी बरामद किया गया हैं।एवं इसमें संलिप्त 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया हैं।उदवंतनगर थाना की पुलिस ने छापामारी कर असनी से 120 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया हैं।

### अभिषेक हत्याकांड के दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार, छापेमारी जारी

**आरा**। आरा नवादा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर अभिषेक हत्या कांड के दो मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी करण कुमार पिता नंदजी महतो और सूरज कुमार पिता बिन्देश्वरी प्रसाद है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि संदेश थाना क्षेत्र के बारा गांव के रहने वाले मृतक अभिषेक का बड़ा भाई आलोक कुमार पिता शैलेश कुमार राय ने बताया की अभिषेक कुमार 19 जून को समय 12 बजे में अपने घर बारा से आरा के लिए निकला था।शाम तक घर नहीं लौटने के कारण परिवार के लोग फोन करने लगे तो अभिषेक का मोबाइल बंद बताने लगा। काफी खोजबीन की गई परन्तु कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद आलोक कुमार ने नवादा थाना में अपने भाई की गुमशुदगी का केस दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस अभिषेक की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में 20 जून को शाहपुर थाना क्षेत्र के बनाही रोड में ब्रिज के पास अभिषेक शव मिला। उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु राकेश कुमार रौशन पुलिस निरीक्षक सदर अंचल और नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत कुमार के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा उक्त कांड में संलिप्त 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।जिसके द्वारा अपने दिये गये स्वीकारोक्ति बयान में उक्त घटना को कारित करने की बात स्वीकार की गई और बताया कि इस कांड को कारित करने में हम दोनो के अतिरिक्त अन्य 5 अभियुक्त शामिल थे। उक्त कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीम के द्वारा निरंतर रेड /छापामारी किया जा रहा है।

### भारतीय धोबी महासंघ चलाएगा सदस्यता अभियान

**बक्सर**। अखिल भारतीय धोबी महासंघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष भृगुनाथ रजक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को और मजबूत करने, सदस्यता अभियान चलाने, जाति का गणना कराने और अगले वर्ष पटना में रैली आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बीते 4 जुलाई को भोजपुर जिला के बकरी गांव में बिरटन रजक को गांव के ही सामंतों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### जन सूराज ने उम्मीदें जगाई हैं : पूर्व प्राचार्य




**आरा**। जन सूराज विचार मंच जिला इकाई की बैठक चंदवा के सुभद्रा पैलेस सभागार में रविवार को हुई। बैठक में शामिल शिक्षाविद, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यवसायी व छात्रों ने कहा कि आजादी का 7 दशक गुजर चुका है और सत्ता में देश के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों को पदासीन होने का अवसर भी मिलता रहा है, लेकिन हमारा बिहार और राज्य के गांव शहर गरीबी व पिछड़ेपन से उबर नहीं सके। बुनियादी सुविधाएं नाम मात्र है। पूर्व प्राचार्य किस्मत राय ने कहा कि बिहार की मौजूदा राजनीतिक माहौल में जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने एक नई उम्मीदें बिहार वासियों के अंदर पैदा किया है। वरीय अधिवक्ता सह समाजवादी चिंतक देवेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रशांत का विजन साफ है। मजदूरों का पलायन शिक्षा, रोजगार, जाति धर्म का भेदभाव आदि सवालों पर उनकी सोच आम लोगों को प्रभावित कर रही है। पदयात्री पंचम तिवारी ने कहा कि बिहार की बुनियादी शिक्षा पर प्रशांत जी की सोच उच्च स्तरीय है। व्यावसायिक संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंद्रभानु गुप्ता ने कहा कि बिहार को ठगने का वक्त अब जा चुका है। राज्य को समृद्ध विकास उन्मुख बनाने के लिए जन सूराज एक सशक्त विकल्प है। अध्यक्षता मंच के जिला मीडिया समन्वयक सुधीर कुमार मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन पदयात्री कमलेश तिवारी ने किया। मौके पर सोनम पासवान, बीना पांडेय, मीना तिवारी, सुभाष कुमार, जितेंद्र सिंह, उमेश शाह, हेमंत वर्मा व डॉ तरुण पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बाबू जी देश के सर्वमान्य नेता थेः मीरा कुमार

**आरा**। पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व जगजीवन राम की 28 वीं पुण्य तिथि पर बाबू जी की समाधि स्थल, कांग्रेस कार्यालय व जगजीवन कॉलेज में पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा हुआ। उक्त कार्यक्रम में बाबू जी की बेटी सह पूर्व लोक सभा स्पीकर मीरा कुमार शामिल हुई। मीरा कुमार ने चंदवा स्थित बाबू जगजीवन राम की समाधि पर पुष्प अर्पित किया एवं समाधि स्थल पर ही सर्व धर्म प्रार्थना सभा में शामिल हुई। इसके पूर्व चंदवा मोड़ एवं जगजीवन कॉलेज में भी बाबू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण मीरा कुमार ने किया। जगजीवन कॉलेज में कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ आभा सिंह, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलानुशासक कुमार कौशलेन्द्र समेत कई लोग उपस्थित थे। कांग्रेस कार्यालय में मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा स्पीकर मीरा कुमार ने पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मीरा कुमार ने कहा कि मुझे आरा में आने नई ऊर्जा प्राप्त होती है। बाबू जी देश के सर्वमान्य नेता और हरित क्रांति के जनक थे। युवा नेता सह एआईसीसी प्रवक्ता अंशुल अभिजीत ने कहा कि बाबू जी हमेशा से कहा करते थे कि ईश्वर ने इंसान को आंखें, दूसरे को दर्द देखने और उसके निदान करने के लिए दिया है। बाबू जी दलितों के नेता के साथ-साथ देश के सर्वमान्य नेता थे। सासाराम के सांसद मनोज कुमार ने भारत सरकार से बाबू जी के लिए देश का सर्वोच्च पुरस्कार, भारत रत्न की मांग करने को कहा। भोजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम ने बाबू जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सदैव उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर प्रो. बलिराज ठाकुर, सत्य प्रकाश राय, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, प्रो. अरुण कुमार सिंह, श्रीधर तिवारी, रज़ि अहमद, संतोष पांडेय, उपेंद्र सिंह, प्रेम प्रकाश पांडेय, प्रो. निर्मल सिंह, राकेश त्रिपाठी, मुकेश कुमार चंद्र वंशी, शशि कांत तिवारी, तीर्थ नाथ दुबे, बिहारी सिंह, योगेंद्र सिंह, हीरा लाल दुबे, रामबचन तिवारी, मनोज अंजनी, चितरंजन सिंह मुन्ना, अरबिंद सिंह, अब्दुल कलाम कुरैशी, मदन मोहन तिवारी, प्रभा सिंह यादव, तारकेश्वर यादव, रोहित तिवारी, नागेंद्र मिश्रा, घनश्याम चौधरी, अविनाश मिश्रा, उदय राम, डॉ शिव नाथ पासवान, प्रमोद राय, बिजेंद्र यादव, रामकुमार चौधरी, बीरेंद्र मिश्रा, प्रभा सिंह यादव, अब्दुल सलाम कुरैशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिविल कार्य एवं मैकेनिक कार्य समय से पूरा नहीं

निज संवाददाता | बक्सर



♦ बक्सर में कैनाल पम्प ने इस बार भी किसानों की उम्मीदों पर फेरा पानी, लापरवाह अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

बक्सर स्थित निकृष कैनाल पंप का कार्य पूरा नहीं होने पर किसानों को उम्मीद पर एक बार फिर पानी फिर गया है। डीएम ने पंप का निरीक्षण कर लापरवाह कर्मियों पर सष्टि करण की मांग करते हुए वेतन पर रोक लगा दिया है। बता दे की जिले के अंतिम छोर पर बसा रामपुर, डिहरी समेत दर्जनों गांव में सिंचाई के पानी की जटिल समस्या को दूर करने के लिए निकृष गाँव के कैनाल पंप का निर्माण कार्य शुरू किया गया।जिसको पूरा होने का लक्ष्य 2022 में रखा गया था। जिसके फेल होने के बाद दोबारा 2024 के अप्रैल महीने में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया था।लेकिन नहर विभाग के पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण 2024 का यह सातवां महीना चल रहा है और अभी सिविल एवं मैकेनिक का कार्य पूरा नहीं हुआ है। जिले के राजपुर और चौसा प्रखंड के कुछ भागों में सिंचाई के लिए किसान निजी पंप सेट पर निर्भर है जिसके कारण खेती का लागत अनाज से अधिक हो जाता था। जिसको लेकर ग्रामीणों के आंदोलन पर वर्ष 2012 में कर्मनाशा में निकृष पम्प हाउस निर्माण की मंजूरी मिली। वर्ष 2014 में नाबार्ड के तहत 62 करोड़ की लागत से निकृष में पम्प हाउस का निर्माण प्रारम्भ किया गया। 42 करोड़ रुपए सिविल कार्य पर बाकी 20 करोड़ रुपए यांत्रिक कार्य पर खर्च किए जाने थे।बताया जाता है इस पम्प हाउस के निर्माण से चौसा व राजपुर प्रखंड क्षेत्र के लगभग 2700 हेक्टेयर भूमि सिंचित की जाएगी। दो साल बाढ़ और उसके बाद कोरोना काल में कार्य गति नहीं पकड़ पाया उसके बाद 2022 में पंप कार्य पूरा होने के लिए समय निर्धारित किया गया।2022 में भी कार्य पूरा नहीं हो पाया।उसके बाद 2024 के अप्रैल में विस्तारित समय रखा गया था।लेकिन यह पदाधिकारियों की लापरवाही मानी जा रही है।किसानो को 2024 में खेतो तक पानी पहुंचाने की पूरी उम्मीद थी।लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण किसानों की उम्मीद पर पानी फेर दिया है। बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया की विस्तारित तिथि तक भी उक्त योजनाओं का कार्य पूर्ण नहीं किया जाना, अत्यंत खेदजनक है। जो कार्यपालक अभियंता, गंगा पम्प नहर कार्य प्रमंडल चौसा एवं कार्यपालक अभियंता, सिंचाई सह यांत्रिक प्रमंडल के द्वारा किए जा रहे कार्यो में लापरवाही, कार्य में उदासीनता को परिलक्षित करता है। स्पष्ट है कि उक्त दोनो पदाधिकारियों द्वारा अपने कार्यो में रूचि नहीं ली जा रही है। जिसके कारण इतनी महत्वाकांक्षी योजना का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नहीं हो सका। इस संबंध में उक्त दोनो पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।स्पष्टीकरण स्वीकृत होने तक उक्त दोनो पदाधिकारियों का वेतन अगले आदेश तक रोका गया है।

## भोजपुर में ट्रैक्टर से कुचलकर किशोर की मौत



निज संवाददाता | आरा

बिहिया-बिहटा SH पर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुरा गांव के पास रविवार की देर शाम ट्रैक्टर से कुचल कर किशोर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार, मृत किशोर इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव निवासी सत्येंद्र पासवान का 13 साल का बेटा अक्षय कुमार है। इधर, मृत किशोर के चाचा उमेश पासवान ने बताया कि रविवार की शाम अपनी मां कांति देवी के साथ तरारी गांव गया था। लौटने के क्रम में देर शाम गांव का ही एक ट्रैक्टर आ रहा था। इस पर वह बैठ गया। हालांकि, उसकी मां ने काफी मना किया पर वह नहीं माना। आने के क्रम में ट्रैक्टर काफी रफ्तार में थी। जैसे ही ट्रैक्टर धर्मपुरा गांव के पास पहुंची। तभी वह असंतुलित होकर ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा। इसी दौरान उसी ट्रैक्टर का चक्का उस पर चढ़ गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद सूचना पाकर परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया है। बताया जाता है कि मृतक अपने 6 भाई और 2 बहन में छठे स्थान पर था। उसके परिवार में मां कांति देवी, पांच भाई गुड्डू, शुद्दु, दीपक, शिवम सत्यम और 2 बहन घौसा कुमारी और मुनर कुमारी है। घटना के बाद मृत किशोर के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत किशोर की मां कांति देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आरा में पानी गिराने को लेकर विवाद, 5 लोग घायल

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के काकन डीहरा गांव में रविवार की देर शाम छत से पानी गिरने की विवाद को लेकर छोटे भाई ने अपने परिवार के साथ मिलकर बड़े भाई और उसके परिवार की लाठी डंडे से दंपती समेत 5 लोगों की पिटाई कर दी। इस दौरान 3 छोटे-छोटे बच्चों को बेहरमी से पीटा गया। इससे सभी जख्मी हो गए। इसके बाद अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों में पवना थाना क्षेत्र के काकन डीहरा गांव निवासी 36 साल के सनोज कुमार राउत, उनकी 30 साल की पत्नी मीनू देवी, 13 साल के बेटे पिंटू कुमार, 11 साल के बेटे पीयूष कुमार और 8 साल की बेटी सोमा कुमारी शामिल है। इधर, सनोज कुमार राउत ने बताया कि एक ही घर में 4 भाइयों का हिस्सा लग चुका है। उनके छोटे भाई द्वारा उनके ही आंगन में छत से पानी गिराया जा रहा था। उनके आंगन में पानी वाला मोटर भी लगा हुआ है। उसी पर पानी गिर रहा था। जब उन्होंने उसे पानी गिराने से मना किया तो उनके बीच कहासुनी हुई। इसके बाद उनके छोटे भाई ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर सभी लोगों की पिटाई कर दी। इससे सभी घायल हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वह, दूसरी ओर घायल सनोज कुमार राउत ने अपने छोटे भाई संतोष कुमार और उसके परिवार वालों पर छत से पानी गिरने का विरोध करने पर सभी लोगों को मारकर घायल करने का आरोप लगाया है।

## भोजपुर पुलिस ने 47 आरोपियों को पकड़ा, हत्या, पुलिस पर हमले और शराब मामले में हुई गिरफ्तारी

निज संवाददाता | आरा




♦ SP ने 4 थानाध्यक्षों को हटाया

भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के आदेश पर कांड में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 47 पकड़े गए। इसमें हत्या में दो, पुलिस पर हमले में एक, एससी-एसटी एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में सात, वारंट में 14 और शराब में 17 पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। अभियान के दौरान 11 अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 270 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। इस दौरान 1250 लीटर शराब को विनष्ट किया गया। करीब 22 वारंटों का निष्पादन किया गया। करीब 86 वाहनों की जांच की गई। 86 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। पीरो थाना पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट में एक को पकड़ा है। इसके अलावा अगिआंव बाजार थाना पुलिस ने पुलिस पर हमले में वांछित आरोपी को धर दबोचा है। चांदी थाना पुलिस ने अवैध बालू लदे 2 ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया। पीरो और बड़हरा थाना पुलिस ने क्षेत्र से अगवा दो अपहृता को बरामद किया। गीधा थाना पुलिस ने एक स्कूटी समेत डेढ़ सौ लीटर शराब बरामद किया। उदवंतनगर थाना पुलिस ने भी 120 लीटर देसी शराब बरामद किया। हालांकि, धंधेबाज भाग निकले।

**चार थाने के थानेदार हुए लाइन क्लोजः** भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने अवैध बालू पर अंकुश नहीं लगाने और कांड का खुलासा करने में शिथिलता बरते जाने समेत अन्य कारणों से 4 थानाध्यक्षों को तत्काल प्रभाव से लाइन क्लोज कर दिया है। विभागीय कार्रवाई से पहले 3 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा लाइन क्लोज किए गए अफसरों की जगह पर नए थानेदार की भी तैनाती कर दी गई है। इसमें 3 इंस्पेक्टर रैंक और एक दरोगा रैंक के अफसर को जगह मिली है। जिन अफसरों को लाइन क्लोज किया गया है, उसमें सिकरहटा थानाध्यक्ष रौशन कुमार, इमादपुर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार, अजीमाबाद थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार और चांदी थानाध्यक्ष अनिल कुमार का नाम शामिल है। एसपी ने सदर सर्किल इंस्पेक्टर राकेश कुमार रोशन को चांदी थाना, यातायात थानाध्यक्ष नसीम खां को अजीमाबाद थाना, पुलिस केन्द्र में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बैठे इंस्पेक्टर सुनीत कुमार सिंह को इमादपुर थाना और जगदीशपुर सर्किल इंस्पेक्टर राजीव रंजन को सिकरहटा थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है।

## अभिषेक के अपहरण कर हत्या मामले में 2 गिरफ्तार

**1 साल पहले ट्रैक्टर ले जाने को लेकर हुआ था विवाद, हत्यारों ने साजिश रच शव को लगाया था ठिकाना**

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर के नवादा थाना पुलिस ने अभिषेक नामक युवक के अपहरण और हत्या के मामले का खुलासा किया है। कांड में संलिप्त दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि पवना थाना के पवना गांव निवासी करण कुमार महतो और सूरज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में अपना जुर्म भी स्वीकार किया है। कांड में संलिप्त पांच अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। पूर्व रंजिश में वारदात को अंजाम देने की बात सामने आ रही है। मृतक 25 वर्षीय अभिषेक कुमार उर्फ मुरली संदेश थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी शैलेश कुमार राय के पुत्र थे। 19 जून की दोपहर अभिषेक बाइक सवार होकर घर से नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर अपने किराए के मकान पर आए थे। उसी दिन करीब ढाई बजे वे बाइक से वापस गांव लौट रहे थे कि अचानक गायब हो गए थे। इस दौरान मोबाइल स्विच आफ हो गया था। स्वजनों ने काफी खोजबीन की थी । लेकिन, कुछ पता नहीं चल पाया था। इसे लेकर मृतक के छोटे भाई आलोक कुमार ने संबंधित थाना में अपहरण की प्राथमिकी कराई थी। इस बीच 20 जून को शाहपुर थाना क्षेत्र के बनाही ओवरब्रिज के पश्चिम साइड स्थित सड़क किनारे से अज्ञात रूप में युवक के शव को बरामद किया गया था। उस समय पुलिस ने दुर्घटना की संभावना जताते हुए पोस्टमॉर्टम कराया था। 2 दिनों बाद मृतक की पहचान हुई थी। इसके बाद दूसरी बार शव का पोस्टमॉर्टम हुआ था। इधर, एसपी ने कांड का खुलासा के लिए सदर इंस्पेक्टर राकेश कुमार रोशन और नवादा थाना इंस्पेक्टर कमलजीत के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। मृतक की बाइक उस समय नवादा थाना क्षेत्र के न्यू ओवरब्रिज स्थित प्राइवेट बस स्टैंड के पास से बरामद की गई थी। टीम में प्रशिक्षु दारोगा संतोष कुमार और बबलू कुमार शामिल थे। इस दौरान तकनीकी साक्ष्य के आधार पर टीम ने दो सदस्यों करण कुमार और सूरज कुमार को धर दबोचा। सूत्रों के अनुसार अभी तक दोनों की भूमिका लाइनर के साथ-साथ साक्ष्य मिटाने में सहयोग करने के रूप में सामने आई है। मालूम हो कि युवक के शव की पहचान होने के बाद स्वजनों का आरोप था कि एक साल पहले खेत से ट्रैक्टर ले जाने के विवाद को लेकर कुछ लोगों से मारपीट हुई थी। उसी विवाद के कारण अपहरण और हत्या करने का आरोप लगाया था।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, चार लोग घायल

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर के राजपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष का तीन जबकि दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति घायल हो गया। मामला 24 डिसमिल जमीन से जुड़ा हुआ है। मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की ओर से एफआइआर दर्ज कर एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। मामले में एक पक्ष से जुड़े भाजपा कार्यकर्ता समाजसेवी राजा राय ने बताया कि उनकी जमीन पर कुछ लोगों ने जबरन कब्जा करने की कोशिश की। इसी को लेकर मारपीट हुई है। इसमें उनके तीन भाई घायल हो गए है। उन्होंने आगे बताया कि वह गांव में मुर्गी फॉर्म चलाते है। फॉर्म और खेत को मिलाकर उनकी 24 डिसमिल जमीन पर सगरा गांव के बद्दू राय, धर्मेंद्र राय, चमन राय, पैक्स अध्यक्ष आशीष राय और अविनाश यादव के साथ 40 से 50 लोग कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। वह लोग पहले भी कई बार हथियार लेकर मौके पर पहुंचे थे। एक बार फिर यह लोग राइफल व बंदूक आदि से लैस होकर पहुंचे और जमीन छोड़ने की धमकी देने लगे। ऐसे में उन्होंने इस बात की सूचना थाने की पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक सभी ने मारपीट कर उनके भाई प्रवीण राय, ज्योति राय और प्रशांत राय को घायल कर दिया।

## मोबाइल दुकान लूट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर के चौगाई में मोबाइल दुकानदार से हथियार के बल पर लूट मामले में मुरार थाना की पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। एसपी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार तीनों व्यक्तियों ने कांड में अपनी गलती मानी है। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि इससे पहले गोलंबर पर बाइक की चोरी, चक्की में बंधन बैंक समूह फाइनेंस वाले से 1,04,000 रुपय की लूट और छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। वहीं आगे उन्होंने बताया कि एक दिन पहले चौगाई में निशा मोबाइल दुकान में तीनों अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। वहीं घटना के बाद मुरार थाना में नामजद एफआईआर दर्ज किया गया। गठित टीम ने फिर छापेमारी कर सभी को गिरफ्तार किया। छापेमारी में मनीष कुमार उर्फ मगर कमकर सहिता उसके 2 साथी मझारिया निवासी चंदन कुमार यादव और बड़की सरीमपुर निवासी सुहेल खान को गिरफ्तार किया गया।

## नशे की हालत में युवती ने सड़क पर किया ड्रामा, बक्सर में राहगीरों ने बीच रोड से उठा किया किनारे

निज संवाददाता | बक्सर



बक्सर के अंबेडकर चौक पर नशे की हालत में एक युवती बीच सड़क पर बैठ गई और ड्रामा किया। इसे राहगीरों ने सड़क से उठाकर किनारे कर दिया। युवती नशे की हालत में थी। उसका चलना भी मुश्किल था। हालांकि, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अपने वाहन में बैठा बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। युवती से लोगों ने पूछा कि क्या उसने नशा किया है, तो उसने बताया कि हां मैंने दारू पिया है। ग्रामीणों ने पूछा कि शराब कहां मिलता है, तो उसने कहा कि बिहार में मिलता है।

**स्थानीय लोगों ने दी पुलिस को सूचनाः** युवती ने बताया कि वह आरा जिले के किसी गांव की रहने वाली है। बता दें कि पुरुष के अलावा महिलाएं भी नशे की हालत में सड़क पर घूमते देखी जा रही है।अंबेडकर चौक के समीप नशे की हालत में मिली एक युवती करीब 18 से 19 साल की पूरी तरह से धुत्त थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह अक्सर नशे की हालत में देखी जाती है, लेकिन आज तो इतने नशे में थी कि चल फिर पाने में असमर्थ थी। बाद में लोगों ने किसी तरह उसे सड़क से उठाकर किनारे पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि नशे के गिरफ्त में न सिर्फ अंबेडकर चौक के समीप का इलाका बल्कि पूरा नगर आ गया है। नशे में युवा पीढ़ी सर्वाधिक बर्बाद हो रही है। वह नशे के आदि होने के बाद चोरी-चकारी की घटनाओं में भी शामिल हो जा रहे हैं। बक्सर नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि फिलहाल महिला को अंबेडकर चौक से सुरक्षित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। जिसके बाद आगे की करवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अब एनसीसी को वैकल्पिक विषय को चुन सकेंगे छात्र

**भागलपुर।** कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अब एनसीसी को वैकल्पिक विषय के रूप में चुन सकते हैं। इसके लिए उन्हें एनसीसी कैडेट के रूप में नामांकित होना होगा। इस तरह वे एनसीसी की ट्रेनिंग के साथ-साथ पढ़ाई भी कर सकेंगे और उन्हें इसके लिए शैक्षणिक क्रेडिट भी मिलेगा। एनसीसी की ट्रेनिंग पूरी हो जाने पर उन्हें एनसीसी बी और सी सर्टिफिकेट भी दिया जायेगा, जिससे उन्हें नौकरी पाने में मदद मिलेगी। एनसीसी को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने को लेकर यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों व कॉलेजों को दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। यूजीसी ने कहा है कि नेशनल कैडेट कौर (एनसीसी) को वैकल्पिक विषय के रूप में रखने के लिए छात्र को एनसीसी का हिस्सा होना जरूरी होगा। वैकल्पिक विषय केवल उन छात्र को दिया जा सकता है जो एनसीसी कैडेट के रूप में नामांकित हैं या एनसीसी में शामिल होंगे। विश्वविद्यालयों व कॉलेजों को कहा गया है कि वे इस विषय पर ध्यान देंगे और छात्र को जागरूक करेंगे। एनसीसी ने नयी शिक्षा नीति 2020 के साथ एक स्टैंडर्ड और यूनिवर्सल रूप से लागू सामान्य वैकल्पिक क्रेडिट सिलेबस विकसित किया है। नामांकित छात्रों को उनके एनसीसी प्रशिक्षण के लिए शैक्षणिक क्रेडिट स्कोर अर्जित करने और एनसीसी बी और सी प्रमाण पत्र प्राप्त करने का लाभ मिलेगा।

### 11 तक भर सकेंगे पीजी सेमेस्टर दो का परीक्षा फॉर्म

**मुंगेर।** मुंगेर विवि में पीजी सेमेस्टर-2, सत्र 2023-25 , बैकलॉग सत्र 2022-24 के विद्यार्थियों का परीक्षा प्रपत्र 3 जुलाई यानी बुधवार से भरा जा रहा है। जो 11 जुलाई तक बिना विलंब शुल्क के भरा जा सकेगा। इसके बाद 12 एवं 13 जुलाई को विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरने का मौका दिया जाएगा। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि शनिवार तक केवल कला संकाय में 266 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा फॉर्म भरा था। उन्होंने बताया कि बिना विलंब शुल्क के परीक्षा शुल्क 500 रूपए निर्धारित है।

### अपनी मांगों के लिए विवि एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ कर रहा है आंदोलन

**मुंगेर।** मुंगेर मुंगेर विश्वविद्यालय में 5 जुलाई से ही बिहार राज्य विवि एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर कर्मचारी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। उनका चरणबद्ध आंदोलन चल रहा है। उसी कड़ी में सोमवार को विश्वविद्यालय एवं सभी महाविद्यालयों के कर्मचारी कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे। प्रक्षेत्र मंत्री रविन्द्र कुमार एवं अध्यक्ष गुंजेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को कलमबंद हड़ताल से भी बात नहीं बनी, तो 9 और 10 जुलाई को विश्वविद्यालय में तालाबंदी के साथ ही धरना और प्रदर्शन होगा। रविन्द्र कुमार ने बताया कि बीते 1 जून को ही विवि प्रशासन को मांग पत्र समर्पित कर कार्रवाई के लिए सात दिनों का समय दिया गया था। मगर अधिकारियों का रुख पूरी तरह नकारात्मक रहा। नतीजतन एक महीने बाद चरणबद्ध आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा। इसके लिए विवि प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेवार है। जुलाई में सीनेट चुनाव कराने, अनुकंपा आश्रितों की शत प्रतिशत नियुक्ति, वेतन सत्यापन कोषांग द्वारा निर्गत वेतन पर्ची में व्याप्त त्रुटियों का निवारण, वेतनांतर की राशि का भुगतान, प्रोन्नति की अधिसूचना तथा प्रोन्नत कर्मियों का वेतन निर्धारण आदि मांगों के पूरा होने तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने शिक्षक, छात्र एवं अन्य सबों से न्यायसंगत मांगों के लिए आंदोलन में सहयोग की अपील की।

### स्नातक सेमेस्टर वन में 40 हजार से अधिक हुआ नामांकन

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय स्नातक कोर्स में नामांकन चल रहा है। 4 जून से ही नामांकन शुरू हुआ है। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि करीब 43 हजार छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए तीनों संकाय में 31 मई तक आवेदन किया है। उसके बाद 4 जून को प्रथम मेरिट लिस्ट जारी किया गया। इस दौरान तीन मेरिट लिस्ट जारी किए गए। उन्होंने बताया कि अब तक तीनों संकायों में कुल 40436 छात्रों ने विधिवत नामांकन कराया है।

### अंग्रेजी व व्याकरण से ज्यादा प्रश्न, विकास व शिक्षा शास्त्र के सवालों ने उलझाया

**भागलपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) की परीक्षा रविवार को जिले के 13 केंद्रों पर शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न हो गई। जिले में एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया। प्रथम पाली (कक्षा छह-आठ) में कुल छह हजार परीक्षार्थी में से 5550 उपस्थित रहे। जबकि 450 ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं, द्वितीय पाली (कक्षा एक से पांच) में आठ हजार परीक्षार्थी में से 7700 उपस्थित रहे। जबकि 300 अनुपस्थित रहे। बोर्ड के पदाधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कड़ी पड़ताल के बाद सुबह साढ़े सात बजे केंद्रों में प्रवेश दिए गए। जबकि 9:30 बजने के बाद किसी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। सीटीईटी की परीक्षा में एसएम कॉलेज केंद्र पर रविवार को एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया। फर्जी छात्र दूसरी पाली में पेपर-1 की परीक्षा देने बैठा था। फर्जी छात्र की पहचान सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के दुधैला निवासी रौशन कुमार राज के रूप में हुई है। वह मूल छात्र नवगछिया के ईस्माइलपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर चंडी स्थान के पास का रहने वाले झाबेरी कुमार के बदले परीक्षा में बैठा था। आरोपित छात्र ने पूछताछ में बताया कि उसने दूसरे के बदले परीक्षा में बैठने का 25000 रुपये मिलता। इसमें से 10000 रुपये एडवांस के रूप में प्राप्त हो गया है। इस मामले में केंद्राधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने जोगसर थाने में फर्जी और मूल छात्र के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए लिखित शिकायत दी है। केंद्राधीक्षक ने अपनी शिकायत में कहा है कि उन्हें सूचना मिली कि साइंस गैलरी में एक युवक फर्जी परीक्षार्थी बनकर किसी दूसरे के बदले परीक्षा दे रहा है। तत्काल सूचना का सत्यापन करने के लिए वीक्षक मौके पर संबंधित रोल नंबर वाले युवक के पास पहुंचे। इस दौरान ही आरोपित पकड़ा गया। उसे जोगसर पुलिस के हवाले कर दिया गया। कॉलेज प्रशासन ने उसका एडमिट कार्ड समेत अन्य दस्तावेज जब्त कर लिया।

### संस्था ने आमसभा सह मिलन समारोह का आयोजन भी किया



**मुंगेर।** मुंगेर चेंबर ऑफ कॉमर्स परिवार संगठन द्वारा रविवार को एक आमसभा सह मिलन समारोह का आयोजन साई सेलिब्रेशन के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप सर्राफ, संचालन वेद प्रकाश ने किया। कार्यक्रम के दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स परिवार के सभी सदस्यों का अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा स्वागत किया गया। कई सदस्यों ने अपनी बातों को रखा। अध्यक्ष एवं सचिव के द्वारा जल्द से जल्द निवारण करने के प्रयास करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर सत्र 2024-2027 के लिए कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष दिलीप सर्राफ, उपाध्यक्ष मुरारी केशरी, आनंद शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, देव नारायण डब्लू, सचिव दीपक कुमार गुप्ता, उप सचिव विशाल गुप्ता, सारांश गुप्ता, रोहित कुमार, राजीव टिबड़ेवाल, कोषाध्यक्ष उमेश राजगढ़िया, प्रवक्ता अजित कुमार शर्मा, अंकेक्षक सुधांशु कुमार, चेयरमैन वेद प्रकाश, नीरज कुमार, राज किशोर प्रसाद साह, अजित कुमार छोटू, संतोष पोद्दार, राज कुमार खेमका, सुशील खेमका, सुनील अग्रवाल, डॉ नीरज भगत और मनोज वर्मा को शामिल किया गया है। मौके पर अध्यक्ष के द्वारा सभी सदस्यों को सपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए एनएचएम कर्मचारी

निज संवाददाता। भागलपुर



♦ पीरपैंती रेफरल अस्पताल में ओपीडी सेवाएं प्रभावित, मरीजों का नहीं हो पा रहा इलाज

भागलपुर में सोमवार को एनएचएम कार्यकर्ताओं ने मांग को लेकर प्रदर्शन किया और ओपीडी सेवा प्रभावित कराया। समान काम समान वेतन की मांग पूरी न होने पर एनएचएम कर्मचारी को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल पर जाने के कारण अस्पताल में वैक्सीनेशन सेंटर से लेकर ओपीडी सेवाएं ठप रहीं। इधर, पीरपैंती रेफरल अस्पताल में सेंटर ठप होने और ओपीडी सेवाएं न शुरू होने की वजह से मरीजों को सैकड़ों मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अपनी मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों बीते तीन दिन से रोष प्रदर्शन कर रहे हैं। एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल में होने की वजह से अस्पताल में बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर और ओपीडी सेवाएं ठप पड़ी रही। वैक्सीनेशन सेंटर से कई लोगों को बिना टीकाकरण कराए वापस लौटना पड़ा, वहीं जो मरीज सुबह ओपीडी में अपने इलाज के लिए आए थे।

**इलाज के बिना लौटने को मजबूरः** मरीजों को भी कर्मचारियों के प्रदर्शन के लिए चलते बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा।अनिश्चित कालीन हड़ताल की अध्यक्षता कर रहीकाजल कुमारी ने बताया कि फेस अटेंडेंशन का विरोध करते हुए कहा कि उसके लिए HSC पर सुविधा चाहिए जैसे समय पर पहुंचे के लिए वाहन दियारा क्षेत्र रहने के कारण जल्दी गाड़ी नहीं मिलती है,अगर पांच मिनट भी समय पर लेट पहुंचते है तो अटेंडेश कट जायेगी तो फायदा ही क्या होगा, हम लोग को वहां जाने का।

**क्या बोली एनएचएमः** एनएचएम फूलवंती कुमारी ने बताया कि हम लोग क्षेत्रीय वर्कर है,आने जाने की सुविधा नहीं यहां तक कि रहने की भी व्यवस्था नही है पेड़ के नीचे काम करते है,कैसे समय पर पहुंच पाएंगे.हम लोग पूरी कोशिश करते है कि समय पहुंचे लेकिन वैसा साधन नही है, अप्रैल माह से हम लोग को वेतन नहीं मिल पाया है। सुबी भारती हमलोग जल्द से जल्द परमानेंट किया जाए। वर्षांत के दिनों में गंजन हो जाता है। शाम 5 बजे के बाद गाड़ी नही मिलता है। काफी दिक्कत है।

# जमीन विवाद में पड़ोसी पर हत्या का आरोप

## मृतक के परिजन बोले- जहरीली शराब पिलाई गई थी

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में जमीन विवाद में झगड़े के बाद पड़ोसी ने युवक को शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इससे युवक की मौत हो गई। परिजनों ने पड़ोसी पर जबरन जहरीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक संदीप पंडित (27) अमडंडा के पाठकडीह निवासी महेश पंडित का बड़ा बेटा था।

**गांव में ही हुई मौतः** शुक्रवार की शाम को गांव में ही संदीप की मौत हो गई। घटना के बारे में जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची अमडंडा थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अमडंडा थाने के प्रभारी थानेदार अनिल रविदास ने बताया कि मामले में परिजनों की तरफ से कोई आवेदन नहीं मिला है। जो भी लिखित बयान मिलेगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पिता का कहना है कि विवाद के बाद हत्या हुई थी।

**पड़ोसी से विवाद चल रहा थाः** मृतक संदीप पंडित के पिता महेश पंडित ने बताया कि पड़ोसी से पहले से विवाद चल रहा था। पुराने विवाद को लेकर पड़ोसी से झगड़ा हुआ था। इसे सुलझाने के लिए पंचायती भी हुई थी। दोपहर में पंचायती के बाद पड़ोस का एक लड़का जो बिहार पुलिस में सिपाही है, वह संदीप को लेकर लेकर धनवारा चला गया था। वहां से संदीप लौटा तो पेट दर्द की शिकायत करते हुए जमीन पर लोटने लगा। उसने पूछने पर बताया कि मुझे शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। हमलोगों ने उसका वीडियो भी बनाया है। उन्होंने बताया कि बेटा ऑटो चलाकर घर का भरण पोषण करता था।

# करंट से पिकअप चालक की मौत

## ट्रक को साइड देने के दौरान सड़क किनारे लटके बिजली तार से सटा वाहन

निज संवाददाता। भागलपुर



बिजली तार के संपर्क में आने से पिकअप चालक की मौत हो गई। मामला नवगछिया के खरिक थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान नागेश्वर पंडित के 29 वर्षीय पुत्र हीरालाल पंडित के रूप में हुई है। हीरालाल घर से लकड़ी लाने के लिए पिकअप वैन से NH - 80 की तरफ जा रहे थे। तभी खरिक बाजार के पास एक ट्रक को साइड देने के दौरान सड़क किनारे लटके बिजली तार के संपर्क में आ गया। जिसके बाद पूरे पिकअप में करंट फैल गया। करंट लगने से चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने बेहतर उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

**मायागंज में इलाज के दौरान हुई मौतः** हीरालाल की एक साल पहले शादी हुई थी। सूचना के बाद अन्य सहयोगी चालक भी भागलपुर के मायागंज अस्पताल पहुंचे। मृतक के भाई ने बताया कि पिकअप लेकर लकड़ी लाने के लिए NH की तरफ जा रहे थे। मायागंज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एक साल पहले मृतक का मधेपुरा जिला के चौसा थाना क्षेत्र में शादी हई थी। 3 माह का बेटा भी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

# भागलपुर में वन महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत, DM ने पुलिस प्रशिक्षण केंद्र से की इसकी शुरुआत

निज संवाददाता। भागलपुर

## जिले में लगाए जाएंगे 5 लाख 71 पौधे



भागलपुर में 75वां वन महोत्सव सोमवार से शुरू हुआ। इसकी शुरुआत 238 पंचायत में 5 लाख पौधे के लगाने के लक्ष्य के साथ शुरू हुआ। सोमवार को नाथनगर CTS मैदान से शुरू की गई। जिला अधिकारी नवल किशोर चौधरी, भागलपुर रेंज डीआईजी विवेकानंद, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्वेता कुमारी सहित कई विभागों के पदाधिकारी ने नाथनगर के सिपाही प्रशिक्षण केंद्र में 75वां वन महोत्सव मनाते हुए वृक्षारोपण किया। मालूम हो कि इस बार जिले में 5 लाख 71 हजार पौधे लगाने का टारगेट तय किया गया है। इसमें छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही जरदारू आम और मालदा आम के भी पौधे लगाने की तैयारी है। सबसे पहले नाथनगर पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। इसके बाद ट्रिपल आईटी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर भी जिला अधिकारी ने पेड़ लगाकर वन महोत्सव कार्यक्रम को मनाया। जानकारी के मुताबिक हर पंचायत में 12 यूनिट पौधे लगाने का लक्ष्य है। एक यूनिट में 200 पौधे लगाए जाएंगे। यानी एक पंचायत में 224 पौधे लगाए जाएंगे। जिले के 238 पंचायत में करीब 5 लाख 71 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। यह अभियान अगस्त तक चलेगा। वन महोत्सव का संचालन के लिए नोडल पदाधिकारी भी बनाए गए हैं। जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि आज से वन महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जिले में कुल 5 लाख 71 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। पौधा हम लोग इसीलिए भी लगाएं। ताकि घर से बेटी विदा होने की यादें को संजोग कर रखता है। घर के सभी सदस्य के नाम एक पौधा जरूर लगाए। साथ ही उन्होंने आगे बताया कि इस दुनिया में कोई रहने के लिए नहीं आया है। बुजुर्ग के नाम भी पौधे लगाए साथी जन्मदिन के मौके पर एक पौधा अवश्य लगाएं। ताकि दुनिया के जाने के बाद भी उनका याद हम लोगों को हमेशा रहे। इस मौके पर भागलपुर के रेंज डीआईजी समेत कई प्रशासनिक अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक से जा रहे युवक की पिटाई, धारदार हथियार से गला काटने की भी कोशिश

निज संवाददाता। भागलपुर




भागलपुर जिले के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के राजपुर में चचेरे भाई के शादी का सामान खरीदने जा रहे युवक की बाइक बकरी के बच्चे में सट गई। इसके बाद लोगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि पीटने वाले लोगों ने घायल युवक के गले से चांदी के चैन भी ले लिया। चार की संख्या में लोगों ने युवक की पिटाई के बाद गला काटने की कोशिश की।

**स्थानीय लोगों ने भर्ती करायाः** गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद बेहतर उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मधुसुदनपुर पुलिस और सजोर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। राजपुर के समीप ब्रेकर पार करने के दौरान बाइक सवार युवक बकरी के बच्चा से टकरा गया।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** इसके बाद कुछ लोगों ने उन्हें आवाज देकर रोकने को कहा, जैसे ही वह रुका तो लोगों ने पिटाई करना शुरू कर दिया। इस बीच किसी ने धारदार हथियार से गला पर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद देर रात परिजन मायागंज अस्पताल पहुंचे। पूरे मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। मधुसुदनपुर थानेदार सफदर अली से संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

#### गोपाल मंडल का संसाधन विभाग पर आरोप

# बोले- गंगा-कोसी के किनारे बाउंड्री वॉल देकर मजबूत दलाई कर दें

निज संवाददाता। भागलपुर



बिहार के कई जिलों में बरसात के साथ ही नदियों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। एक बार फिर कटाव का सिलसिला जारी है। भागलपुर में भी कोसी और गंगा नदी के किनारे तेज कटाव जारी है। खरीक प्रखण्ड के सिंहकुण्ड लोकमानपुर, कोरचक्का में कोसी अपना किनारा काटने को अमादा है। जल संसाधन विभाग कटावरोधी कार्य नहीं करा पा रहा है। इस पर भागलपुर के गोपालपुर विधानसभा से जदयू विधायक गोपाल मंडल ने जल संसाधन विभाग पर बड़ी बात कह दी। गोपाल मंडल ने कहा कि कटाव में पैसा फेंक रहे हैं ये सब लूटने का चक्कर है। इस विभाग में लूट की छूट है। जल संसाधन विभाग का मतलब ही लूटो है। इस विभाग को लेने के लिए मंत्री लोग मार करता है। गोपाल मंडल ने आगे कहा कि ठेकेदार मंत्री से मिल लेते हैं और काम शुरू कर देते हैं। हमारे हाथ में अगर डंडा होता तो अच्छा काम होगा। कटाव शुरू होने पर काम करवते हैं। ये मंत्री महोदयों का स्वभाव है जब पानी नहीं था तब टेंडर पास करके कटावरोधी काम करवाता था। ऊपर ऊपर काम करवाता है और नीचे से जमीन कट जाता है। गलत काम ही होता है। बता दें कि गोपाल मंडल भागलपुर के गोपालपुर विधानसभा से जदयू विधायक हैं। जल संसाधन विभाग भी जदयू के मंत्री विजय चौधरी के पास हैं। गोपाल मंडल ने सीधे तौर पर जल संसाधन विभाग पर लूट का आरोप लगाया है।

#### विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने तय किया आरोप

# पाक्सो एक्ट में पांच दोषी करार, 20 को होगी सजा

निज संवाददाता। मुंगेर

विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रदीप कुमार चौधरी ने शनिवार को पाक्सो एक्ट के तहत पांच आरोपितों को भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं तथा पाक्सो एक्ट की धारा-8 के तहत दोषी करार दिया। अब सभी पांचों आरोपितों सुखेन कुमार उर्फ पोटरी, विकास कुमार, रोहित कुमार, उदय यादव तथा झुनियां देवी को 20 जुलाई को सजा सुनाई जाएगी। इस बारे में जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट प्रीतम कुमार वैश्य ने बताया कि धरहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 मई 2022 को सभी आरोपितों ने पीड़िता के घर में हथियार के बल पर डकैती की घटना को अंजाम दिया था तथा इसके साथ ही नाबालिग को अगवा कर ले गए थे। इस मामले में सूचक सह पीड़िता के पिता ने धरहरा पुलिस को दिए आवेदन में कहा था कि घटना के दिन घर में केवल पीड़िता, उसका छोटा भाई और उसकी मां थी। घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं था। तब उसके पड़ोसी सह आरोपित हथियार के साथ सूचक के घर में घुसे और मां, पुत्री तथा पुत्र को अपने कब्जे में ले लिया तथा कहा कि गोदरेज का चाभी दो नहीं तो इकलौते बेटे को जान से मार देंगे। इसके बाद एक आरोपित ने चाभी लेकर गोदरेज खोला तथा पांच लाख मूल्य से सोने व चांदी के जेवरात और करीब डेढ़ लाख रुपये नकद तथा दो मोबाइल फोन भी ले लिया।

# छह साल पहले बने लॉन्ज का खिड़की-दरवाजा ले गए चोर, अब फिर करोड़ों खर्च की है तैयारी

निज संवाददाता। मुंगेर

वर्ष 2018 में सफियाबाद हवाई अड्डा पर 8 करोड़ रुपए से लॉन्ज और रनवे का निर्माण किया गया था। जिसके बाद अब तक इस हवाई अड्डा पर मात्र 4 बार ही सरकारी चार्टर प्लेन उतरा पाया है। आम लोगों के लिए अब तक हवाई सेवा सपना ही बना हुआ है। हवाई अड्डा के रखरखाव की हालत यह है कि लॉन्ज के खिड़की-दरवाज को चोर उखाड़कर ले गए। और अब अब फिर फिर से यहां एक वीआई तथा एक वेटिंग लॉन्ज बनाने की तैयारी चल रही है। वायुयान संगठन निदेशालय ने इसके लिए मुंगेर के डीएम से एस्टीमेट मांगा है, जिससे भविष्य में इस हवाई अड्डे पर पूर्व के तरह ही सरकारी चार्टर प्लेन उतारा जा सके। वायुयान संगठन निदेशालय ने अपने पत्र में हवाई अड्डे की चहारदीवारी, वीआईपी लॉन्ज, वेटिंग लॉन्ज तथा मुख्य गेट का निर्माण किये जाने का हवाला दिया है। अनुमान है कि फिर यहां निर्माण व मरम्मत पर करोड़ों रुपए खर्च होंगे। हालांकि अभी तो हवाई अड्डा ड्राइविंग सीखने की जगह और मवेशियों का चारागाह बनकर रह गया है।


## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(साधारण), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैंः **क्रम सं. 1, निविदा सं. : ईएलईजी-ओटी-1105-2023-24-आर, कार्य का विवरणः** सियालदह मंडल के तहत 01 (एक) वर्ष के लिए पेयजल और फाउंटेन प्रयोजन के लिए सबमर्सिबल पंप-मोटर सेट और एच.एस. पंप सेट का चालू मरम्मत अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 67,21,442/-, **बयाना राशिः** रु. 1,34,400/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं. : ईएलईजी-ओटी-1111-2023-24-आर, कार्य का विवरणः** सियालदह मंडल के तहत ऊर्जा संरक्षण के उपाय के रूप में स्टेशनों पर हाई वाटेज सीलिंग पंखों (फेज-।) के स्थान में ऊर्जा दक्ष सीलिंग पंखों का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 1,91,64,475.90, **बयाना राशिः** रु. 2,45,800/-, **क्रम सं. 3, निविदा सं. : ईएलईजी-ओटी-1114-2024-25, कार्य का विवरणः** सोनारपुर में आरपीएफ बैरक का प्रावधान (30 शय्या)। **निविदा मूल्यः** रु. 13,86,588/-, **बयाना राशिः** रु. 27,700/-, **क्रम सं. 4, निविदा सं. : ईएलईजी-ओटी-1115-2024-25, कार्य का विवरणः** बारुईपुर में आरपीएफ बैरक का प्रावधान (30 शय्या)। **निविदा मूल्यः** रु. 13,86,588/-, **बयाना राशिः** रु. 27,700/-, **क्रम सं. 5, निविदा सं. : ईएलईजी-ओटी-1116-2024-25, कार्य का विवरणः** बारासात में आरपीएफ बैरक का प्रावधान (30 शय्या)। **निविदा मूल्यः** रु. 15,30,141/-, **बयाना राशिः** रु. 30,600/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00 (क्रम सं. 1 से 5 प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधिः** 12 माह (क्रम सं. 1 हेतु), 9 माह (क्रम सं. 2 हेतु) और 18 माह (क्रम सं. 3 से 5 प्रत्येक हेतु)। **निविदा प्रकाशन की तिथिः** दिनांक 05.07.2024, **निविदा बोली की प्रारंभिक तिथिः** दिनांक 16.07.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 30.07.2024 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 30.07.2024 को 14.00 बजे के उपरांत। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-118/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें:** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में सड़क हादसा, बेगूसराय में बच्चे को ट्रक ने कुचला

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार में रफ्तार का कहर जारी है. तेज रफ्तार ट्रक ने बेगूसराय में एक मासूम बच्चे को कुचल दिया. इस हादसे में मासूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. गुस्साय परिजनों ने हा-31 को घंटे तक जाम रखकर जमकर हंगामा किया. करीब 4 घंटे तक सड़क जाम के कारण हा-31 पर वाहनों का परिचालन बाधित हो गया. घटना नगर थाना क्षेत्र के ट्रैफिक चौक स्थित हा-31 के पास की है. मृतक बच्चे की पहचान लोहिया नगर थाना क्षेत्र के बाघा के निवासी करण कुमार के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि करण कुमार अपनी मां के साथ जा रहा था, तभी सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया. गुस्साए परिजनों ने सड़क पर शव को रख कर 4 घंटा तक एनएच 31 को जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. घटना की जानकारी मिलने के बाद मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को मुआवजा दिलाने की बात कह हंगामे को शांत कराया. उन्होंने बताया है कि परिजनों को सरकारी मुआवजा दी जाएगी. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और उसके ड्राइवर को तलाश कर रही है.

### बाइपास टोल प्लाजा को मिला एंबुलेंस

**पटना, एजेंसी।** एंबुलेंस की सेवा दोगच्छी से लेकर औद्योगिक थाने तक ही रहेगी -बाइपास के बाहर का लोकेशन नहीं ली जायेगी. -एंबुलेंस के लिए एनएचएआइ के टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल किया जा सकता है वरीय संवाददाता, भागलपुर बाइपास पर स्थित टोल प्लाजा को एनएचएआइ की ओर से बेसिक लाइफ सपोर्ट श्रेणी की एंबुलेंस उपलब्ध हो गयी है. बाईपास रोड पर अब दुर्घटना होने पर 5 से 10 मिनट के अंदर मेडिकल सहायता मिल सकेगी. यह टोल प्लाजा प्रबंधन का कहना है. एंबुलेंस सेवा दोगच्छी से लेकर औद्योगिक थाने तक ही रहेगी. इसके बाहर का लोकेशन नहीं ली जाएगी. एनएचएआइ ने बाइपास टोल प्लाजा को एंबुलेंस उपलब्ध करा दी है. इसमें दो इमरजेंसी मेडिकल टीम के सदस्य और दो चालक भी मिले हैं. सड़क पर किसी भी तरह का हादसा होने पर घायल को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया जा सकेगा. अभी तक बाइपास में एंबुलेंस के लिए लोगों को काफी लंबा इंतजार करना पड़ता था, जिससे लोग घायल को किसी वाहन का इंतजाम कर अस्पताल पहुंचाते थे. एंबुलेंस के लिए एनएचएआइ के टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल किया जा सकता है. टोल प्लाजा के प्रबंधक बजरंग सिंह के अनुसार एंबुलेंस के लिए सेवा निर्धारित है. टोल फ्री नंबर सूचना देने पर लोकेशन बतानी होगी. अगर टोल रोड से हटकर किसी सड़क पर हादसा है तो जीपीएस में लोकेशन नहीं आयेगी.

### आमने-सामने आरोपितों को बैठा कर उत्तर का किया गया क्रॉस वेरिफिकेशन

**पटना, एजेंसी।** नीट पेपर लीक संवाददाता, पटना नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ ने रिमांड पर लिए सभी पांच आरोपितों से लगातार पूछताछ कर रही है. पूछताछ के दौरान केंद्रीय एजेंसी को पेपर लीक से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां मिल रही हैं. इनमें आरोपितों के कार्य, अभ्यर्थियों से संपर्क, पेपर लीक में अभ्यर्थियों के पैसे के लेन-देन व दूसरे राज्यों से संपर्क के विषय में भी पता चला है.सीबीआइ ने तीन आरोपितों को दिल्ली लेकर गयी है. सीबीआइ ने रिमांड पर लिये सभी आरोपितों को आमने-सामने बैठा करके पूछताछ कर रही है. इस दौरान एक आरोपित द्वारा दिये गये उत्तर का दूसरे आरोपित से क्रॉस वेरिफिकेशन कराया जा रहा है. इसमें पेपर लीक से जुड़े कई ऐसे जवाब मिले, जो एक- दूसरे आरोपियों से अलग थे.हालांकि, सही जानकारी प्राप्त करने के लिए फिर से पूछताछ की गयी. सीबीआइ द्वारा आरोपितों से पूछ गये सवाल समान्य रूप से एक ही तरह के थे .

# बाढ़ आयी तो सुपौल के गांव होने लगे खाली, जहरीले सांप घर-आंगन में घूम रहे, मची तबाही

**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में बाढ़ ने दस्तक दे दी है. नेपाल के पहाड़ी क्षेत्र में मुसलाधार बारिश होने के कारण कोसी नदी के जल स्तर में काफी वृद्धि होने से पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर दर्जनों गांव में बाढ़ का पानी दो से तीन फीट तक लोगों के घर आंगन में फैल गया है. बताया जाता है कि पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर ढोली, बनैनिया, बलथरवा, कटैया, भुलिया, वैसा, तकिया, उग्रीपटी, कवियाही, करहरी, मोरा, झहुरा, सनपतहा, छपकी सहित अन्य गांव में बाढ़ का पानी लोगों के घर आंगन में 2 से 3 फीट तक फैल जाने के कारण तटबंध के अंदर से लोग पलायन करने लगे है.

तटबंध के अंदर के लोगों में बाढ़ के भय को लेकर त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है. पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर के ग्रामीणों का कहना है कि लोगों के घर आंगन में 2 से 3 फीट तक पानी फैलने के कारण अपना भोजन के साथ-साथ पशु चारा की भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है. लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में नाव बहाल नहीं





होने के कारण लोगों को निजी नाव के सहारे पलायन करने की मजबूरी बनी हुई है.

ग्रामीणों का कहना है कि उनके घर-आंगन में जहरीले सांप का आगमन हो गया है. जिसके कारण लोग ऊंचे स्थान पर शरण लेने लगे है. इधर सीओ धीरज कुमार बताया कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर विभिन्न घाटों पर फिलहाल 15 नाव की की गयी है. जरूरत पड़ने पर और नाव भी बहाली की जाएगी. सीओ ने बताया कि तटबंध के अंदर के लोगों को ऊंचे जगह पर जाने की सलाह दी गई है. बाढ़ से विस्थापित परिवारों को राहत सामग्री और पॉलीथिन शीट वितरण किया जाएगा. वहीं विभिन्न घाटों पर गोताखोर को प्रतिनियुक्त कर दिया गया है. तटबंध के अंदर फिलहाल कोई खतरा नहीं है.

पड़ोसी देश नेपाल में झमाझम बारिश से कोसी नदी रौद्र रूप अपना ली है. सुपौल के निर्मली अनुमंडल क्षेत्र में ेसी तटबंध के भीतर बसे कई गांव में

बाढ़ से तबाही शुरू हो गई है. लगभग 100 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है. लोगों के घर-आंगन व चूल्हे भी डूब गए. कोसी तटबंध के भीतर बसे बाढ़ प्रभावित गांव के लोग नाव के सहारे मवेशियों व अन्य जरूरी के सामान के साथ ऊंचे स्थान की ओर पलायन करते दिखे. निर्मली अंचल क्षेत्र के दिघिया, बेलासिंगारमोती, डगामरा व मरौना अंचल क्षेत्र के सिसौनी, घोघररिया,बड़हरा पंचायत के दर्जनों गांव में बाढ़ का पानी फैलने से प्रभावित इलाके के लोग सहमे दिखे. प्रशासनिक स्तर से अबतक निर्मली अनुमंडल क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिकोण से केवल नाव की व्यवस्था जगह-जगह की गयी है. कई घरों में चूल्हे तक नहीं जलने से बच्चे व बुजुर्गों को भी पारी परेशानी हुई.

कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण रविवार को वीरपुर में कोसी बराज के सभी 56 फाटकों को खोलना पड़ा. कोसी बराज स्थित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम 04 बजे कोसी नदी का जलस्तर 03 लाख 93 हजार 715 क्यूसेक दर्ज किया गया, जिससे सभी फाटकों को खोलना आवश्यक हो गया. कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण बराह क्षेत्र में जलस्तर 01 लाख 72 हजार क्यूसेक घटने के क्रम में है. यह संभावना जताई जा रही है कि नदी का जलस्तर अब और कम हो सकता है.

## बिहार के 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**पटना, एजेंसी।** बिहार में मॉनसून की सक्रियता बनी हुई है. पटना सहित प्रदेश भर में सोमवार को गरज के साथ बारिश के आसार हैं. सोमवार को सभी जिलों में मेघ गर्जन के साथ बरसात की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधुबनी, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले में वज्रपात के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. बीते 24 घंटों के भीतर बिहार में 23.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. बिहार के 17 जिलों में शनिवार की सुबह से रविवार सुबह तक झमाझम बारिश हुई. बादलों की सक्रियता से राज्य भर में अब मॉनसून की बारिश में मात्र पांच प्रतिशत कमी रह गई है.

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, चंपारण और आसपास के क्षेत्रों के अलावा नेपाल की तराई वाले इलाकों से सटे जिलों में सोमवार को भी भारी बारिश के आसार हैं. राज्य से शेष जिलों में छिटपुट गतिविधि बनी रहेगी. वहीं, एक दिन बाद मंगलवार को दरभंगा, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी और किशनगंज में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है. बांका के शंभुगंज में सर्वाधिक वर्षा 191.6 मिमी दर्ज की गई. वहीं रविवार को राजधानी पटना में 0.6 मिलीमीटर बारिश हुई. इस



बीच बादलों से सूरज की लुकाछिपी दिन भर बनी रही. पटना सहित 17 जिलों के अधिकतम तापमान में रविवार को आंशिक बढ़ोतरी हुई है. पटना का अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

मुजफ्फरपुर में मॉनसून की सक्रियता 48 घंटे बाद कम हो गयी है. बीते दो दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश से मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया. रविवार को भी सुबह से शाम तक आसमान में घने बादल के साथ शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में बूंदा-बांदी तो कहीं हल्की बारिश हुई. मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटे में 3.6 एमएम वर्षा रिकॉर्ड हुई. ऐसे में गर्मी से भी लोगों को काफी हद तक राहत मिली. मौसम विभाग के रिकॉर्ड के तहत अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.7 डिग्री कम रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले तीन-चार दिनों तक अब मॉनसून का प्रभाव कम रहेगा. आसमान में बादल छाये रहेंगे, उत्तर बिहार के कुछ जगहों पर हल्की बारिश की संभावना जतायी गयी है.

## चंपापुल पर सजावटी लाइट्स लगाने की तैयारी, अंधेरे में डूबी गलियों के लिए दे रहा नियमों का हवाला

**भागलपुर, एजेंसी।** नगर निगम का भी जवाब नहीं. एक तरफ नियम का हवाला देकर वार्डों में नया लाइट लगाने का परमिशन नहीं दे रहा है. वहीं, दूसरी ओर चंपा पुल पर सजावटी लाइट लगाने की तैयारी में है. यहां सजावटी लाइट्स लगाने के पीछे उनका तर्क कि चंपा पुल शहर का प्रवेश द्वार है. शहर की छवि निखरेगी. जबकि, इससे ज्यादा जरूरी वार्डों में नये लाइट्स लगाने की है. इसके बिना 80 मेगावाट बिजली मिल कर भी शहर की गलियां अंधेरे में डूबी हैं. शाम के बाद महिलाएं व बच्चे पड़ोस की दुकान जाने से हिचकते हैं. क्योंकि, वार्डों और इसके मुहल्ले के विस्तारीकरण से कई नये पोल लगे हैं, लेकिन उसमें लाइट्स नहीं लगी है. स्ट्रीट लाइट्स के जिम्मेदारी नगर सरकार की है.

उठ रहे सवाल ≈ नयी लाइट्स लगाने पर रोक लगी है तो चंपा पुल पर कैसे लगेगा चंपा पुल पर सजावटी लाइट्स (तिरंगा लाइट्स) लगाने की चल रही तैयारी पर सवाल उठने लगा है. लोगों का कहना है कि नयी लाइट्स के अधिष्ठापन और क्रय पर रोक लगी है, तो चंपा पुल के लिए लाइट्स का क्रय और इस्टॉलेशन कैसे हो सकता है. यह सवाल पार्षदों ने भी बोर्ड की बैठक में उठायी थी. जिसका सटीक जवाब नहीं मिला था. सिर्फ सरकार से मार्गदर्शन के लिए पत्र लिखने की बात कही गयी थी. लोगों का अब कहना है कि अगर चंपा पुल पर लाइट्स लगाने को लेकर नियम-शर्त नहीं देखी जा रही है, तो जरूरत वाले स्थलों पर भी नियमों को दरकिनार किया जाये. चंपा पुल पर सजावटी लाइट्स लगाने के लिए आरसीडी से एनओसी लेने की तैयारी नगर निगम चंपा पुल पर तिरंगा लाइट्स लगाने के लिए आरसीडी से एनओसी लेने की तैयारी कर रही है. संचिका तैयार है. सिर्फ एनओसी के लिए पत्र भेजना बाकी है. एनओसी मिलते ही क्रय और अधिष्ठापन के लिए आमंत्रण सूचना जारी करेगी. इसके बाद चंपा पुल पर तिरंगा लाइट्स लगना शुरू हो जायेगा.

सिटी में 8476 ऐसे नये बिजली पोल है, जहां स्ट्रीट लाइट्स लगाने की आवश्यकता है.

## बिहार में इंस्टाग्राम वाला प्रेमी निकला मानसिक रोगी, घर से भागकर पहुंची प्रेमिका के पांव के नीचे से खिसकी जमीन

**पटना, एजेंसी।** इंस्टाग्राम पर प्यार के चक्कर में फंसकर पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती मुजफ्फरपुर पहुंच गयी. जंक्शन के पास अपने प्रेमी से मुलाकात की. इसके बाद वह प्रेमी के साथ उसके किराये के कमरे पर पहुंच गयी. इसकी सूचना लड़के के दोस्त ने उसके परिजनों को दी.

करीब एक घंटे के अंदर में हथौड़ी थाना क्षेत्र स्थित लड़के के पैतृक गांव से उसकी मां, भाई व परिवार के अन्य सदस्य पहुंचे. वहां, लड़की को बताया गया कि लड़का मानसिक रूप से बीमार है. उसका पिछले कई माह से पटना के ही एक दिमाग के डॉक्टर से इलाज चल रहा है, इतना सुनते ही युवती के पांव के नीचे से जमीन खिसक गयी.

इधर, युवती के गायब होने के बाद उसके परिजनों ने कोतवाली थाने में उसकी गुमशुदगी को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी. लड़की के मुजफ्फरपुर में होने की सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाने की पुलिस रविवार को शहर पहुंची. आरडीएस कॉलेज के समीप एक मोहल्ले से लड़की को बरामद कर लिया. उसके कथित प्रेमी को पकड़ कर काजीमोहम्मदपुर



थाने पर लाया गया.

वहां, लड़की से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि इंस्टाग्राम पर तीन माह पहले उसकी दोस्ती हुई थी. इसके बाद दोनों बातचीत करने लगे. शनिवार को वह जबरन उसका सामान पैक करके मुजफ्फरपुर बुला लिया. उसका कहना था यहां आ जाओं दोनों शादी कर लेंगे. मुजफ्फरपुर आने के बाद उसके परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार है. अब वह उससे शादी नहीं करना चाहती है. उसको क्यों झूठ बोलकर मुजफ्फरपुर बुलाया. इसका उसको सजा मिलनी चाहिए. वहीं, लड़के के परिजन उसके मानसिक रूप से बीमार होने का सबूत डॉक्टर का पुर्जा व दवा लेकर थाने पर आये थे.

## पुल के बाद अब बिहार में गिरी स्कूल की छत, बाल-बाल बचे बच्चे

**मुंगेर, एजेंसी।** बिहार में पुल गिरने और धंसने के साथ ही अब स्कूल की छत भी गिरने लगी है. मुंगेर के सदर प्रखंड की तारापुर दियारा पंचायत स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय महेशपुर के पुराने जर्जर भवन की छत का हिस्सा टूटकर गिर गया. इस घटना में विद्यालय में मौजूद शिक्षक व बच्चे बाल-बाल बच गए. विद्यालय के प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार ने बताया कि विद्यालय भवन की छत जर्जर हो चुकी है. इस कारण कुछ वर्ष पहले ही केवल दो कमरे में शिक्षण कार्य संचालित किया जा रहा था. इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को भी दी गई थी.

उन्होंने बताया कि इस दिशा में विभागीय स्तर पर विद्यालय भवन के जीर्णोद्धार अथवा नए भवन निर्माण की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया. ऐसे में पिछले तीन-चार दिनों से हो रही लगातार वर्षा के कारण भवन की जर्जर छत का हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया. इस घटना में शिक्षक तथा विद्यार्थी बाल-बाल बच गए. हमलोग डर के साए में विद्यालय का संचालन करते हैं. उन्होंने कहा कि विद्यालय में बारहवीं तक की पढ़ाई होती है. इसके बावजूद दो कमरे में ही सभी कक्षाओं का संचालन करना पड़ता



है. इस संबंध में डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान विनय कुमार सुमन ने बताया कि विद्यालय की छत गिरने की सूचना प्रधानाध्यापक ने लिखित रूप से दी है. कल संबंधित कनीय अभियंता विद्यालय की भौतिक जांच करेंगे. इसके बाद इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी.

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय भवन के जर्जर होने की सूचना डीएम को दी गई थी, इसके बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा सका है. ऐसे में विद्यालय के विद्यार्थी जर्जर भवन के नीचे भय के साए में पढ़ाई करने को मजबूर हैं. इस संबंध में डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान विनय कुमार सुमन ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालय भवनों का सर्वे कराया जा रहा है. लगभग 90 प्रतिशत सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है. चालू वित्तीय वर्ष में इस मद में आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है. पूर्व में जिन विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराया जाना है, इसके लिए राशि प्राप्त हुई है.

## पटना एयरपोर्ट से 24 साल बाद शुरू होगी अंतरराष्ट्रीय उड़ान



**पटना, एजेंसी।** अनुपम कुमार, पटना. पटना एयरपोर्ट पर नये एयरपोर्ट टर्मिनल के बन जाने से नेपाल के लिए यहां से सीधी फ्लाइट सेवा जल्द शुरू हो सकती है. इसके साथ ही जापान, वियतनाम, म्यानमार और थाइलैंड जैसे देशों के लिए भी यहां से सीधी विमान सेवा के शुरू होने के आसार हैं. क्योंकि, वहां से बड़ी संख्या में बौद्ध पर्यटक बोधगया आते हैं. गौरतलब है कि 24 दिसंबर 1999 को इंडियन एयरलाइंस के दिल्ली काठमांडू विमान को अपहरण कर कंधार ले जाने के बाद से नेपाल की अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा बंद है. और बीते 24.5 वर्षों से पटना एयरपोर्ट केवल नाम का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बना हुआ है.

पटना एयरपोर्ट पर बन रहे नये टर्मिनल भवन में इमीग्रेशन और कस्टम काउंटर के लिए भी जगह होगी. नये टर्मिनल भवन में दोनों मंजिलों पर इनके काउंटर और अधिकारियों व कर्मियों के बैठने के लिए कमरे बनाये गये हैं. इससे पटना एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू होने पर यात्रियों की जांच करने में सुविधा होगी. पटना एयरपोर्ट पर छह नयी पार्किंग बे और पांच एयरोब्रिज बनाया जाना है. इनके बनने के बाद से पटना एयरपोर्ट के फ्लाइट ऑपरेशन की क्षमता बहुत अधिक बढ़ जायेगी और एक दिन में यहां 50 जोड़ी फ्लाइट की जगह 150 जोड़ी फ्लाइट ऑपरेशन किया जा सकेगा.

नये टर्मिनल भवन का आकार भी पहले की तुलना में अत्यंत विशाल है जो वर्तमान टर्मिनल भवन से सात गुना बड़ा है. यह 65 हजार वर्गफुट में फैला है और इसकी 80 लाख क्षमता होगी जबकि वर्तमान में विस्तारित पुराने टर्मिनल भवन की क्षमता केवल 25 लाख यात्री सालाना है. ऊपरी फ्लोर तक जाने के लिए रैंप बनाये गये हैं जिससे वाहन सीधे ऊपरी तल्ले के पिकड्रॉप एरिया में जाने वाले यात्रियों को छोड़ेंगे. साथ ही नये टर्मिनल भवन के सौंदर्यीकरण पर भी जोर दिया गया है जिससे यह पूर्वोत्तर भारत के सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट की तरह दिखेगा.

यात्रियों के वाहनों की पार्किंग के लिए एक सात मंजिला भवन एयरपोर्ट के इंट्री गेट के पास ही बनायी गयी है जिसमें प्रथम पांच तल्ला पर पार्किंग होगी. इसमें 750 चारपहिया वहान खड़े हो सकेंगे. पार्किंग से एयरपोर्ट टर्मिनल तक जाने के लिए ट्रैवलेटर भी लगाये जा रहे हैं जिसपर खड़े होकर यात्री वहां तक की दो-तीन सौ मीटर दूरी तय कर सकेंगे. पार्किंग एरिया तक जाने और वापस आने के लिए चार लिफ्ट भी लगाये जा रहे हैं.

## जलजमाव की जानकारी और सुझाव लेने को हेल्पलाइन नंबर जारी करे नगर निकाय : मंत्री

**पटना, एजेंसी।** नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने सभी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारियों को संभावित जलजमाव से संबंधित जानकारी व सुझाव लेने को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी करने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि निकायों में जोनवार बांट कर 24 घंटे नियंत्रण कक्ष कार्यरत रखे जाएं तथा मिलने वाली शिकायतों का क्विक रिस्पांस टीम के माध्यम से त्वरित निष्पादन कराया जाये. वे रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मॉनसून 2024 की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे. इस बैठक में विभागीय प्रधान सचिव, संयुक्त सचिव के साथ ही सभी नगर परिषदों के कार्यपालक पदाधिकारी मौजूद रहे. नगर विकास मंत्री ने कहा कि हेल्पलाइन नंबरों का विज्ञापन एवं चौक-चौराहों पर पोस्टर आदि के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित किया जाये. साथ ही 10 से 20 जुलाई के बीच मॉनसून की तैयारियों को लेकर होने वाली बैठकों में मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षदों के साथ ही स्थानीय सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये. नगर परिषद के पदाधिकारी प्रतिदिन एक से दो घंटे नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करें. कार्यपालक पदाधिकारियों को खास कर सार्वजनिक स्थलों के आस पास जलजमाव पर नजर रखने के निर्देश दिये गये.



# सीलन या नमी से इन्वर्टर की बैटरी खराब न हो जाए

मानसून एक ऐसा मौसम है जिसकी वजह से कई चीजें ख़राब होने लगती हैं। जैसे सीलन या नमी की वजह से किचन का सामान या फिर नमी की वजह से कपड़े आदि चीजों में फफूंदी के दाग लग जाते हैं। ऐसे में कई लोग इन चीजों को सुरक्षित रखने के लिए नियमित सफाई करते रहते हैं या उनका ध्यान रखते हैं। लेकिन इन्वर्टर की बैटरी का कोई भी ध्यान नहीं रखता है। जब तेज बारिश या अंधी में बिजली चली जाती है और इन्वर्टर भी ख़राब हो तो परेशानी और भी अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में अगर आप नहीं चाहते हैं कि सीलन या नमी की वजह से इन्वर्टर की बैटरी ख़राब हो तो फिर आपको मानसून के मौसम में उसका ध्यान ज़रूर रखना चाहिए। आइए जानते हैं।

## दीवार से रखें दूर

मानसून के मौसम में सबसे अधिक सीलन और नमी दीवार में होती है। ऐसे में अगर आप इन्वर्टर की बैटरी को दीवार के पास रखा है तो फिर बैटरी कभी भी ख़राब हो सकती है। खासकर मानसून के टाइम इन्वर्टर की बैटरी को दीवार से अलग ही रखें। इसके अलावा बैटरी को किसी लकड़ी या प्लास्टिक के ऊपर ही रखें, क्योंकि जमीन पर रखने की वजह से भी बैटरी ख़राब हो सकती है।

## टर्मिनल की सफाई का रखें ध्यान

बैटरी में जिस जगह से बिजली की तार को जोड़ा जाता है उसे कई लोग टर्मिनल कहते हैं। लेकिन बारिश के मौसम में कई बार टर्मिनल के आसपास सफ़ेद रंग की एक परत जम जाती है जिसकी वजह से बैटरी कभी भी ख़राब हो सकती है। ऐसे में अगर आप नहीं चाहते कि मानसून में टर्मिनल ख़राब हो तो फिर आपको उसकी सफाई करते रहना चाहिए। सफाई के दौरान हाथों में ग्लव्स ज़रूर पहने।

## एसिड लेवल ज़रूर चेक करें

मौसम कोई भी हो बैटरी का एसिड लेवल चेक करते रहना बहुत ज़रूरी है। अगर बैटरी में सामान स्तर से कम एडिस हो तो बैटरी कभी भी ख़राब हो सकती है। ऐसे में अगर आप नहीं चाहते कि तेज बारिश या अंधी में इन्वर्टर ख़राब हो तो समय-समय पर बैटरी में एसिड डालते रहे। आपको बता दें कि कई लोग नॉर्मल पानी को गुनगुना करके बैटरी में डाल देते हैं। ऐसे में आप ये गलती न करें।

## इन बातों का भी रखें ध्यान

बैटरी की सफाई करने से पहले लाइट को ऑफ़ ज़रूर रखें।
अगर आपको बैटरी की सफाई करने या एसिड डालने में डर लगता है तो आप किसी एक्सपर्ट की मदद से ले सकते हैं।



# बच्चों के डिमांडिंग नेचर को कॉन्फिडेंस और मुखरता में बदलें

**कुछ बच्चे बहुत ज्यादा डिमांडिंग और बॉसी होते हैं। ये कहना गलत नहीं होगा कि ये बच्चे अपने पैरेंट्स और फैमिली ही नहीं बल्कि अपने दोस्तों के लिए भी परेशानी बन सकते हैं। यदि आपको अपने बच्चे में यहां बताए गए संकेत दिख रहे हैं तो समझ जाएं कि आपका बच्चा बड़ा होकर नहीं बल्कि अभी से ही हिटलर बन सकता है।**

बच्चे अपनी बात मनवाने के लिए अपने पैरेंट्स से इस तरह की डिमांड करते हैं। मुझे ये चीज नहीं दिलवाई तो मैं स्कूल नहीं जाऊंगा या मेरे लिए ये काम नहीं किया तो मैं खाना नहीं खाऊंगा। अमूमन हर बच्चा बचपन में अपनी बात मनवाने के लिए इस तरह की बातें बोलता है लेकिन कुछ बच्चे अपनी मर्जी को लेकर अड़े रहते हैं और मां-बाप के लाख समझाने पर भी उन्हें बात समझ नहीं आती है। अगर आपका बच्चा भी अपनी बात पर अड़ा रहता है तो हो सकता है कि वो बॉसी और डिमांडिग हो। यदि आपका बच्चा भी बॉसी है तो आप यहां जान सकते हैं कि उस बॉसी, डिमांडिंग और गुस्सैल व्यवहार को आप किस तरह शांत कर सकते हैं। कुछ पैरेंट्स को लगता है कि बच्चों की ग्रोथ में बॉसी होना एक नॉर्मल फेज है जो कि कुछ हद तक ठीक है। तीन या चार साल की उम्र में बच्चे अपने आसपास के माहौल को भांपना शुरू कर देते हैं। उन्हें समझ आने लगता है कि उन्हें क्या पसंद और नापसंद आ रहा है। इस उम्र के बच्चों के बॉसी नेचर को आप कॉन्फिडेंस और मुखरता के गुण में बदल सकते हैं।

## हिटलर बनता है

चीजें फेंकता है, उल्टा बोलता है, चिल्लाता है और आपकी बात मानने से इनकार कर देता है और अपनी जिद पर अड़ा रहता है तो आपके बच्चे के हिटलर बनने के चांसेस हैं। ये बच्चे दूसरों को भी बुली कर सकते हैं। अगर आप भी ऐसे बच्चों के साथ हिटलर की तरह ही पेश आएंगे तो बात नहीं बन पाएगी। आपको इनके सामने अच्छा बनकर पेश आना होगा ताकि वो आपसे सीखे। जब ये बच्चे कुछ अच्छा करते हैं तो उनकी तारीफ जरूर करें।

## दोस्त नहीं बन पाते

जब बच्चा बड़ा होगा तो उसे पता चलेगा कि उसे बॉसी होने की वजह से दूसरे बच्चे उसका दोस्त नहीं बनना चाहेगा। वहीं ऐसे बच्चे दूसरों को बुली करने वाले भी बन सकते हैं। इस वजह से आपका बच्चा अकेला रह सकता है। अपने बच्चे से कहें कि अगर वो किसी से प्यार से बात करता है तो बाकी बच्चे उसकी बात सुनेंगे और उसके दोस्त बनेंगे।

## बढ़ावा ना दें

अगर आपका बच्चा बॉसी है और कोई गलत हरकत करता है तो ऐसी कोई बात ना कहें जिससे उसे बढ़ावा मिले। उस पर हंसे नहीं और ना ही उसका मजाक उड़ाएं या उसे डांटे नहीं। शांत रहें और उसे कहें कि वो अपनी बात शांत रहकर भी रख सकता है।

## हुक्म ना मानें

अगर आपका बच्चा हुक्म के तौर पर आपको कोई ऑर्डर देता है तो इसे बिल्कुल ना मानें। उसे समझाएं कि वो आपका बॉस नहीं है। अगर आप उसे अभी नहीं रोकेंगे तो उसे लगेगा कि वो आपका ही नहीं बल्कि सबका बॉस है।

## सांत्वना दें

अगर आपका बच्चा दूसरे बच्चों से दूर या अलग-थलग रहने पर अकेला महसूस कर रहा है तो उस पर तरस ना खाएं या उसे दोष ना दें। उसकी मदद करें कि वो किस तरह अच्छा बिहेवियर अपनाकर अपनी इस समस्या को हल कर सकता है।



# कलरफुल पुराने कपड़ों की मदद से अपने घर को दें नया लुक

घर की सजावट भला किसे अच्छी नहीं लगती है। हम सभी इसके लिए कई तरीके आजमाते हैं और अपने आशियाने को बेहतर बनाते हैं। हम आपको बताने जा रहे हैं कि कैसे आप पुराने कपड़ों की मदद से घर को नया लुक दे सकती हैं। अगर आपके घर में भी कलरफुल पुराने कपड़े मौजूद हैं तो आपको इसका दोबारा इस्तेमाल करके अपने घर को सजाना चाहिए। हम सभी के घर में कुछ कपड़े ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल हम नहीं करते हैं। अगर आपके घर में भी ऐसे कपड़े मौजूद हैं तो आपको इन कपड़ों की मदद से अपने घर सजाना चाहिए। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे अपने घर को पुराने कपड़ों की मदद से सजा सकती हैं।

## डोर को सजाएं

पुराने कपड़ों की मदद से आप अपने घर के डोर को सजा सकती हैं। सबसे पहले आपको अपने डोर पर इन कपड़ों को लटकाना है फिर फेरी लाइट को दरवाजों पर लटका देना है। ध्यान रखें कि अलग- अलग कपड़ों का इस्तेमाल करें। इससे लुक काफी खास आएगा।

## वॉल डेकोरेशन में करें इस्तेमाल

वॉल डेकोरेशन में भी आप इन पुराने कलरफुल कपड़ों का इस्तेमाल कर सकती हैं। अलग- अलग कपड़ों को आप दीवारों पर लटका दें। फिर फेरी लाइट्स की मदद से पूरे दीवार को सजाएं।
इस तरीके से आप अपने घर को त्योहार या किसी फंक्शन के समय सजा सकती हैं। ऐसे में आपके घर की खूबसूरती बढ़ जाएगी और पुराने कपड़ों का भी इस्तेमाल हो जाएगा।

## कलरफुल पुराने कपड़ों का कवर

आप इन कपड़ों की मदद से तकिया के लिए कवर भी बना सकती हैं। यह देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है। ऐसे में आपको अपने पुराने कपड़ों को तकिए के साइज में काटना चाहिए और तकिए के हिसाब से कवर तैयार करना चाहिए। इससे तकिए का कवर तैयार हो जाएगा।





# मानसून में अपने गार्डन में लगाएं ये सब्जियां

**मानसून का मौसम आते ही हर तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। इस मौसम में लगभग सभी पेड़ में नए-नए पत्ते और हरी सब्जियों में फल निकलते रहते हैं। इस मौसम में पौधे में अधिक पानी भी डालने की ज़रूरत नहीं होती है और तेज धूप नहीं होने की वजह से पौधे भी हरे-भरे रहते हैं।**

ऐसे में अगर आप मानसून के अनुसार अपने गार्डन में नए पौधों का बीज लगाना चाहते हैं और फ्रेश सब्जियां खाना चाहते हैं तो फिर आपको इस लेख को ज़रूर पढ़ना चाहिए। क्योंकि इस लेख में हम आपको कुछ सब्जियों के बीज को लगाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आप आसानी से मानसून में लगाकर ताजी सब्जियां प्राप्त कर सकते हैं। आइए जानते हैं।

## खीरा का पौधा

खीरा एक ऐसी सब्जी है जिसका इस्तेमाल सलाद में भी किया जाता है और अन्य डिश बनाने में भी किया जाता है। हालांकि, कई लोगों को लगता है कि खीरा को उगाना बहुत मुश्किल है, लेकिन ऐसा नहीं है। गार्डन में खीरा का पौधा लगाना बहुत आसान है। इसे आप गमले में या फिर अन्य जगह भी लगा सकते हैं। एक पौधे में कम से कम दर्जन से अधिक फल हो सकते हैं।

## टमाटर का पौधा

आज के समय टमाटर एक ऐसी चीज है जिसका इस्तेमाल लगभग हर भारतीय घरों में होता है। कई लोग इसे सलाद बनाने, चटनी बनाने या अन्य सब्जी में डालने के लिए इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में अगर गार्डन में फ्रेश टमाटर उगाना चाहते हैं तो मानसून के समय आसानी से टमाटर का पौधा लगा सकते हैं। मानसून के समय में पौधे में आपको अधिक पानी भी डालने की जगह नहीं है। इसके लिए उचित मात्र में खाद और सही किस्म का बीज लगाने की ज़रूरत है।

## भिंडी का पौधा

मुझे तो भिंडी की भुजिया बेहद पसंद है। शायद आपको भिंडी की भुजिया ज़रूर पसंद होगा। खैर, अगर आप गार्डन में सब्जी को उगाना चाहते हैं तो भिंडी को भी उगा सकते हैं। मानसून के मौसम में भिंडी का पौधा काफी तेजी से बढ़ता है और आपको अधिक मेहनत भी करने की ज़रूत नहीं है। अगर आप चार से पांच पौधे ही लगा लेते हैं कई किलो भिंडी प्राप्त कर सकते हैं।

### पौधा लगाने के लिए सामग्री

- मिट्टी
- गमला
- बीज
- खाद
- पानी

### पौधे लगाने का तरीका

- पौधा लगाने के लिए सबसे पहले आप मिट्टी में खाद को अच्छे से मिक्स लें।
- आप इसमें मिट्टी में आप 50ग्र कोको-पीट और 50ग्र वर्मीकम्पोस्ट (केंचुआ खाद या गोबर) को भी अच्छे से मिक्स कर सकते हैं।
- अब खाद युक्त मिट्टी को गमले में डालकर अच्छे से बराबर कर लें।
- इसके बाद मिट्टी में लगभग 2 इंच बीज को बदकार मिट्टी को बराबर कर लें और ऊपर से पानी डाल दें।
- इसके बाद समय-समय पर खाद, पानी और कीटनाशक स्प्रे का छिड़काव करते रहे।



# आउटडोर कुशन की क्लीनिंग के लिए इन स्टेप्स को करें फॉलो

अमूमन लोग अपने घर के भीतर ही नहीं, बाहर गार्डन एरिया या फिर लॉबी में भी फर्नीचर रखना पसंद करते हैं, ताकि वे कुछ फुरसत के पल वहां पर बिता सके। जब आप आउटडोर में फर्नीचर रखते हैं, तो उसे अधिक ब्यूटीफुल व आरामदायक बनाने के लिए कुशन भी रखे जाते हैं। अधिकतर कुशन के ऊपर कवर लगे होते हैं, जिन्हें आसानी से रिमूव किया जा सकता है और आप इन कुशन कवर को आसानी से वॉशिंग मशीन में धो सकती हैं। लेकिन अगर आपके आउटडोर कुशन पर कवर नहीं है या फिर वह रिमूवेबल नहीं है, तो यकीनन कुशन को क्लीन करना एक टफ टास्क हो जाता है। यह देखने में आता है कि इस स्थिति में महिलाएं कुशन को धोना अक्सर अवॉयड करती हैं। हालांकि, आपको ऐसा कुछ भी करने की जरूरत नहीं है। बस आप कुछ आसान स्टेप्स फॉलो करें और आउटडोर कुशन को क्लीन करें।

## वैक्यूम क्लीनर का करें इस्तेमाल

जब बात आउटडोर कुशन को क्लीन करने की हो, तो ऐसे में आप सबसे पहले वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल करें। यह धूल, मिट्टी और सूखी गंदगी को हटाने में आपकी मदद करेगा। आप वैक्यूम क्लीनर के अलावा एक नरम-ब्रिसल वाले ब्रश का उपयोग भी कर सकते हैं और धूल-मिट्टी की सफाई कर सकते हैं।

## करें स्क्रब

लूज डर्ट को क्लीन करने के बाद अब बारी आती है डीप क्लीनिंग की। इसके लिए आप एक बाल्टी पानी में एक चौथाई कप बोरेक्स के साथ 1 बड़ा चम्मच डिश डिटर्जेंट मिलाएं। अब एक ब्रश को इसमें डिप करें और कुशन के दाग वाले क्षेत्रों पर हल्का स्क्रब करें। आप इसे कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

## सिरका आएगा काम

अगर आपके पास बोरेक्स नहीं है या फिर आप आउटडोर कुशन को नेचुरल तरीके से क्लीन करना चाहते हैं, तो ऐसे में सिरके का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। इसके लिए आप 4 कप गर्म पानी में एक चौथाई कप डिस्टिल्ड व्हाइट विनेगर डालें और एक स्प्रे बोतल में डालें। सतह को वैक्यूम करने के बाद, कुशन को घोल से स्प्रे करें और 15 मिनट के लिए ऐसे ही रहने दें। दाग वाले क्षेत्रों को साफ़ करने के लिए एक नरम ब्रश का प्रयोग करें। पानी से धो लें और हवा को सूखने दें।

## यूं करें क्लीनिंग

कुशन को स्क्रब करने के बाद उसे हल्का सा प्रेशर देते हुए पानी की मदद से साफ करें। हालांकि, यह ध्यान रखें कि आप इस दौरान प्रेशर वॉशर का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे फैब्रिक खराब हो सकता है। अब, अपने हाथों की मदद से अतिरिक्त पानी को निचोड़ने का प्रयास करें। फिर इसे एक साफ तौलिये से पोंछ लें ताकि अधिक से अधिक नमी सोखी जा सके। अब कुशन को लंबाई में ऊपर उठाकर रखें और उन्हें पूरी तरह से हवा में सूखने दें।

## यूं करें दाग की सफाई

**आउटडोर में रखे फर्नीचर व कुशन में तरह-तरह के दाग लगने का खतरा काफी अधिक रहता है। ऐसे में आप इन दागों की क्लीनिंग के लिए यह उपाय अपना सकती हैं-**

- अगर कुशन पर घास के दाग लग गए हैं, तो आप बोरेक्स के घोल का इस्तेमाल करें।
- अगर यह घास के दागों पर काम नहीं करता है, तो एक लिक्विड डिटर्जेंट की मदद लें, जो दाग हटाने में आपकी मदद करे।
- वहीं, कुशन पर मोल्ड या फफूंदी हटाने के लिए ब्रश का उपयोग करना सबसे अच्छा माना जाता है। आप चाहें तो व्हाइट डिस्टिल्ड विनेगर को स्प्रे करके भी उसे क्लीन कर सकती हैं।
- आउटडोर कुशन पर तेल का दाग लग जाने पर कॉर्नस्टार्च या बेकिंग सोडा छिड़क कर साफ किया जा सकता है। तेल के सोखने के लिए 15 मिनट तक प्रतीक्षा करें। उसके बाद कुशन को क्लीन करें।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### पश्चिम बंगाल में भीड़ का तंत्र

पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर में भीड़ के बीच एक महिला और पुरुष की बुरी तरह पिटाई की घटना अराजक हो चुके लोगों और नाकाम हो चुकी सरकार का ही उदाहरण लगती है। खबरों के मुताबिक, विवाहेतर संबंधों के आरोप पर गांव में एक कथित सभा बुला कर युवा जोड़े को सजा के तौर पर सबके सामने बर्बरता से पीटा गया। एक वीडियो में भीड़ के बीच एक व्यक्ति महिला और पुरुष की जिस तरह पिटाई करता दिखता है, वह हैरान करने वाला है। वहां खड़े लगभग सभी लोग मूकदर्शक थे और कहीं भी पुलिस या प्रशासन का दखल नहीं दिख रहा था। सवाल है कि किसी व्यक्ति के व्यवहार या गतिविधि को अपराध तय करने और उसे सजा देने का अधिकार कुछ अराजक, अपराधी तत्त्वों या भीड़ को किसने दे दिया! हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने महिला और पुरुष को पीटने के मुख्य आरोपी से कोई संबंध होने से इनकार किया, मगर बताया जा रहा है कि वह शख्स इसी पार्टी का स्थानीय कार्यकर्ता है। किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था और शासन-तंत्र की हर स्तर पर मौजूदगी के दावे वाले राज्य में हुई यह घटना जिस प्रकृति में देखी गई, उससे यही लगता है कि या तो अपराधी तत्त्वों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है या फिर उनके बीच सरकार या पुलिस का कोई खौफ नहीं है। अराजकता के आलम का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि बीते एक हफ्ते के दौरान राज्य में भीड़ द्वारा हिंसा की कई घटनाएं सामने आईं। खुद पुलिस के मुताबिक, हाल में राज्य में भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या किए जाने की यह चौथी घटना है। ऐसा लगता है कि पश्चिम बंगाल में कुछ लोगों ने खुद को न्यायालय मान लिया है और वे मनमाने तरीके से फैसला कर डालते हैं। हैरानी की बात है कि राज्य में कई जगहों पर किसी कथित 'कंगारू कोर्ट' या सभाओं में सामाजिक मसलों पर महज आरोप के बाद आनन-फानन में ऐसे फैसले सुना दिए जाते हैं, जो अराजकता का ही उदाहरण है। ऐसी किसी घटना के तूल पकड़ने के बाद पुलिस आनन-फानन में कार्रवाई करती दिखती है, लेकिन इससे पहले सरकार और उसका शासन-तंत्र कहां होता है।

### फिर संभाली कमान

भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हेमंत सोरेन की मुख्यमंत्री पद पर वापसी ने राजनीतिक जवाबदेही पर बहस छेड़ दी है। आलोचकों का मानना है कि उन्हें जमानत मिलने के बाद लोगों का विश्वास पुनः अर्जित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए था, जिससे उनका कद ऊंचा होता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बल मिलता। जैसी कि संभावना जताई जा रही थी, जेल से बाहर आने के कुछ ही दिनों बाद जेएमएम नेता हेमंत सोरेन के दोबारा मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। बुधवार को चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जिस जल्दबाजी में उन्होंने गुरुवार को शपथ ग्रहण किया, उसे सामान्य नहीं कहा जाएगा। हेमंत सोरेन ही नहीं, जेएमएम का भी कहना है कि उन्हें राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है और यह कि लोकसभा चुनावों से ऐन पहले झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर बैठे व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेजने की जिद के पीछे मंशा यही थी कि राज्य में जेएमएम और विपक्षी गठबंधन इंडी को ज्यादा सीटें न मिल सकें। अब जब हाईकोर्ट के आदेश से हेमंत सोरेन जेल से बाहर आ गए हैं तो पार्टी, गठबंधन और सरकार उनके योग्य तथा सक्षम नेतृत्व से क्यों वंचित रहें। दिक्कत यह है कि कुछ ऐसे सवाल और मुद्दे भी इस मामले से जुड़े हैं जिन्हें फिलवक्त जेएमएम और इंडी के नेता अनदेखा कर रहे हैं। एक बड़ा सवाल तो यही है कि क्या एक खास परिवार से बाहर के लोगों का स्थान जेएमएम में 'फिलर' जैसा ही है कि जब जरूरत हो वे किसी का स्थान भरने आ जाएं और फिर जरूरत पूरी होते ही हटा दिए जाएं। जाहिर है, विपक्ष इसे मुद्दा बनाएगा, बल्कि बनाना शुरू कर दिया है। आने वाले विधानसभा चुनावों में इस सवाल की असरदार काट तैयार करना जेएमएम के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। हेमंत सोरेन पर लगे आरोपों को लेकर चाहे कुछ भी कहा जाए, यह एक तथ्य है कि देश की एक राष्ट्रीय जांच एजेंसी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कर रही है, जिसका झूठ-सच सामने आना अभी बाकी है। हेमंत सोरेन अभी जमानत पर बाहर आए हैं। खबरें बताती हैं कि ईडी उन्हें मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की सोच रही है। ऐसे में क्या गारंटी है कि सुप्रीम कोर्ट से फैसला उनके खिलाफ नहीं आएगा और दोबारा उनके जेल जाने की स्थिति पैदा नहीं होगी? सबसे ऊपर है राजनीतिक जवाबदेही का मुद्दा। हेमंत सोरेन पर ईडी द्वारा लगाए गए आरोपों की सचाई चाहे जो भी हो, इससे इनकार नहीं किया।

## मंगल समागम का अमंगल हो जाना

**(ओपीएस मलिक, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी)**

> *फरवरी, 2013 में प्रयाग में कुंभ से लौटती भीड़ के कारण रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ हो या हाथरस की ताजा घटना, समस्या आखिरी लम्हों में ही पैदा हुई। इसकी दो वजहें मानी जाती हैं। पहली, आखिरी वक्त में पुलिसकर्मी सुस्त पड़ जाते हैं और कहीं-कहीं तो वापस भी लौट जाते हैं। इसके कारण शरारती तत्वों को बखेड़ा करने का मौका मिल जाता है।*

हाथरस की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। आजकल धार्मिक समागमों में अक्सर दुर्व्यवस्था पैदा हो जाती है। बीते कुछ वर्षों में धार्मिक आयोजनों में मची भगदड़ इसकी गवाह है। यहां तक कि सड़क हादसों के शिकार लोगों में भी एक बड़ी संख्या तीर्थयात्रियों की होती है। लिहाजा, इन घटनाओं से जुड़े तमाम आयामों पर हमें गौर करना होगा और समय रहते उचित कदम भी उठाने होंगे। हाथरस में सत्संग के लिए क्या इंतजाम किए गए थे और क्या नहीं, इस पर अभी बहस होती रहेगी, लेकिन पहली नजर में तो यही लगता है कि आयोजन-स्थल पर प्रभावी इंतजाम नहीं किए गए थे। किसी भी बड़े आयोजन की जिम्मेदारी जिला प्रशासन और आयोजक, दोनों की होती है। हालांकि, आयोजकों का इंतजाम उतना प्रभावी नहीं हो सकता, जितना जिला प्रशासन का होता है। आयोजकों के सेवादार भी एक हद के बाद समस्या बन जाते हैं। मगर जिला प्रशासन आमतौर पर तभी सक्रिय होता है, जब उसके पास ऐसे किसी आयोजन की पूर्व-सूचना पहुंचती है। यह खबर अमूमन आयोजक ही देता है कि वह एक तय तिथि को कार्यक्रम करने जा रहा है। इसमें वह श्रद्धालुओं के पहुंचने की अनुमानित संख्या भी बताता है। इसके बाद जिला प्रशासन की यह जिम्मेदारी होती है कि वह आयोजन-स्थल का मुआयना करके कार्यक्रम पर फैसला ले। वह चाहे, तो पुलिस ऐक्ट के तहत ऐसे आयोजनों को नियमित कर सकता है, अनुमति देने से इनकार कर सकता है या शर्तें तय कर सकता है। मगर मुश्किल यह है कि तमाम धार्मिक आयोजनों में अब तरह-तरह की व्यावसायिक गतिविधियां भी होने लगी हैं। इनमें जितने भक्त आते हैं, उतना ही चढ़ावा चढ़ता है, दान मिलता है व धन का हस्तांतरण होता है। इन सबसे आयोजनों में व्यवस्था के तार-तार होने का डर बना रहता है। हालांकि, आयोजकों के सिर पर जिम्मेदारी डालकर प्रशासन अपने कर्तव्यों की इतिश्री नहीं कर सकता। अगर किसी आयोजन के लिए उससे अनुमति नहीं भी ली गई होती है और उसमें हजारों-लाखों लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जाती है, तो जिला प्रशासन अपने तईं सरकारी अमले का उपयोग करने को स्वतंत्र होता है। यानी, आयोजक अनुमति ले अथवा नहीं, दोनों ही परिस्थितियों में जिम्मेदारी जिला प्रशासन के कंधों पर ही होती है। लिहाजा, उसे स्वतः सुरक्षा इंतजाम करने पड़ते हैं या बंदोबस्त न कर पाने की सूरत में कार्यक्रम रद्द कराने होते हैं। उसको कई तरह की प्रशासनिक ताकत इसीलिए मिली हुई है। हालिया दिनों में आयोजकों में यह सोच घर कर रही है कि धार्मिक जलसों के लिए अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। अगर आज्ञा ले भी ली, तो प्रशासन द्वारा लगाई गई शर्तों को मानने का कोई औचित्य नहीं। यह गलत प्रवृत्ति है। इसी के कारण देश भर में कई बाबा प्रकट हो गए हैं। ये अक्सर बरसात के दौरान चौमासा में सामने आते हैं। इनका इलाका भी बंटा हुआ होता है। ये स्वयंभू बाबा किसी को कुछ नहीं मानते और भीड़ का इस्तेमाल अपनी ताकत दिखाने के लिए करते हैं। ऐसे कार्यक्रमों पर पर्याप्त सख्ती आवश्यक है। मगर धार्मिक आयोजनों को लेकर जिला प्रशासन में एक तरह का खौफ भी बना रहता है। यह स्थिति तब है, जब जिले पहले की तुलना में छोटे कर दिए गए हैं। जाहिर है, उसका यह डर मुनासिब नहीं है। ऐसी स्थिति से पार पाने के लिए जरूरी है कि नियमों का हरसंभव पालन किया जाए। हर क्षेत्र के हिसाब से एक मानक संचालन प्रक्रिया (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर, यानी एसओपी) बनी हुई है, जिसमें बताया गया है कि जब भीड़ इकट्ठी हो जाए, तो उसका प्रबंधन कैसे किया जाना चाहिए? किस तरह के कार्यक्रमों को अनुमति देनी है और किस कदर शर्तें मनवानी है। इस प्रक्रिया पर सख्ती से अमल आवश्यक है। भगदड़ की ज्यादातर घटनाएं आयोजन के समापन के वक्त होती हैं। फरवरी, 2013 में प्रयाग में कुंभ से लौटती भीड़ के कारण रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ हो या हाथरस की ताजा घटना, समस्या आखिरी लम्हों में ही पैदा हुई। इसकी दो वजहें मानी जाती हैं। पहली, आखिरी वक्त में पुलिसकर्मी सुस्त पड़ जाते हैं और कहीं-कहीं तो वापस भी लौट जाते हैं। इसके कारण शरारती तत्वों को बखेड़ा करने का मौका मिल जाता है। और दूसरी, आयोजनों में शामिल होने के लिए श्रद्धालु बेशक टुकड़े-टुकड़े में आते हैं, पर आयोजन स्थल से निकलते समय एक झुंड में बाहर आते हैं। यह एक चुनौतीपूर्ण परिस्थिति होती है। इसे संभालने का दायित्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों पर होता है। कुंभ के दौरान तो प्रयागराज के जोनल आईजी को आसपास के 10-12 जिलों के यातायात और भीड़ प्रबंधन का प्रमुख बनाया जाता है, ताकि श्रद्धालुओं के आने-जाने का उचित प्रबंधन हो सके। यहां एक और मसला है, जो मैंने अपनी पुलिस सेवा के दौरान वर्ष 2001 के कुंभ में देखा था। यह है लोगों की मानसिकता। मैं और तत्कालीन एसएसपी लोगों से यह कहते-कहते थक गए कि वे स्नान कर लें, ताकि भीड़ कुछ कम हो, लेकिन 'अमृत-बूंद के गिरने' के नजदीक ही नहाने पर लोग अड़े रहते थे। कोई इससे पहले नहाने को तैयार नहीं होता था, जिसके कारण भीड़ का दबाव बढ़ जाता था। चूंकि अगले वर्ष प्रयागराज में फिर से कुंभ का आयोजन हो रहा है, इसलिए स्थानीय प्रशासन के लिए यह सबक जैसा है कि भीड़ प्रबंधन के लिए उसे दो बड़ी चुनौतियों से पार पाना होगा। एक, लोगों की मुहुर्त देख नहाने की जिद और दूसरा, संगम स्थल के पास ही स्नान की लालसा। हर आदमी एक खास समय में यह काम करना चाहेगा, जिस कारण अराजकता हो सकती है। इसको संभालना आसान काम नहीं होगा। जाहिर है, कुछ बातों का यदि ख्याल रखा जाए, तो ऐसे आयोजनों में होने वाले दुखद हादसों पर हम काफी हद तक लगाम लगा सकते हैं। सबसे पहले तो पुख्ता बंदोबस्त आवश्यक है, फिर एसओपी का पालन सुनिश्चित करना होगा। इसके बाद नियमों व शर्तों के पालन में सख्ती दिखानी होगी और फिर, बिना डरे हुए भीड़ का उचित प्रबंधन करना होगा। चूंकि लोग ऐसे आयोजनों से भावनात्मक रूप से भी जुड़े होते हैं, इसलिए उनकी मानसिकता को समझते हुए स्थानीय प्रशासन को उचित कदम उठाने होंगे। विशेषकर आखिरी लम्हों में खास सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि अप्रत्याशित हालात बनने की आशंका अंत में ही सबसे अधिक होती है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## भारतीय अदालतों पर मुकदमों का बोझ बढ़ाती लंबी जिरह

**(राहुल मथान, साइबर विशेषज्ञ)**

अपनी किताब द कोर्ट ऑन ट्रायल में अपर्णा चंद्रा, सीतल कलंत्री और विलियम हबर्ड ने भारतीय सुप्रीम कोर्ट के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए डेटा-संचालित दृष्टिकोण अपनाया है। शीर्ष अदालत के दस लाख से भी अधिक मामलों के डेटा-सेट का उपयोग करते हुए इन तीनों ने कई सवालों का उत्तर खोजने का प्रयास किया है। मसलन, क्या हमारी शीर्ष अदालत वास्तव में 'जनता का न्यायालय' है; क्या कुछ व्यक्तियों (बड़े नामचीन वकीलों) का इसके फैसलों पर ज्यादा असर है; क्या रोस्टर-मास्टर के तौर पर प्रधान न्यायाधीश मनपसंद पीठ को अहम मुकदमों को सौंपने की शक्ति के जरिये अपना प्रभाव बढ़ाते हैं; और क्या सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्ति का वादा किसी न्यायाधीश के कार्यकाल के अंतिम दिनों के न्यायिक निर्णयों को प्रभावित कर सकता है? इस किताब की कुछ बातों से मैं सहमत नहीं हूं। जैसे, सुप्रीम कोर्ट जनता की अदालत है या नहीं, इसके आकलन के लिए अपनाई गई इनकी पद्धति। लेखक त्रयी ने इस आकलन के लिए मुकदमों को स्वीकृत किए जाने के आंकड़ों को देखा और तर्क दिया कि यह सचमुच लोगों की अदालत है, क्योंकि सुबूत बताते हैं कि न्यायालय ऐसे अधिक मामलों को स्वीकार करता है, जिनमें जीतने की संभावना नहीं होती। मेरी नजर में इस निष्कर्ष पर पहुंचने का यह पेचीदा तरीका है। सरल रास्ता यह होता कि विशेषाधिकार से रहित लोगों द्वारा दायर मुकदमों की संख्या गिनी जाती, और फिर उनमें से किस अनुपात में मुकदमे स्वीकार किए गए, इसका आकलन किया जाता। हालांकि, इसमें कई जानकारियां ऐसी हैं, जो काफी उपयोगी हैं। उदाहरण के लिए, सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के आंकड़े तो आंखें खोलने वाले हैं। शीर्ष अदालत में दर्ज सभी मामलों में से लगभग 40 प्रतिशत मुकदमे पांच साल से अधिक समय से लंबित हैं, तो वहीं 7.7 फीसदी मामले 10 से भी अधिक वर्षों से लंबित पड़े हैं। हम सब भारतीय कानून प्रणाली की लेट-लतीफी से बखूबी वाकिफ हैं, पर यह कई लोगों के लिए एक झटका हो सकता है कि देश की सबसे ऊंची अदालत भी कुछ मामलों में उच्च न्यायालय जितना लंबा समय लेती है! ये तीनों लेखक बैकलॉग समस्या का समाधान भी सुझाते हैं। उनके मुताबिक, मुकदमों में जिरह पर अनुचित जोर देरी का बड़ा कारण है। जाहिर है, हम मौखिक जिरह से बचते हुए लिखित प्रस्तुतियों से भी फैसले तक पहुंच सकते हैं, खासकर वाणिज्यिक विवाद के मामलों में, जहां निर्णय अक्सर तथ्य की खोज मात्र होता है। ये कुछ ऐसी कमियां हैं, जिनके हम सब इतने अभ्यस्त हो गए हैं कि हम मानते हैं, यह न्यायिक प्रणाली की अपरिहार्य विशेषता है। यह एक गहरी धारणा है कि जब तक वकील मौखिक जिरह नहीं करेंगे, तब तक न्याय ही नहीं मिलेगा। पिछले महीने, अमेरिका में एक अपीलीय न्यायाधीश के साथ मुझे सप्ताहांत बिताने का मौका मिला। उस दौरान हमने भारतीय न्यायिक प्रणाली के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और यह जानने की भी कोशिश की कि अमेरिका में काम करने के तरीके से यह कैसे भिन्न है? मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि कई मामलों में अमेरिकी न्यायाधीश केवल लिखित दलीलों की बिना पर ही मुकदमों का फैसला करते हैं। मौखिक जिरह के लिए भी वहां एक सख्त समय-सीमा की व्यवस्था है। आम तौर पर छोटे मामलों में हर पक्ष के लिए 10 मिनट से अधिक नहीं, बल्कि सबसे महत्वपूर्ण (मृत्युदंड) मामलों में हरेक पक्ष को 30 मिनट तक मौखिक जिरह की अनुमति होती है। जब मैंने उनसे पूछा कि सिर्फ 20 मिनट की मौखिक जिरह के बाद किसी मुकदमे का फैसला करते हुए उन्हें कैसा लगता है, तो उनका जवाब था, लगभग हरेक मामले में उनका निर्णय काफी हद तक लिखित दलीलों पर आधारित होता है। जब वकील मौखिक जिरह करते हैं, तब वह उस समय का उपयोग उन मुद्दों पर स्पष्टीकरण पाने के लिए करती हैं, जो लिखित प्रस्तुतियों में तफसील से शामिल नहीं किए गए होते।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5425

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5424

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

## वर्ग पहेली 5425

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ | 14 |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | 18 | 19 | |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | |
| ■ | 23 | | | 24 | | ■ | ■ |
| 25 | | | ■ | 26 | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1947 को इन्होनें भारत के उपप्रधानमंत्री का कार्यभार संभाला था (8)
7. महिला ईसाई पादरी (2)
8. गले की नली, कंठ, आहार नली (3)
9. हिंदी साहित्य का एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द दो या अधिक बार आता है और इसका प्रत्येक बार भिन्न अर्थ होता है (3)
11. कर्नाटक का यह जिला स्वर्ण खानों के लिए प्रसिद्ध है (3)
12. जूते का निचना हिस्सा (2)
13. चंद्रमा, मंयक (2)
15. जो जल्दी न मिल सके, दुर्लभ (3)
17. नफीरी (4)
20. एक बार सांस लेने का समय, खींच, कश (2)
22. राजी करना, प्रसन्न करना, समझाना-बुझाना (3)
23. यह भारत की पहली सवाक् (बोलती) फिल्म थी (1931)(3)
26. कुपित दृष्टि के प्रभाव में आना, भेंट उपहार, सौगात (4)

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तराधिकारी पत्र, बिल (6)
2. अपुष्ट समाचार, उड़ती हुई खबर (3)
3. प्रतीति, अहसास, बोध (2)
4. अग्र, आदिम, अव्वल नंबर (3)
5. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
6. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
10. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
11. प्रयत्न, चेष्टा (3)
14. परिवर्तन करना, मुकरना, उपांतरण करना (4)
18. मर्मज्ञ (4)
19. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)
21. मेर यार मेरी (2)
23. अग्नि (2)
24. हाव-भाव, नाजोअदा, प्रतिज्ञा, गौरव (2)

### वर्ग पहेली 5424 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | ल | म | सं | जी | व | रे | ड्डी |
| ति | ल | क | ■ | ना | ■ | ज | ■ |
| ■ | क | बे | ल | ■ | बे | गा | ना |
| आ | ■ | ल | ह | जा | ■ | री | वा |
| ला | भ | ■ | र | ज | र | ■ | कि |
| प | र | दा | दा | ■ | खि | ला | क |
| ■ | पा | ■ | र | ■ | या | म | ■ |
| र | ई | स | ■ | भू | ■ | ■ | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ के योग बन रहे हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। कारोबार के मामले में कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। आपको विशेष सम्मान की प्राप्ति होने के योग हैं। भौतिक विकास का योग अच्छा है। शाम को आपके आनंद में वृद्धि होगी। आपको मंगलोत्सवों में शामिल होने का मौका मिलेगा। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### वृष
आज दिन सामान्य और सफलता से भरा होगा। साझे में किए गए काम में आपको लाभ होगा। व्यापार में काफी फायदा होगा और आपका मुनाफा अच्छा होगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। आज आपको परिवार के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े।

### मिथुन
आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है और आपका मन प्रसन्न रहेगा। धर्म और आध्यात्म के मामले में आपको पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे।

### तुला
आज आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने से आपके मन को सुकूल मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम की वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोरथ सिद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

### वृश्चिक
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे और ऑफिस में महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में आपके मन के अनुकूल माहौल बनेगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा। रात्रि में मांगलिक कार्य में जाने का मौका आपको मिल सकता है।

### धनु
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आपको लाभ होगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वहीं करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और आपके लिए लाभ के अवसर बनेंगे। सीनियर से सहयोग पाने का प्रयास करें तो आप प्रसन्न रहेंगे।

### कर्क
आज सावधानी से काम करने की जरूरत है। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें। धन में वृद्धि के योग हैं और आपको कारोबार में लाभ होगा। आपके परिवार में शुभ योग बन रहे हैं और आपको लाभ होगा।

### सिंह
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज लाभ देने वाला होगा। आप परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर सही कर सकते हैं। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

### कन्या
आज आपके करियर में तरक्की होगी। आपका दिन लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट समय से पूरे होंगे। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

### मकर
आज लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपसी वार्ता में व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आएं इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

### कुंभ
आज का दिन सावधानी और सफलता से भरा होगा। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आप प्रयास करते रहें तो आपको सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में बीतेगा।

### मीन
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आस-पास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है। आपको लाभ होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में सड़क हादसा, बेगूसराय में बच्चे को ट्रक ने कुचला

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार में रफ्तार का कहर जारी है. तेज रफ्तार ट्रक ने बेगूसराय में एक मासूम बच्चे को कुचल दिया. इस हादसे में मासूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. गुस्साय परिजनों ने ह ।।-31 को घंटे तक जाम रखकर जमकर हंगामा किया. करीब 4 घंटे तक सड़क जाम के कारण ह ।।-31 पर वाहनों का परिचालन बाधित हो गया. घटना नगर थाना क्षेत्र के ट्रैफिक चौक स्थित ह ।।-31 के पास की है.मृतक बच्चे की पहचान लोहिया नगर थाना क्षेत्र के बाघा के निवासी करण कुमार के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि करण कुमार अपनी मां के साथ जा रहा था, तभी सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया. गुस्साए परिजनों ने सड़क पर शव को रख कर 4 घंटा तक एनएच 31 को जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.घटना की जानकारी मिलने के बाद मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को मुआवजा दिलाने की बात कह हंगामे को शांत कराया. उन्होंने बताया है कि परिजनों को सरकारी मुआवजा दी जाएगी. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और उसके ड्राइवर को तलाश कर रही है.

### बिहार में सड़क हादसा, बेगूसराय में बच्चे को ट्रक ने कुचला

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार में रफ्तार का कहर जारी है. तेज रफ्तार ट्रक ने बेगूसराय में एक मासूम बच्चे को कुचल दिया. इस हादसे में मासूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. गुस्साय परिजनों ने ह ।।-31 को घंटे तक जाम रखकर जमकर हंगामा किया. करीब 4 घंटे तक सड़क जाम के कारण ह ।।-31 पर वाहनों का परिचालन बाधित हो गया. घटना नगर थाना क्षेत्र के ट्रैफिक चौक स्थित ह ।।-31 के पास की है.मृतक बच्चे की पहचान लोहिया नगर थाना क्षेत्र के बाघा के निवासी करण कुमार के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि करण कुमार अपनी मां के साथ जा रहा था, तभी सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया. गुस्साए परिजनों ने सड़क पर शव को रख कर 4 घंटा तक एनएच 31 को जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.घटना की जानकारी मिलने के बाद मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को मुआवजा दिलाने की बात कह हंगामे को शांत कराया. उन्होंने बताया है कि परिजनों को सरकारी मुआवजा दी जाएगी. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और उसके ड्राइवर को तलाश कर रही है.

### झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र से पहले अंदर भाजपा और बाहर पुलिसकर्मियों का प्रदर्शन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा परिसर के अंदर और बाहर जमकर हंगामा हुआ. विधानसभा परिसर के अंदर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने प्रदर्शन किया. धरना दिया. वहीं, विधानसभा परिसर के बाहर सहायक पुलिसकर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन किया. सहायक पुलिसकर्मी अपनी सेवा को समायोजित करने की मांग कर रहे हैं. इसके समर्थन में पुलिसकर्मी 2 जुलाई से मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे हैं. विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान इन्होंने वहां पहुंचकर अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए जोरदार प्रदर्शन किया. उधर दूसरी ओर, विधानसभा परिसर के अंदर मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. विपक्षी दल के विधायकों ने सरकार पर भ्रष्टाचार और युवाओं के साथ वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया. भाजपा विधायकों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थी, जिस पर तरह-तरह के नारे लिखे थे. भाजपा नेताओं ने इस सरकार को कोयला, पत्थर, बालू और जमीन लुटवा करार दिया. भाजपा विधायकों ने हेमंत सोरेन को सत्ता का भूखा और युवाओं के सपनों का हत्यारा बताया. कहा कि स्नातक को 5000 रुपए और स्नातकोत्तर को 7000 रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ. भाजपा विधायकों ने कहा कि राज्य की चौपट विधि व्यवस्था के लिए हेमंत सोरेन इस्तीफा दें.

# सुस्त पड़ा मानसून, अगले 4 दिन तक राज्य में कहीं कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना



**रांची, एजेंसी।** पिछले दस दिनों से जहां पूरे राज्य में सक्रिय मानसून का असर दिख रहा था, वहीं रविवार को कमजोर मानसून देखने को मिला। हालांकि, राजधानी के हरमू, कडरु, अरगोड़ा समेत कुछ अन्य जगहों पर रिमझिम फुहारों ने राहत दी, लेकिन उमस का असर भी देखने को मिली।

पिछले दस दिनों के अंदर हुई वर्षा ने किसानी को बल दिया है। पिछले दस दिनों से राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून का असर देखने को मिला और लगातार हो रही रिमझिम फुहारों ने तापमान गिरा दिया है। किसान खेतों का रूख करने लगे हैं और खरीफ फसल की तैयार में जुट गए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि 8 और 9 जुलाई को राजधानी समेत पूरे राज्य में कहीं कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है। यह स्थिति 11 जुलाई तक बने रहने के संकेत दिए गए हैं। बता दें कि अब तक पूरे राज्य में सामान्य वर्षापात 255.3 मिमी की जगह 129.3 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि राजधानी में 263 मिमी की जगह 138.5 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में कम है।

बताया गया कि राजधानी में 13 जुलाई तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य के सभी स्थानों पर हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। जबकि कहीं कहीं भारी वर्षा हुई। राज्य में मानसून की गतिविधि कमजोर रही। सबसे अधिक वर्षा 112 मिमी गोड्डा के दुमका के कुशियारी में रिकार्ड की गई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सरायकेला का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रांची का रिकार्ड किया गया। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बिरसा एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी के विज्ञानी डॉ. डीके शाही ने किसानों को खरीफ फसलों की खेती के लिए खेतों को तैयार करने की सलाह दी है।

खरीफ मौसम में खेती किसानी पर विचार साझा करते हुए बताया कि प्रदेश में 80 प्रतिशत कृषि कार्य इसी मौसम यानी खरीफ में होने से किसानों को कई बातों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को खेतीबाड़ी में अधिक से अधिक कृषि यंत्रों के उपयोग से खेतों की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। सही समय पर खरीफ खेती की तैयारी राज्य के किसानों के लिए बेहद उपयोगी एवं लाभप्रद होगी। उन्होंने कहा कि इस समय खेतों में जुताई के लिए उपयुक्त नमी मौजूद है। ऐसे में किसान अपने खाली पड़े खेतों की जुताई ढाल के विपरीत दिशा में करें तथा खेतों के मेड़ को दुरूस्त कर लें।

खेतों की तैयारी में बोई जाने वाली फसलों के लिए खेत की जुताई पूरी कर खेतों में कंपोस्ट खाद डालकर अच्छी तरह मिट्टी में मिला दें। खरीफ फसलों का समय पर बुआई के लिए शुद्ध, स्वस्थ प्रमाणित व उन्नत बीज का ही चयन करें। बीज को उपचारित करने के लिए फफूंदनाशी, कीटनाशी दवा, खरपतवार नाशक दवा की व्यवस्था करनी चाहिए। दलहनी एवं तेलहनी फसलों के बीज को उपचारित करने के लिए संबंधित फसल का राईजोबियम कल्चर यानी जीवाणु खाद को इस्तेमाल में लाएं। खेती किसानी में बेहतर उपज के लिए मिट्टी के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों के लिए मिट्टी जांच के आधार पर अनुशंसित उर्वरकों की मात्रा का प्रयोग करना उचित होगा। मिट्टी जांच रिपोर्ट नहीं होने की स्थिति में किसानों को संबंधित फसल के लिए अनुशंषित खाद एवं उर्वरकों की संतुलित मात्रा का अवश्य प्रयोग करना चाहिए।

## इमरजेंसी के बाहर दो घंटे स्ट्रेचर पर पड़ा रहा शव, नहीं मिली एंबुलेंस

**धनबाद, एजेंसी।** सेंद्रा 10 नंबर के रहने वाले संजय रवानी की मौत शनिवार को इलाज के दौरान एसएनएमएमसीएच में हो गयी. शव को परिजन घर लेकर जाना चाहते थे. इमरजेंसी के स्वास्थ्य कर्मियों ने वार्ड से स्ट्रेचर के जरिए शव को बाहर लाकर छोड़ दिया. परिजन शव को लेकर जाने के लिए एंबुलेंस की तलाश करने लगे, लेकिन एंबुलेंस चालकों की हड़ताल की वजह से शव दो घंटे तक इमरजेंसी के बाहर स्ट्रेचर पर ही पड़ा रहा. अंततः टोटो से संजय के शव को परिजन घर ले गये.

एसएनएमएमसीएच परिसर से दो सप्ताह पूर्व बाहर निकाले जाने के विरोध में निजी एंबुलेंस चालक शुक्रवार की रात 10 बजे से हड़ताल पर हैं. उनका कहना है कि परिसर से बाहर रहने से उन्हें सवारी नहीं मिलती. परिसर के अंदर प्रवेश करने वाले दूसरे वाहनों को सवारी मिल जाती है. ऐसे में उनके समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है. बता दें कि एसएनएमएमसीएच प्रबंधन ने अस्पताल परिसर से निजी एंबुलेंस पर यह आरोप लगाते हुए बाहर किया है कि चालक शराब पीकर अस्पताल परिसर में हंगामा करते हैं. मरीजों को बहला-फुसला कर निजी अस्पताल ले जाते हैं.

नवजात की मौत के बाद शनिवार को परिजनों ने एसएनएमएमसीएच के पेडियाट्रिक विभाग में हंगामा किया. परिजन पेडियाट्रिक विभाग की नर्सों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे थे. मटकुरिया काली बस्ती निवासी सन्नी कुमार ने बताया कि केंदुआ सीएचसी में तीन जुलाई को उनकी पत्नी निभा कुमारी ने बच्चे को जन्म दिया. रात में बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी. इसके बाद सीएचसी के चिकित्सकों ने उसे एसएनएमएमसीएच के पेडियाट्रिक विभाग रेफर कर दिया. शुक्रवार को दिन तक बच्चे की स्थिति ठीक थी. रात को बच्चे को स्टूल पास होने लगा. आरोप है कि विभाग में तैनात नर्सों ले बच्चे का पेट दबाकर स्टूल बाहर निकाला. इस कारण ही बच्चे की मौत हुई है. इधर, अस्पताल प्रबंधन ने सभी आरोपों से इनकार किया है. अस्पताल प्रबंधन के अनुसार बच्चे की स्थिति पहले से नाजुक थी. इसी कारण केंदुआ सीएचसी से एसएनएमएमसीएच भेजा गया था. बच्चे की गंभीर स्थिति की जानकारी परिजनों को पहले ही दे दी गयी थी.

## पुल के बाद अब बिहार में गिरी स्कूल की छत, बाल-बाल बचे बच्चे

**मुंगेर, एजेंसी।** बिहार में पुल गिरने और धंसने के साथ ही अब स्कूल की छत भी गिरने लगी है. मुंगेर के सदर प्रखंड की तारापुर दियारा पंचायत स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय महेशपुर के पुराने जर्जर भवन की छत का हिस्सा टूटकर गिर गया. इस घटना में विद्यालय में मौजूद शिक्षक व बच्चे बाल-बाल बच गए. विद्यालय के प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार ने बताया कि विद्यालय भवन की छत जर्जर हो चुकी है. इस कारण कुछ वर्ष पहले ही केवल दो कमरे में शिक्षण कार्य संचालित किया जा रहा था. इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को भी दी गई थी. उन्होंने बताया कि इस दिशा में विभागीय स्तर पर विद्यालय भवन के जीर्णोद्धार अथवा नए भवन निर्माण की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया गया. ऐसे में पिछले तीन-चार दिनों से हो रही लगातार वर्षा के कारण भवन की जर्जर छत का हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया. इस घटना में शिक्षक तथा विद्यार्थी बाल-बाल बच गए. हमलोग डर के साए में विद्यालय का संचालन करते हैं. उन्होंने कहा कि विद्यालय में बारहवीं तक की पढ़ाई होती है. इसके बावजूद दो कमरे में ही सभी कक्षाओं का संचालन करना पड़ता है. इस संबंध में डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान विनय कुमार सुमन ने बताया कि विद्यालय की छत गिरने की सूचना प्रधानाध्यापक ने लिखित रूप से दी है. कल संबंधित कनीय अभियंता विद्यालय की भौतिक जांच करेंगे. इसके बाद इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी. ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय भवन के जर्जर होने की सूचना डीएम को दी गई थी, इसके बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा सका है. ऐसे में विद्यालय के विद्यार्थी जर्जर भवन के नीचे भय के साए में पढ़ाई करने को मजबूर हैं. इस संबंध में डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान विनय कुमार सुमन ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालय भवनों का सर्वे कराया जा रहा है.

# वास विहीन परिवारों को जमीन खरीदने के लिए मिलेगी सहायता राशि



**रांची, एजेंसी।** एससी व अति पिछड़ी जाति को मिलेगी राशि, सरकार ने 18 करोड़ रुपया किया आवंटित प्रतिनिधि, खगड़िया बिहार गृह स्थल योजना अन्तर्गत रैयती भूमि क्रय नीति 2011 वास स्थल क्रय सहायता योजना के तहत वास भूमि खरीद के लिए लाभार्थियों को सहायता राशि मिलेगी.

ये राशि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अत्यंत पिछड़ी जाति के निर्धन एवं वास विहीन परिवारों को मिलेंगे. बताया जाता है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा बिहार गृह स्थल योजना के तहत करीब 18 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है. पिछड़ा वर्ग का वास विहीन परिवारों को वास भूमि के लिए 3 करोड़ रुपये तथा अनुसूचित जाति के लिए 15 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है.

बिहार वास स्थल क्रय सहायता योजना के अंतर्गत राज्य के निर्धन परिवारों को सहायता प्रदान की जायेगी. मालूम हो कि इस योजना का लाभ उन गरीब श्रेणी के परिवारों को प्रदान किया जायेगा जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग की श्रेणी में आते हैं. लाभार्थी परिवारों को आवासीय निर्माण के लिए भूमि खरीदने के लिए सरकार द्वारा राशि दी जाती है. यह राशि लाभार्थी के बैंक अकाउंट में डीबीटी के अंतर्गत ट्रांसफर की जायेगी. प्रखंड कार्यालय में देना होगा आवेदन आवेदन करने के लिए आवेदक को प्रखंड कार्यालय जाना होगा. आवेदक का नाम, पिता का नाम, पति का नाम, पंचायत, ग्राम, कोटि उम्र पेशा, पीएमईजीपी योजना का क्रमांक, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, बैंक खाता नंबर आदि विवरण के साथ आवेदन जमा करना होगा. जांचों उपरांत लाभार्थी को योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा. कौन-कौन कर सकते हैं आवेदन बिहार राज्य के मूल निवासी ही इस योजना के लिए आवेदन कर सकेंगे. एससी, एससी तथा अत्यंत पिछड़ी श्रेणी के वास विहीन गरीब परिवार ही इस योजना के लिए पात्र होंगे. आवेदन करने के लिए पात्र माने जायेंगे. आवेदन करने के समय आवेदक के पास जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक, वोटर आईडी कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, शपथ पत्र आदि देना होगा

## पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की तस्वीर लगी 44 लाख झोलों को लेकर विभाग असमंजस में, 22 लाख लोगों के बीच बांटे जा चुके हैं




**रांची, एजेंसी।** गरीबों को राशन देने के लिए झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की तस्वीर और राज्य सरकार का लोगो लगे 66 लाख झोले बनवाये गये थे. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से 14 रुपये प्रति झोला की दर से इसे प्रिंट कराया गया था जिस पर करीब 9.24 करोड़ रुपये खर्च हुए थे. इन झोलों पर चंपाई सोरेन की ओर से स्वीकृत योजनाओं का विवरण लिखा है. इन झोलों में करीब 22 लाख झोले गरीबों को राशन के साथ बांटे जा चुके हैं. अब भी 44 लाख झोले नहीं बांटे गये हैं. सीएम बदल जाने के कारण खाद्य आपूर्ति विभाग इसके वितरण को लेकर संशय में है.

पहली बार आचार संहिता के कारण झोलों का वितरण नहीं हो पाया था. आचार संहिता समाप्त होने के बाद झोलों का वितरण शुरू हुआ तो मुख्यमंत्री बदल गये. झोलों पर चंपाई सोरेन की तस्वीर लगी है. जानकारी के अनुसार, इसमें भी कई डीलरों ने अभी ग्राहकों को झोला दिया ही नहीं. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से झोला को प्रिंट कराया गया था. योजना थी कि राशन लेनेवाले लाभुकों को इसी झोले में राशन दिया जाये. मार्च में झोला कई डीलरों को भेज दिया गया था. 14 रुपये प्रति झोला की दर से प्रिंट कराया गया था. नौ करोड़ 24 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं.

तत्कालीन रघुवर दास सरकार ने भी वर्ष 2019 में 53 करोड़ की लागत से स्कूलों में शिक्षकों के बीच टैब बांटे थे. इनमें उनकी तस्वीर लगी हुई थी. जब सरकार बदली तो टैब में तस्वीर हटाने का निर्देश दिया गया था. पर प्रक्रिया जटिल थी. बाद में टैब बेकार हो गये. सरकारी झोला के एक ओर सफेद रंग और दूसरी ओर हरे रंग का बैकग्राउंड है, जिसपर तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का फोटो लगा है. इस पर 1932 का खतियान सबसे ऊपर, ओबीसी को 27 फीसदी, एसटी को 28 व एससी को 12 फीसदी आरक्षण, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, सर्वजन पेंशन, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी समेत राज्य सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी है.

## तेजस्वी यादव पर भड़के गिरिराज सिंह, अपराध के मुद्दे पर याद दिलायी ये बात



**पटना, एजेंसी।** अपराध को मुद्दा बनाकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे तेजस्वी यादव पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हमला बोला है. तेजस्वी यादव के अपराध को लेकर पूछे गये सवाल पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उन्हें आईना दिखाया है. दिल्ली रवाना होने से पहले पटना एयरपोर्ट पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए गिरिराज ने कहा कि तेजस्वी यादव पहले 90 के दशक को याद कर लें जब बिहार में उनके माता-पिता की सरकार थी. उन्होंने कहा कि चोर अगर चोरी के खिलाफ बोले तो अच्छा नहीं लगता है.

बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर तेजस्वी यादव पिछले कुछ दिनों से सरकार पर हमले बोल रहे हैं. हर दिन तेजस्वी यादव सोशल मीडिया पर क्राइम बुलेटिन जारी कर रहे हैं. तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया के जरिए अपराध को लेकर डबल इंजन सरकार के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है. हर दिन तेजस्वी अपराध के आंकड़े जारी कर रहे हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी उसपर जवाब मांग रहे हैं.

बिहार में बढ़ते अपराध और लगातार पुलों के गिरने की घटना को मुद्दा बनाकर तेजस्वी यादव हर दिन एनडीए सरकार पर हमले बोल रहे हैं. तेजस्वी यादव के साथ साथ उनके पिता लालू प्रसाद भी बीच बीच में सोशल मीडिया पर नीतीश और नरेंद्र मोदी पर तंज कर रहे हैं. दोनों पिता-पुत्र मिलकर एनडीए सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं. तेजस्वी यादव का कहना है कि बिहार में प्रतिदिन पुल गिर रहे हैं, पेपर लीक हो रहे है, बदहाल विधि व्यवस्था के कारण लोग मारे जा रहे है. बेतहाशा महंगाई,अपराध,भ्रष्टाचार,गरीबी और बेरोजगारी बढ़ रही है.

# धनबाद की सभी छह विधानसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करना लक्ष्य :डॉ बलमुचु

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद लोकसभा चुनाव परिणाम समिति की समीक्षा बैठक शनिवार को धैया स्थित पंचशील विवाह भवन में हुई. इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ प्रदीप कुमार बलमुचु ने की. उन्होंने कहा कि धनबाद में संगठन बेहतर काम कर रहा है. वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने मजबूती के साथ काम किया और परिणाम स्वरूप चुनाव में वोट की वृद्धि हुई है. उन्होंने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में मजबूती के साथ जुट जाने का आह्वान किया. संगठन में अनुशासन पर जोर देते हुए कहा कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है. बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में डॉ बलमुचु ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार की समीक्षा की जा रही है. प्रखंड अध्यक्षों की बातों को सुना गया है. कई कार्यकर्ताओं ने लिखित रूप में भी अपनी बातें रखी हैं. सभी का अध्ययन करने बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचेंगे. उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति व कार्यकर्ताओं के उत्साह को किस तरह से आनेवाले विधानसभा चुनाव में लगाया जाये, इस पर पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मंथन किया जा रहा है.

डॉ बलमुचु ने कहा कि वर्तमान में धनबाद लोकसभा क्षेत्र का दो विधानसभा सीट इंडिया गठबंधन के पास है, कैसे अगले चुनाव में अन्य चार विस क्षेत्र भी इंडिया गठबंधन के पाले में आये, इस पर मंथन किया जा रहा है. धनबाद की सभी छह सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करना लक्ष्य है. हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनाये जाने के सवाल पर श्री बलमुचु ने कहा कि यह गठबंधन का निर्णय है. भाजपा बेवजह हाय तौबा मचा रही है, क्योंकि उसको लग रहा है कि चंपाई सोरेन सीएम रहते, तो आगामी विधानसभा चुनाव में ज्यादा फायदा मिलता.



कांग्रेस के चुनाव परिणाम समिति की समीक्षा बैठक में आरोप-प्रत्यारोप का भी दौर चला. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हंगामा भी किया, पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के आग्रह पर वो शांत हो गये. इसके बाद परिणाम समिति ने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बंद कमरे में रायशुमारी की. श्री बलमुचु ने धनबाद जिले के सभी नेताओं व प्रखंड व नगर अध्यक्षों के साथ बंद कमरे में ही बारी-बारी से रायशुमारी की. किसी ने बाहरी प्रत्याशी होने, तो किसी ने टिकट वितरण में देरी का मुद्दा उठाया. इस पर डॉ बलमुचु ने सभी की मेहनत की सराहना करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया. मौके पर पूर्व सांसद सह परिणाम समिति के सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार, सुल्तान अहमद, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, रशीद राजा अंसारी, मदन महतो, रवींद्र वर्मा, शमशेर आलम, दुर्गा दास, आमिर हाशमी, मनोज यादव, लक्ष्मण तिवारी, शाहिद कमर, राजेश्वर सिंह यादव, रमेश जिंदल, अक्ष्यवर प्रसाद, जावेद राजा, उपेंद्र सिंह, अशोक मालाकार, शेखर सहाय, पप्पू कुमार तिवारी, मसूद आलम, कुमार गौरव, गोपाल कृष्णा चौधरी, जहीर अंसारी, राजू दास, सीता राणा, डीके सिंह, प्रसाद निधि, मृत्युंजय सिंह, जयप्रकाश चौहान, पप्पू पासवान, रोशन कुमार, इम्तियाज अली व अजय कुमार के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

कांग्रेस की समीक्षा बैठक में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह जब पहुंचीं, तो उनके लिए कुर्सी खाली नहीं थी. इस पर वह नाराज हो गयीं. उन्होंने कहा कि उनके लिए कुर्सी नहीं है, तो वह जा रही हैं. इसी दौरान जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व अन्य नेता उठे और उन्हें कुर्सी उपलब्ध करायी. बैठक को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती सिंह ने पार्टी के पदाधिकारियों को एक दूसरे की बुराई छोड़ पार्टी की भलाई के लिए काम करने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि पार्टी व संगठन को मजबूत करना चाहते हैं, तो एक दूसरे की टांग खींचना बंद करें. अगर पार्टी ने कोई निर्णय लिया है, तो सबकी जिम्मेदारी बनती है, उस निर्णय के आलोक में काम करे. इस दौरान अनवर शमीम, मनोज सिंह, हुमायू राजा, मोइन अंसारी समेत अन्य कांग्रेस के कुछ लोगों ने पार्टी की हार के लिए जिलाध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष को जिम्मेदारी ठहराया.

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के साथ दिल्ली कांग्रेस भी जुटी विधानसभा चुनाव की तैयारी में, जिला स्तर पर सम्मेलन शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए जिलास्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन करने लग गई है। इतना ही नहीं, प्रतिमाह जिला और ब्लॉक स्तर पर बैठक करने की भी शुरुआत की है। लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही प्रदेश कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए जिलास्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन करने लग गई है। इतना ही नहीं, प्रतिमाह जिला और ब्लॉक स्तर पर बैठक करने की भी शुरुआत की है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को दिल्ली में भले ही सफलता नहीं मिली, मगर देशभर में अपने बेहतर प्रदर्शन व भाजपा के बहुमत से वंचित होने पर वह अति उत्साहित है। इस कड़ी में उसने अगले साल की शुरुआत में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारी जोर शोर से कर दी है। वह अपने प्रत्येक जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन करने लग गई है। इन सम्मेलनों में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव खुद भाग ले रहे है। इस दौरान वह पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव तक चैन से न बैठने का फरमान दे रहे है। आमतौर पर राजनीतिक दल एमसीडी, विधानसभा व लोकसभा चुनाव के समय इस तरह के सम्मेलन करते है, मगर दिल्ली में सियासी हाशिये पर चल रही कांग्रेस ने चुनाव से काफी पहले कार्यकर्ता सम्मेलनों के माध्यम से कमर कसनी शुरू कर दी है।

### किराये पर इमारतें देकर राजस्व जुटाएगा निगम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए नगर निगम अब अपनी इमारतों को किराये पर देकर राजस्व अर्जित करेगा। कड़कड़डूमा स्थित शाहदरा साउथ जोन कार्यालय की नई इमारत बनकर तैयार हो गई है। निगम इसे सरकारी विभागों व पीएसयू को किराये पर देने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा यहां पर निगम से जुड़ी विभिन्न सेवाओं का लाभ भी लोगों को मिलेगा। निगम ने कड़कड़डूमा स्थित पुराने जोनल कार्यालय को नया स्वरूप प्रदान किया है। भूतल को मिलाकर कुल 12 मंजिला तीन टावर बनाए गए हैं। अब इसमें केवल बिजली का काम बाकी है, जिसे इस साल के आखिर तक पूरा करने की तैयारी है।इस बीच निगम भवन के तीनों ब्लॉक को किराये पर उठाने की प्रक्रिया शुरू करेगा। दिल्ली सरकार के पास इसका किराया तय करने की फाइल पहले भेजी गई थी। निगम ने पहले भी पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र में स्थित पूर्ववर्ती पूर्वी निगम क्षेत्रीय कार्यालय को किराये पर देने की प्रक्रिया शुरू की थी। इसी तरह से निगम की द्वारका सेक्टर-11 में बन रही 19 मंजिला इमारत भी बनाने के बाद किराये पर देने की योजना है। इससे पहले निगम मुख्यालय सिविक सेंटर के दो ब्लॉक आयकर विभाग को किराये पर दिए जा चुके हैं। निगम की आर्थिक स्थिति कई सालों से खराब है।

### लिवर कैंसर की पहचान सरल बनाएगा एआई, फ्रांस के साथ मिलकर विकसित की जा रही है तकनीक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लिवर कैंसर की पहचान जल्द ही सरल व सुलभ हो सकेगी। इसकी पकड़ के लिए दिल्ली सरकार का यकृत और पित्त विज्ञान संस्थान (आईएलबीएस) फ्रांस के साथ मिलकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक विकसित कर रहा है। यह तकनीक कैंसर के साथ लिवर से जुड़े दूसरे रोगों की पहचान कर उसके सटीक इलाज का रास्ता भी बताएगा। मौजूदा समय में सीटी स्कैन व पैथोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर लिवर से जुड़े रोगों की पहचान होती है। एआई तकनीक को सुरक्षित व प्रभावी बनाने के लिए आईएलबीएस में हुए अध्ययनों का भी सहारा लिया जा रहा है। विशेषज्ञ बताते हैं कि मौजूदा समय में सीटी स्कैन व पैथोलॉजी रिपोर्ट के अध्ययन के बाद भी मूल रोग की पहचान में कई बार देरी हो जाती है। ऐसा होने से मरीज का इलाज जटिल हो जाता है। लाखों रिपोर्ट की मदद से विकसित एआई इस कमी को दूर करेगा।

# गुमनाम हुआ दिल्ली का ऐतिहासिक किताब बाजार, 10 साल में कमाई आधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली का उर्दू बाजार अब गरम गरम कबाब के लिए जाना जाता है। दिल्ली का ऐतिहासिक किताब बाजार खाने की खुशबू में गुमनाम सा हो गया है। करीब 40 साल पहले जगत सिनेमा से लेकर मटिया महल तक किताबें ही किताबें हुआ करती थीं। रविवार की एक शांत सुबह जामा मस्जिद स्थित उर्दू बाजार की हवा में ताजी चाय की खुशबू फैली हुई दिखी। बाजार अब अपनी पहले की चहल-पहल की तुलना में अपेक्षाकृत खाली सा है। पकवानों की खुशबू से दिल्ली का यह ऐतिहासिक उर्दू बाजार अब गुमनाम है। करीब 40 साल पहले जगत सिनेमा से लेकर मटिया महल रोड के प्रवेश द्वार तक सैकड़ों किताबों की दुकानें होती थीं, लेकिन मौजूदा समय में बमुश्किल छह किताबों की दुकानें ही बची हैं। जिस हवा में कभी गालिब और फैज की शायरी की चर्चा होती थी, वहां अब गरमा गरम कबाब की खुशबू घुली हुई है। उर्दू बाजार कभी दिल्ली के साहित्यिक समुदाय के लिए एक हलचल भरा केंद्र हुआ करता था। अब, यहां शांति का माहौल है। ग्राहकों के इंतजार में ज्यादातर दुकानें दोपहर के बाद ही खुलती हैं। किताब



बेचने वाले मोहम्मद जरीफ बताते हैं कि उर्दू बाजार दिल्ली का एक प्रमुख बाजार हुआ करता था। 1857 के विद्रोह के बाद मूल बाजार नष्ट हो गया, लेकिन अब इसका नाम जामा मस्जिद के पास एक स्थान के रूप में बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में उर्दू लगभग खत्म हो चुकी है। जहां पहले लोग सआदत हसन मंटो, राजेन्दर सिंह बेदी, इस्मत चुग्तई, कुर्रतुल-ऐन हैदर, सादिक सरधन्वी, इल्यास सीतापुरी, नसीम हिजाजी, वाजिदा-तबस्सुम, मीर-ओ-गालिब, मोमिन-ओ-जौक और दाग-ओ-फिराक नॉवेल खरीदते थे। वहां आज चिकन फ्राई, चिकन तंदूरी, तली हुई मछली समेत अन्य पकवान की खुशबू फैली हुई है। वह बताते है कि इन चीजों से स्वाद ग्रंथियां तो प्रसन्न हो जाएंगी, लेकिन अदबी जौक और पढ़ने का शौक पूरा नहीं हो सकेगा। उर्दू किताब की दुकान के मालिक रहमान के पास प्रतिदिन लगभग 20 ग्राहक आते हैं। हालांकि, ज्यादातर ग्राहक धार्मिक ग्रंथों जैसे कि कुरान के अनुवाद की तलाश में होते हैं। वे कहते हैं कि बहुत कम लोग साहित्य, राजनीतिक ग्रंथ या इतिहास की किताबें खरीदने आते हैं। पिछले 10 सालों में इन किताबों की बिक्री आधी रह गई है। उन्होंने कहा कि युवा अब पढ़ने या साहित्य के प्रति आकर्षित नहीं हैं। यह सिर्फ उर्दू भाषा की बात नहीं है, बल्कि दूसरी भाषाओं की भी बात है, आजकल लोग पढ़ना ही नहीं चाहते हैं। उनका कहना है कि उर्दू बाजार अब खाना बाजार बन गया है।

एक छोटी अस्थायी किताबों की दुकान चलाने वाले खुर्शीद आलम ने बताया कि उनके पिता के गुजर जाने और संपत्ति के बंटवारे के बाद उनके पास हिस्से में केवल यही आया है। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार में अकेले व्यक्ति हैं, जो उर्दू किताबें बेचते है। उन्होंने उर्दू बाजार के पतन का कारण इंटरनेट के आगमन को बताया। उनका दावा है कि लोग अर्थहीन वीडियो और रील से किताबों के महत्व को नहीं समझ पा रहे हैं। वे कहते हैं कि किताबें संस्कृति और सभ्यता की नींव हैं। पिछले 10 सालों में उर्दू किताबों की बिक्री आधी रह गई है।

# राजस्थान कांग्रेस: विधायक दल की बुलाई बैठक, बनेगी रणनीति

**जयपुर एजेंसी।** राजस्थान कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज होगी। खास बात यह है कि इसी बैठक में प्रदेश के इंडिया अलायंस के सांसदों और बीएपी के सांसद का भी पार्टी की ओर से सम्मान किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के गुरदासपुर (पंजाब) से सांसद चुने जाने पर उनका भी पार्टी की ओर से सम्मान किया जाएगा। इसी दिन कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों का प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित होगा। इस पूरी कवायद को राजस्थान विधानसभा में सरकार को घेरने की तैयारी के साथ ही पांच सीटों पर उपचुनाव की तैयारी शुरू करने की कवायद के रूप में भी देखा जा रहा है। फिलहालर राजस्थान विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है और भजनलाल सरकार अपना पहला पूर्ण बजट 10 जुलाई को सदन में पेश करने जा रही है। इससे ठीक पहले 9 जुलाई को कांग्रेस विधायक दल की बैठक 9 जुलाई को राजधानी जयपुर की पांच सितारा होटल में होगी।

### नेता प्रतिपक्ष जूली करेंगे अध्यक्षता

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि 9 जुलाई 2024 को जयपुर के होटल मेरियट में राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में शाम 4 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी। जिसमें राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। सदन में जनहित के मुद्दे उठाने की रणनीति इस बैठक में तय की जाएगी। इसके बाद शाम 5 से 6 बजे तक नवनिर्वाचित विधायकों का प्रशिक्षण शिविर होगा।

स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि 9 जुलाई को शाम 7 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, कांग्रेस के 8 सांसद, आरएलपी, सीपीआई(एम) और बीएपी के सांसदों का सम्मान किया जाएगा। सांसदों के सम्मान समारोह को कांग्रेस की पांच सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तैयारी की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। इन पांच में से तीन सीट कांग्रेस के कब्जे में थी। जबकि एक-एक सीट पर आरएलपी और बीएपी का कब्जा था।

# वाई-फाई, सीसीटीवी और घर बैठे सीट बुकिंग; दिल्ली की प्रीमियम बसों में होगा खास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीवालों को अब बस स्टैंड पर लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और न ही उन्हें बसों में खड़े होकर सफर करने की जहमत उठानी पड़ेगी। वह घर बैठे ऐप से बस की टिकट बुक कर सकेंगे। अपनी सुविधानुसार सबसे नजदीक बस स्टैंड का चयन भी कर पाएंगे। दिल्ली में वातानुकूलित प्रीमियम बसों में जल्द ही सफर का मौका मिलने वाला है। दिल्ली सरकार ने बस एग्रीग्रेटर योजना के तहत प्रीमियम बस परिचालन के लिए दो कंपनियों का लाइसेंस जारी कर दिया है।

सरकार के मुताबिक, 25-25 बसों के साथ दो कंपनियों ने प्रीमियम बसों के परिचालन का लाइसेंस लिया है। बसों के रूट अभी तय नहीं हैं, क्योंकि यह निजी कंपनियों को तय करने हैं। उन्हें सिर्फ इस बारे में दिल्ली परिवहन विभाग को सूचित करना होगा। बसों का किराया बाजार में मांग के हिसाब से तय होगा। बसों की एडवांस टिकट बुकिंग की सुविधा होगी। यह टिकट सिर्फ ऐप के जरिये ही बुक की जा सकेगी। बसों में खड़े होकर यात्रा कराने की मंजूरी नहीं होगी। प्रीमियम बसों में सभी आधुनिक सुविधाएं होंगी। उनमें सीसीटीवी कैमरों के साथ जीपीएस भी होगा। वाई-फाई जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होगी, जिनका टिकट होगा उन्हें ही यह सुविधा मिलेगी। योजना में यह भी शामिल है कि अगर टिकट की बुकिंग के बाद बस नहीं आती है तो बस संचालक की जिम्मेदारी होगी कि वह यात्रियों को इसके बारे में पहले से सूचित करें या फिर उसे गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था करे।

# भजनलाल सरकार करेगी बंपर भर्तियां, आया बड़ा अपडेट

**जयपुर एजेंसी।**
राजस्थान में भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश करने जा रही है। माना जा रहा है कि सरकार का सबसे ज्यादा फोकस युवा और महिलाओं पर रहने वाला है। युवाओं को हर महीने भर्तियों की सौगात मिलेगी। सीएम भजनलाल ने बजट से पहले ऐसे संकेत दिए है। सीएम ने कहा कि सरकारी नौकरियों पर बड़ा बयान देते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए इस वर्ष लगभग 70 हजार पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। युवाओं को निजी क्षेत्र में करिअर निर्माण में मार्गदर्शन देने



के लिए प्रदेश के समस्त संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

सीएम भजनलाल ने आगे कहा कि पिछली सरकार ने हमारी युवा शक्ति को निराशा की गर्त में धकेल दिया था। पेपर लीक की घटनाओं से कड़ी मेहनत करने वाले ईमानदार विद्यार्थियों का मनोबल टूट गया था। हमारी सरकार बनते ही पेपर लीक के मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक व अन्य अनियमितताओं के संबंध में एसआईटी ने ठोस कार्रवाई करते हुए 108 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि युवाओं के सपनों को तोड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं।

सीएम भजनलाल ने रविवार को जयपुर में संतजनों की उपस्थिति में राजपुरोहित ग्लोबल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (राजपुरोहित छात्रावास) का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सीएम भजनलाल ने कहा कि राजपुरोहित समाज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### हौज खास में निकली भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा, हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
इस साल भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की शुरुआत 7 जुलाई यानी रविवार से हो चुकी है। हर साल यह रथ यात्रा आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू होती है। ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ का भव्य मंदिर है, जहां से लाखों की संख्या में हर साल श्रद्धालु जगन्नाथ यात्रा निकालते हैं। ओडिशा ही नहीं, देश के कई राज्यों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाती है।

देश की राजधानी दिल्ली के हौज खास इलाके में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से भी हर साल हजारों की संख्या में लोग रथ यात्रा में शामिल होते हैं। इस साल भी रविवार को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा हौज खास इलाके में स्थित मंदिर से निकाली गई। रथ यात्रा में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। आपको बता दे की हौज खास में स्थित जगन्नाथ मंदिर ओडिशा के पुरी में स्थित मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। इस मंदिर के प्रति लोगों का बहुत विश्वास है। इसलिए यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। यात्रा के दौरान रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। हौज खास इलाके में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से निकाली गई रथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम पहले से किए थे। चप्पे-चप्पे पर दिल्ली पुलिस के जवान और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई। हाल ही में हाथरस में हुए हादसे के बाद दिल्ली पुलिस जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर अलर्ट पर थी। रविवार के दिन हौज खास जगन्नाथ मंदिर में दर्शन के लिए मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और स्थानीय विधायक सोमनाथ भारती पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल लोगों को शुभकामनाएं दी। मीडिया से बात करते हुए हौज खास जगन्नाथ मंदिर से जुड़े रवि प्रधान ने कहा कि जगन्नाथ रथ यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हमने मंदिर प्रशासन की ओर से 500 से अधिक वालंटियर को लगाया है, ताकि किसी भी श्रद्धालु को आने में कोई समस्या न हो। सैकड़ों की संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, इससे हर एक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों का पूरा सहयोग हमें मिला है।

# टीम इंडिया की जीत के बाद शहजाद पूनावाला ने की शशि थरूर व कांग्रेस से माफी की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस नेता शशि थरूर और कांग्रेस पार्टी से सार्वजनिक माफी की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी पीएम नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते देश विरोध करने लगती है। शहजाद ने ये बात शशि थरूर के उस ट्वीट के संदर्भ में कही, जो उन्होंने जिम्बाब्वे दौरे पर भारतीय टीम की पहले टी20 मैच में हार के बाद किया था। शशि थरूर ने नियमित खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे में नहीं भेजने के लिए बीसीसीआई पर निशाना साधा था और कहा था कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड इसी लायक है। उन्होंने जिम्बाब्वे को बढ़िया खेल के लिए बधाई भी दी थी। ऐसे में जब भारतीय टीम रविवार को हुए दूसरे टी20 मैच में शानदार जीत के साथ सीरीज में वापस लौटी, तो शहजाद पूनावाला ने शशि थरूर और कांग्रेस पर पलटवार किया। शहजाद पूनावाला ने ट्वीट के जरिए कहा कि, शनिवार को जब भारत की टीम जिम्बाब्वे से पहला टी20 मैच हार गई, तो कांग्रेस पार्टी ने अपनी असलियत दिखा दी। कांग्रेस पीएम नरेंद्र मोदी के विरोध में उतरते-उतरते भारतीय टीम की हार का जश्न मनाने लगी। शशि थरूर का ट्वीट बेहद घृणात्मक है। नरेंद्र मोदी से नफरत में देश की उपलब्धियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। आज भारत की उसी टी20 टीम ने जिम्बाब्वे को बड़ी हार दी है। उसी टीम ने बेहतरीन तरीके से खेला और जिम्बाब्वे को हरा दिया। इस पर शशि थरूर और कांग्रेस क्या बोलेगी? शहजाद ने आगे कहा, ये वही कांग्रेस और इसका इकोसिस्टम है, जब भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के साथ फाइनल खेल रही थी, तब वो हार की कामना कर रहे थे।

# शाहपुरा में भीषण सड़क हादसा, एक ही परिवार की 3 जनों की मौत; 20 सवारियां घायल

**जयपुर एजेंसी।**
राजस्थान के जयपुर ग्रामीण के शाहपुरा में एक सरकार रोडवेज बस और ट्रैलर में भिडंत में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि 20 से ज्यादा सवारियां घायल हो गई है। हादसा जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अलवर पुलिया पर सोमवार तड़के 4 बजे हुआ। घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया. दुर्घटना की सूचना पर शाहपुरा थाना प्रभारी रामलाल मीणा मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और घायलों को बस से बाहर निकालकर शाहपुरा के उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से 11 लोगों को गम्भीर हालत होने पर जयपुर रेफर किया गया।

थाना प्रभारी रामलाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतकों की पहचान 35 वर्षीय टीना अग्रवाल पत्नी विजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल पुत्र महेंद्र अग्रवाल निवासी वैशाली दिल्ली व पुत्र 16 वर्षीय प्रीतम अग्रवाल पुत्र विजय अग्रवाल के रूप में हुई है। सूचना पर डीएसपी उमेश निठारवाल व थानाधिकारी रामलाल मीणा मौके पर पहुंचे और मौका-मुआयना किया। राजस्थान रोडवेज की बस दिल्ली से सवारियां लेकर जयपुर जा रही थी। शाहपुरा इलाके के हाईवे स्थित अलवर तिराहा पुलिया पर बस पहुंची तो ओवरटेक करते समय बस आगे चल रहे ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और बस में सवार 20-22 यात्री घायल हो गए। हादसे में 35 वर्षीय महिला व 16 वर्षीय बालक की मौत हो गई। इस दौरान बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर शाहपुरा पुलिस व हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची और तघायलों को बस से बाहर निकालकर शाहपुरा के राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## कांग्रेस पार्टी का चीन से प्यार व पीएम मोदी से तकरार: सुधांशु त्रिवेदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने चीन के साथ एलएसी मामले पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि चीन एलएसी पर बॉर्डर की जो स्थिति है, उस पर देश को विश्वास में लिया जाए। उन्होंने सवाल किया कि जो क्षेत्र मई 2020 तक भारत के कब्जे में था, वहां चीन अपने सैन्य अड्डे कैसे स्थापित कर सकता है?

सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि कांग्रेस को भारत सरकार के बजाय चीन पर ज्यादा यकीन है। उन्होंने कहा, ये दुख की बात है कि इन लोगों को विदेश मंत्रालय, भारत की सरकार, भारत के रक्षा मंत्रालय पर विश्वास नहीं है। ये वो लोग हैं, जिनको विदेशी एजेंसियों पर भी विश्वास नहीं है। गलवान में आमने-सामने की लड़ाई में हमारे 20 जवान बलिदान हुए थे, जबकि चीन ने अपने घायल सैनिकों तक की सूची जारी नहीं की। सुंधाशु त्रिवेदी ने आगे कहा कि इस मामले पर इंटरनेशनल एजेंसी ने भी बताया था कि तब चीन के कम से कम 55-60 लोग मारे गए थे। फिर भी इन लोगों को चीन पर भरोसा है। अफसोस की बात ये है कि कांग्रेस पार्टी का चीन के साथ जो प्यार है।

# मनोज जरांगे पाटिल ने फिर भरी हुंकार; महाराष्ट्र सरकार को दी डेडलाइन

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे-पाटिल ने एक बार फिर हुंकार भरी है। इस बार मनोज ने महाराष्ट्र सरकार को ललकारते हुए कहा है कि 13 जुलाई तक हमारी आरक्षण से जुड़ी मांग पूरी कीजिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी गठबंधन को महाराष्ट्र की सभी 288 सीटों पर हार का सामना करना पड़ेगा। जरांगे-पाटिल इस मांग पर अड़े हैं कि मराठों को उनके करीबी रिश्तेदारों (ऋषि सोयरे) के साथ आरक्षण मिलना चाहिए। जरांगे पाटिल ने यह बातें प्रभाणी में कहीं, जहां वह अपनी शांति रैली को संबोधित कर रहे थे। यह शांति रैली 13 जुलाई तक मराठवाड़ा में विभिन्न स्थानों पर आयोजित



की जाएगी।

रैली को संबोधित करते हुए जरांगे ने कहा कि सरकार सुनिश्चित करे कि मराठा समुदाय को 13 जुलाई तक आरक्षण मिल जाए। ऐसा वह ऐसा करने में विफल रहती है तो हम चुनाव के संबंध में बड़ा फैसला लेंगे। इसके तहत महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में या तो हम खुद के उम्मीदवार खड़े करेंगे। या फिर सभी 288 विधानसभा क्षेत्रों में उनके उम्मीदवारों को हराने का इंतजाम करेंगे। उन्होंने मराठा समुदाय से सतर्क रहने के लिए कहा। जरांगे ने कहा कि मामले को हल्के में मत लीजिए। इस अनावश्यक बहस में मत पड़िए कि वह हमारा नेता है, यह आपका नेता है। अपने बच्चों पर ध्यान दीजिए। आरक्षण के अभाव में बहुत से माता-पिता ने अपने बच्चों को जान गंवाते हुए देखा है। पाटिल ने कहा कि हम आपके बच्चों का ख्याल रखेंगे। हम आपके बच्चों को आरक्षण दिलाने के लिए संघर्ष करेंगे।

इस दौरान जरांगे पाटिल ने मराठा समुदाय से अपने वोट की ताकत दिखाने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में दुनिया को अपनी ताकत दिखा दीजिए। हमें एक रहना होगा। मुझे पूरा भरोसा है कि सरकार 13 जुलाई तक आरक्षण के संबंध में कोई फैसला जरूर लेगी। अगर वह ऐसा नहीं करती है तो इसके दुष्परिणाम विधानसभा चुनाव में भुगतने होंगे। अपने भाषण के दौरान जरांगे ने प्रदेश के मंत्री और भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह मंत्री हमारी बातों को समझ नहीं रहे हैं। वह मराठा समुदाय के सदस्यों के बीच कंफ्यूजन फैला रहे हैं। जरांगे ने छगन भुजबल के खिलाफ भी बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार ने छगन भुजबल से सलाह लेकर मेरे खिलाफ ओबीसी नेताओं को खड़ा किया है। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि वह मराठा समुदाय के खिलाफ हुए मुकदमे वापस ले लेंगे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं, लगता है वह भुजबल की सुन रहे हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका टीम का ऐलान



**जोहांसबर्ग, एजेंसी।** वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जानी है। पहला टेस्ट मैच 7 अगस्त से खेला जाएगा। अब टेस्ट सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम का कप्तान टेम्बा बावुमा को बनाया गया है। टीम में 16 खिलाड़ियों को जगह मिली है। घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन करने वाले मैथ्यू ब्रीट्जके को पहली बार टेस्ट स्क्वाड में जगह मिली है।

### रेयान रिकेल्टन की हुई वापसी

मैथ्यू ब्रीट्जके ने पिछले कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने चार दिनों के घरेलू टूर्नामेंट में 46 के औसत से 322 रन बनाकर प्रभावित किया था। इसी वजह से उन्हें पहली बार टेस्ट स्क्वाड में शामिल किया गया है। वह साउथ अफ्रीका-ए टीम की कप्तानी भी चुके हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन की भी वापसी हुई है। वहीं ऑलराउंडर मार्को यानसन को सीरीज से आराम दिया गया है।

### टेस्ट कोच शुक्री कॉनरोड ने कही ये बात

साउथ अफ्रीका के टेस्ट कोच शुक्री कॉनरोड ने कहा कि हम पिछले कुछ महीनों में लिमिटेड ओवर में लगातार खेलने के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। यह दौरा हमारे लिए बेहद अहम है क्योंकि हमारा टारगेट आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी स्थिति को सुधारना है। इसलिए हमने अपनी सबसे मजबूत टीम को सेलेक्ट किया है और कैरेबियन में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।

हमारी टीम में एक नया चेहरा मैथ्यू ब्रीट्जके है, जिसे पिछले सीजन के शानदार प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है। वर्कलोड मैनेज करने की वजह से मार्के यानसन को रेस्ट दिया गया है। वेस्टइंडीज बनाम साउथ अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। जून 2021 के बाद कैरेबियन धरती पर साउथ अफ्रीका की ये पहली सीरीज होगी।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका की टेस्ट टीम

टेम्बा बावुमा, डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, टोनी डी जोरजी, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, डेन पैटरसन, डेन पिड्ट, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेलटन, काइल वेरिन।

## संक्षिप्त समाचार

## जयसूर्या होंगे भारत के खिलाफ सीरीज में श्रीलंका के कोच



**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका टीम का प्रदर्शन हाल के दिनों में अच्छा नहीं रहा है और टीम टी20 विश्व कप में भी प्रभावित नहीं कर सकी थी। श्रीलंका का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया था जिसके बाद टीम के कोच क्रिस सिल्वरवुड ने इस्तीफा दे दिया था। श्रीलंका को अब भारत की मेजबानी करनी है और उससे पहले श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सनथ जयसूर्या को टीम का अंतरिम कोच नामित किया है। जयसूर्या पहले भी श्रीलंका टीम के साथ जुड़े रह चुके हैं। वह टीम के चयनकर्ता की भूमिका निभा चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने सलाहकार के रूप में भी कार्य किया है। जयसूर्या ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इस भूमिका के लिए उनसे संपर्क साधा है। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से जयसूर्या ने कहा, मुझसे कोचिंग का जिम्मा संभालने के लिए कहा गया है और मुझे ऐसा करने में खुशी होगी। मालूम हो कि पूर्व कप्तान माहेल जयवर्धने ने भी जून में टीम के सलाहकार पद से इस्तीफा दे दिया था।

### सिल्वरवुड ने अप्रैल 2022 में संभाला था पद

क्रिस सिल्वरवुड ने अप्रैल 2022 से टी20 विश्व कप 2024 तक श्रीलंका का कोच पद संभाला था। उनके नेतृत्व में टीम ने 2022 एशिया कप का खिताब जीता था, लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। श्रीलंका की टीम पिछले साल भी एशिया कप के फाइनल में पहुंची थी, लेकिन खिताबी मैच में भारत ने उसे एकतरफा अंदाज में हरा दिया था। श्रीलंका की टीम अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हुए टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में भी नहीं पहुंच सकी थी और उसे ग्रुप चरण में सिर्फ एक जीत मिली। श्रीलंका ग्रुप सी में तीसरे स्थान पर थी। सिल्वरवुड ने पद छोड़ते हुए कहा था कि वह अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहते हैं।

# जेम्स एंडरसन को है गेंदबाजी की लत: स्टुअर्ट ब्रॉड




**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को गेंदबाजी की कला का आदी बताया है। जेम्स एंडरसन 10 जुलाई से लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद टेस्ट करियर से विदा ले लेंगे।

जेम्स एंडरसन ने 2003 में इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया था और वे 187 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। इस साल की शुरुआत में एंडरसन शेन वार्न और मुथैया मुरलीधरन के बाद ऐसे तीसरे गेंदबाज बने जिन्होंने 700 टेस्ट विकेट हासिल किए। मार्च 2024 में इंग्लैंड की क्रिकेट टीम भारत दौरे पर आई थीऔर धर्मशाला में हुए पांचवें टेस्ट मैच में एंडरसन ने ये उपलब्धि (700 विकेट) हासिल की थी। वे टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं। एंडरसन के साथ लंबे समय तक जुड़े रहे स्टुअर्ट ब्रॉड ने एक कॉलम में लिखा है कि एंडरसन चाहे आउट स्विंग, इन स्विंग या वॉबल सीम से गेंदबाजी कर रहे हों, उनको रन-अप की लय, बॉलिंग एक्शन की तकनीक पर नियंत्रण जैसे पक्ष पसंद हैं। जब आप लंबे समय तक खेलने वाले पेशेवरों के बारे में बात करते हैं, तो आप अक्सर ट्रेनिंग के प्रति उनके समर्पण, जिम में उनके अनुशासन और उनके खानपान के बारे में बात करते हैं।

ब्रॉड ने आगे कहा, एंडरसन के बारे में खास बात गेंदबाजी के प्रति उनका सच्चा प्रेम है। किसी चीज की लत होने की बात करना वैसे तो एक नकारात्मक शब्द है, लेकिन मैं कहूंगा कि एंडरसन को अपनी गेंदबाजी की कला की लत है। ब्रॉड ने पिछले साल ओवल में अंतिम टेस्ट मैच खेलने के बाद क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से संन्यास ले लिया था, वे एंडरसन के साथ 138 मैचों में नई गेंद से गेंदबाजी कर चुके हैं। उनको लगता है कि टेस्ट मैचों में एंडरसन की रिवर्स स्विंग कराने की क्षमता को काफी कमतर आंका गया है।

ब्रॉड ने कहा, एंडरसन को उनकी रिवर्स स्विंग के लिए पर्याप्त श्रेय नहीं मिला है, जो उपमहाद्वीप में उनके बेहतरीन रिकॉर्ड में काफी अहम रही है। उनकी लाइन-लेंथ के कारण वो और भी घातक बन जाती है। डेल स्टेन जेम्स एंडरसन से ज्यादा तेज थे, लेकिन जेम्स निश्चित तौर पर बेस्ट रिवर्स स्विंग बॉलर हैं जिनको मैंने देखा है।

# क्रिस गेल ने 40 गेंदों में मचाई तबाही

छक्के मार-मारकर बड़े टारगेट को बनाया छोटा, वेस्टइंडीज चैंपियंस की जीत का खुला खाता

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स की पिच पर 7 जुलाई की शाम खास रही. और, वो इस वजह से कि उसमें क्रिस गेल की तूफानी पारी का दीदार हुआ. इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके गेल WCL 2024 में वेस्टइंडीज चैंपियंस की ओर से खेल रहे हैं. ऐसे में रविवार की शाम साउथ अफ्रीका चैंपियंस के खिलाफ मुकाबले में वो अपने बल्ले से तबाही मचाते दिखे. बर्मिंघम के मैदान पर उन्होंने अपने नाम के मुताबिक सिर्फ 40 गेंदों में ही ऐसा खेल दिखाया कि उसके चलते साउथ अफ्रीका चैंपियंस से मिला बड़ा टारगेट भी छोटा पड़ता दिखा. साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 174 रन बनाए थे. साउथ अफ्रीका ने ये रन एश्वेल प्रिंस और डेन विलास के बनाए नाबाद 46 और 44 रन की पारी की बदौलत बनाए. इन दोनों के अलावा रिचर्ड लुईस ने 20 रन और जेपी ड्यूमनी ने 23 रन की पारी खेली. वेस्टइंडीज की ओर से जेसन मोहम्मद सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 2 विकेट लिए.

अब वेस्टइंडीज चैंपियंस के सामने 175 रन का बड़ा लक्ष्य था. क्रिस गेल और ड्वेन स्मिथ की ओपनिंग जोड़ी इसका पीछा करने उतरी और पहले विकेट के लिए 8.3 ओवर में 65 रन जोड़े. स्मिथ 22 रन बनाकर आउट हो गए पर गेल का खेल जारी रहा. साउथ अफ्रीका चैंपियंस के गेंदबाजों पर उनका अटैक चलता रहा.



क्रिस गेल ने मैच में 40 गेंदों का सामना करते हुए 70 रन बनाए. 175 की स्ट्राइक रेट से खेली इस पारी में 6 छक्के और 4 चौके शामिल रहे. गेल जब आउट हुए तब तक काम पूरा हो चुका था. वेस्टइंडीज को बनाने के लिए रन ज्यादा रन नहीं गए थे और 8 विकेट के अलावा ओवर भी 7 बचे थे. नतीजा ये हुआ कि वेस्टइंडीज चैंपियंस ने ये मैच 6 विकेट से जीत लिया. उसने 175 रन के लक्ष्य को 4 विकेट खोकर 19.1 ओवर में हासिल कर लिया.

## विंबलडन

## पहला सेट गंवाने के बाद जोकोविच ने की शानदार वापसी



**लंदन, एजेंसी।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। इसी के साथ जोकोविच ने विंबलडन में एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। जोकोविच विंबलडन में 1000 से अधिक ऐस लगाने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं।

सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विंबलडन के सात बार के चैंपियन जोकोविच ने एलेक्सेई पोपिरिन के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और चार सेटों में जीत दर्ज कर पुरुष सिंगल्स वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

## विंबलडन

## यानिक सिनर क्वार्टर फाइनल में, कोको गॉफ बाहर

**लंदन, एजेंसी।**

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन महिला वर्ग में कोको गॉफ को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा।



गत चैंपियन अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 ही हरा कर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव के पहले सेट में पांव पर चोट लग जाने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया। क्वालीफायर लुलु सन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जहां उनका मुकाबला डोना वेकिच से होगा। सन ने 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। यह 2010 के बाद पहला अवसर है जबकि महिला वर्ग में किसी क्वालीफायर ने अंतिम आठ में प्रवेश किया। वेकिच ने बारिश से प्रभावित एक अन्य मैच में पाउला बडोसा को 6-2, 1-6, 6-4 से हराया।




टी20 विश्व कप जीतने के बाद बुमराह का आया बयान

## सपनों में जी रहा हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

बुमराह ने टी20 विश्व कप में भारत की 17 साल बाद खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में हार्दिक पांड्या के साथ मिलकर भारत को शानदार वापसी दिलाई थी।

हाल ही में संपन्न हुए टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब भी खिताबी जीत को नहीं भुला पा रहे हैं। भारतीय टीम का स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया था और बुमराह ने इसके लिए आभार व्यक्त किया है। बुमराह ने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों से सपनों में जी रहे हैं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। बुमराह का हाल ही में अपने घर अहमदाबाद पहुंचने पर फूलों से स्वागत किया गया था। इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में खेले गए टूर्नामेंट में 15 विकेट लिए।

## जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो युवराज काफी खुश थे, शतकीय पारी के बाद अभिषेक शर्मा का खुलासा

**हरारे, एजेंसी।** भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने खुलासा किया कि जिंबॉब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण मैच में जब वह शून्य पर आउट हो गए थे तो उनके मेंटर (मार्गदर्शक) युवराज सिंह काफी खुश थे क्योंकि इस पूर्व ऑलराउंडर का मानना था कि यह अच्छी शुरुआत है। अभिषेक भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए खाता नहीं खोल पाए थे।

जिम्बाब्वे ने यह मैच 13 रन से जीता। अभिषेक ने हालांकि शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 47 गेंद पर 100 रन बनाए जिससे भारत यह मैच 100 रन से जीतने में सफल रहा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें अभिषेक ने कहा, 'मैंने कल (शनिवार) को उनसे (युवराज) बात की और मैं नहीं जानता कि जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह क्यों बहुत खुश थे। उन्होंने कहा कि यह अच्छी शुरुआत है लेकिन अब वह मेरे परिवार की तरह खुश होंगे और उन्हें मुझ पर गर्व होगा। अभिषेक ने न सिर्फ क्रिकेट मैदान पर उनका कौशल सुधारने बल्कि मैदान के बाहर भी उनका समर्थन करने के लिए भारत की 2011 की विश्व कप की जीत के नायक युवराज का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मैं आज जो



भी हूं उसमें उनकी काफी अहम भूमिका रही है। उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाने में कड़ी मेहनत की। उन्होंने न सिर्फ क्रिकेट मैदान पर मेरा कौशल निखारा बल्कि मैदान के बाहर की जिंदगी में भी मेरी मदद की। रविवार को खेले गए मैच के बाद अभिषेक ने युवराज से बात की और वह इस युवा बल्लेबाज के प्रदर्शन से काफी खुश थे। युवराज ने कहा, 'शाबास, मुझे तुम पर गर्व है।

# टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी ने बताई पाकिस्तान क्रिकेट टीम की मुख्य समस्या

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के रेड-बॉल क्रिकेट कोच जेसन गिलेस्पी ने अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले टीम की मुख्य समस्या के रूप में निरंतरता की कमी को बताया। पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप के समापन के बाद से पाकिस्तान ने सभी प्रारूपों में जीत हासिल करने के लिए संघर्ष किया है।

तब से व्हाइट-बॉल क्रिकेट में, बाबर की अगुवाई वाली टीम यूएसए, आयरलैंड, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, भारत और अन्य टीमों के खिलाफ हार का सामना कर रही है। पाकिस्तान की बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज 21 अगस्त को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट 30 अगस्त को नेशनल स्टेडियम कराची में खेला जाएगा। रेड-बॉल क्रिकेट में पिछले साल के अंत में उन्होंने शान मसूद के नए शासन के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली। ऑस्ट्रेलिया ने एशियाई दिग्गजों पर दबदबा बनाया और रेड-बॉल क्रिकेट में अपने अजेय अभियान को बरकरार रखा, जो 1996 से चली आ रही है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पाकिस्तान की परेशानियों के बावजूद गिलेस्पी ने उनके प्रदर्शन के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया।

गिलेस्पी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में पाकिस्तान ने सीरीज 3-0 से गंवाई थी, लेकिन उन्होंने अच्छा खेला। सीरीज में कुछ ऐसे



पल भी आए जब वे विरोधियों पर हावी हो गए। उन्होंने टीम में प्रतिभा होने के बावजूद निरंतरता की कमी को मुख्य समस्या बताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान क्रिकेट टीम बहुत प्रतिभाशाली है, लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी मुख्य समस्या है। हम देखेंगे कि हम प्रदर्शन में निरंतरता और स्थिरता कैसे ला सकते हैं। पिछले कुछ सालों से निरंतरता के अलावा पाकिस्तान की फील्डिंग भी आलोचना का विषय रही है। हाल ही में संपन्न टी20 विश्व कप में कैच छूटना और मिसफील्डिंग उनके प्रदर्शन में आम बात थी। गिलेस्पी ने कहा, आम तौर पर माना जाता है कि पाकिस्तान की फील्डिंग उनकी कमजोरी है, इसलिए यह मेरी प्राथमिकता होगी।

## पेरिस डायमंड लीग

## डायमंड लीग में साबले ने दिखाया दम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके अविनाश साबले ने रविवार को डायमंड लीग में 8 मिनट और 9.91 सेकंड का समय लेकर छठा स्थान




हासिल करते हुए 3000 मीटर स्टीपलचेज का अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने 2022 में बनाए गए अपने पहले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड 8-11.20 से करीब 1.5 सेकंड बेहतर प्रदर्शन किया।

इथियोपिया के अब्राहम सिमे 8ः02.36 के समय से कीनिया के अमोस सेरेम ((8ः02.36) से 'फोटो फिनिश' में पहले स्थान रहे। कीनिया के अब्राहम किबिवोट 8ः06.70 के समय से तीसरे स्थान पर रहे। साबले ने दो साल पहले बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था और वह इसे तोड़ने में सफल रहे।

## एक नजर

### जीतन राम मांझी के अभिनंदन समारोह में भाग लेने जाएंगे सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता

**हसपुरा (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** भारत सरकार के सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री व हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेकुलर) के संरक्षक जीतनराम मांझी के पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित अभिनंदन समारोह में भाग लेने हसपुरा प्रखंड के सैकडों एनडीए कार्यकर्ता जाएंगे। इसकी तैयारी में कार्यकर्ता जुट गए है। किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार और प्रखंड अध्यक्ष कवींद्र कुमार निराला ने बताया कि 20 जुलाई को पटना में अभिनंदन समारोह होना है। हसपुरा प्रखंड इलाके से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होगें।

### उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा भेजे जाने के निर्णय पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**हसपुरा (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा सुप्रीमो व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री उपेंद्र कुशवाहा को एनडीए द्वारा राज्यसभा में भेजे जाने के निर्णय पर हसपुरा प्रखंड के रालोमो कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है। प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, अमझरशरीफ पंचायत अध्यक्ष राजू कुमार वर्मा, विनोद कुमार सिन्हा, रणजीत कुशवाहा, डा. राजेश कुमार विचारक सहित दर्जनों लोगों ने हर्ष जताया है।

### घर का ताला तोड़ चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज के चरकावां के जहां आरा खातून के घर का ताला तोड़कर चोरी कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मो शाहिद गुलाम ,मो कलीम कुरैशी एवं शहजादी खातून को नामजद आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमें उल्लेख किया है कि चरकावां में घर का ताला तोड़कर पीतल का बर्तन, शीशा का डिनर सेट सहित सारी सामग्री चोरी कर लिया गया है।प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### मारपीट मामले में सात नामजद

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के भट्ठा के पास मारपीट की घटना हुई। जिसमें भैंसासुर गांव के मो शोएब घायल हो गए जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया।घायल के बयान पर भैंसासुर गांव के मो शोएब ने इसी गांव के डॉ रिजवान, मो प्यारे, मो मोहिउद्दीन सरफराज, रियाजुद्दीन अदनान, मो मेराज मोहम्मद ,महफूज को नामजद आरोपी बनाया।दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया है कि मैं न्यू एरिया रफीगंज से निकलकर अपने घर लूना से जा रहा था। की बगहा भट्ठा के पास उक्त आरोपी मारपीट किया। इस संबंध में डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### बाइक व ऑटो से ले जा रहा महुआ शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** गोह पुलिस ने गुप्त सूचना पर रविवार की शाम विनोबा बिगहा गांव के समीप बाइक व ओटो से ले जा रहा महुआ शराब को पुलिस ने बरामद किया है।वही बाइक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।जबकि ओटो चालक ओटो छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया की गुप्त सूचना मिली की बाइक व ओटो से शराब ले जाया जा रहा है।जैसे ही पुलिस बिनोबा बिगहा गांव के समीप पहुंची तो ओटो चालक ओटो छोड़कर फरार हो गया।ऑटो से दो सौ लीटर महुआ शराब बरामद किया गया।साथ ही बोनोबा बिगहा गांव के समीप बाइक पर शराब ले जाते हुए बंदेया थानाक्षेत्र के मोगलाहि गांव निवासी राज किशोर यादव को 30 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार राज किशोर यादव को जेल भेज दिया गया है।वही ऑटो के मालिक को पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

---

**बैंक जाते वक्त हुआ हादसा, पीछे से तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से हुई घटना**

# सड़क दुर्घटना में पत्नी की मौत, पति घायल




निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** सोमवार को औरंगाबाद के ओबरा दाउदनगर पथ पर स्थित मनोरा गांव-खराटी पुल के पास एक हृदय विदारक सड़क हादसे में 45 वर्षीय प्रमिला देवी की दर्दनाक मौत हो गई और उनके पति मनोज पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब यह दंपत्ति बैंक के काम से घर से निकले थे और पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतका प्रमिला देवी, ओबरा थाना क्षेत्र के पोखटा गांव की निवासी थीं। उनके पति मनोज पासवान ने बताया कि वे सोमवार की सुबह अपने घर से पत्नी का बैंक अकाउंट का केवाईसी करवाने के लिए ओबरा जा रहे थे। दोनों एक ही बाइक पर सवार थे जब पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर के बाद मनोज की बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे प्रमिला देवी नीचे गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत ओबरा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने प्रमिला देवी को मृत घोषित कर दिया।

## पारिवारिक कलह से तंग आकर महिला ने नहर में कूद कर दी जान



निज संवाददाता

**फेसर (औरंगाबाद)।** जिले में पारिवारिक कलह से तंग आकर एक महिला ने नहर में कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना फेसर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव की है। मृतक महिला के परिजन ने बताया कि छोटी-छोटी बात को लेकर सास ससुर और देवर हमेशा महिला को प्रताड़ित करते रहते थे। जिससे कि महिला तंग आकर सोमवार को नहर में कूद कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली।

मृतक महिला की शव के खोजबीन में फेसर पुलिस एवं गोताखोर लगी हुई है, लेकिन अभी तक महिला का शव नहीं मिल पाया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि शव को खोजबीन जारी है और आगे की कार्रवाई में किया जा रहा है।

## मामूली बात को लेकर विवाद : दो अलग-अलग घटनाओं में मारपीट में पांच लोग हुए घायल

- भैसासुर गांव में रफीगंज से लौट रहे दो युवकों के साथ मारपीट हुई, जिसमें वे घायल हो गए। डॉ. एस नारायण ने उनका इलाज किया।



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज में आपसी विवाद को लेकर दो अलग-अलग घटनाओं में मारपीट में 5 लोग घायल हो गए है। सभी घायलों का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। पहली घटना भैसासुर गांव की है। जहां रफीगंज से घर से लौट रहे भैसासुर गांव के मो.इम्तियाज के बेटे मो.सुहेब और अलमगीर के बेटे दिलनवाज के साथ मारपीट की घटना हुई। इसको राहगीरों द्वारा रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉ.एस नारायण की देखरेख में दोनों का इलाज किया गया। मो.सुहेब ने बताया कि रफीगंज से मार्केटिंग कर घर वापस अपने दोस्त दिलनवाज के साथ जा रहे थे। तभी गांव के ही डॉ.रिजवान सहित 10 अन्य व्यक्ति बाघा नहर के पास रोककर मारपीट करने लगा। इससे हम दोनों घायल हो गए। दूसरी घटना दनई गांव की है। जहां मारपीट में दो महिलाएं सहित 3 घायल हो गए हैं। रविवार को दनई गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई। इसमें नावजाद दास की 50 साल की पत्नी रमनी देवी, बेटा पवन कुमार और मिथिलेश दास की पत्नी सुशीला देवी को घायल कर कर दिया है। इनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में किया गया।।घायल रमनि देवी ने बताया कि मेरे घर में गाय घुस गई थी। इसी को लेकर मना करने पर दूसरे पक्ष के ही लोगों द्वारा मुझे और मेरे बेटे को मार कर घायल कर दिया। 112 पर कॉल करने के बाद पुलिस रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां डॉ.एस नारायण द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि दोनों मामलों में आवेदन प्राप्त होते ही तुरंत कार्रवाई पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।

## चाची ने नाबालिग बच्ची का अपहरण कर दिया था बेच, पुलिस ने किया बरामद, चाची गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले की रफीगंज थाना क्षेत्र के एक मामला रफीगंज सदर एसडीपीओ 2 अमित कुमार ने एक नाबालिग लड़की का सौदा करने वाली चाची को गिरफ्तार कर पूरे मामला का पर्दाफाश कर दिया है।

एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि इसरत जहाँ के द्वारा एक लिखित आवेदन रफीगंज थाना में दिया गया था। जिसमें उन्होंने ने बताया कि अपने नाबालिग बेटी 27.06.24 को शाम में घर से कहीं चली गयी हैं जिसका खोज-बीन करने के उपरांत कहीं नहीं मिली। प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर के द्वारा प्राप्त लिखित सूचना के आधार पर रफीगंज थाना कांड संख्या-280/24, 02.07.24 को धारा-363 भा०द०वि० दर्ज कर कांड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया तथा उक्त घटना से औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक स्वापन्ना गौतम मेश्राम को अवगत



कराया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक के निर्देश में कांड में अग्रतर कार्रवाई / अपहृता की बरामदगी हेतु एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तत्क्षण कार्रवाई करते हुए उक्त कांड की अपहृता को चेन्नई से बरामद किया गया। बरामदगी पश्चात कांड की अनुसंधानकर्ता पीएसआई गीतांजली कुमारी के द्वारा अपहृता का ब्यान भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-180 के अन्तर्गत दर्ज किया गया तो खुलासा हुआ कि अपहृता 27.06.24 को पिता के द्वारा किये गये डॉट फटकार के उपरांत अपनी चाची साहजादी बेगम के घर चली गयी थी। जिस दौरान जबरदस्ती खीरा खिलाकर बेहोश कर दी और उसके बाद चाची के द्वारा अन्य सहयोगियों के मिलीभगत से उसे बिक्री कर दिया गया था। वहीं एसडीपीओ ने बताया कि अपहृता की चाची साहजादी बेगम को उसके घर अमरपुरा से गिरफ्तार किया गया। अन्य सहयोगियों का नाम /पता का सत्यापन / गिरफ्तारी की दिशा में अग्रतर कार्रवाई की जा रही हैं। वहीं एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी टीम में शामिल सभी पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

## जिला समन्वय समिति की बैठक, डीएम ने लंबित मामलों की त्वरित निष्पादन के दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिला योजना भवन के सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों एवं उसकी प्रगति की समीक्षा की गई एवं संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तर, सदर अनुमंडल के स्तर एवं दाउदनगर अनुमंडल सदर के स्तर पर दायर लंबित परिवाद का समीक्षा किया गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने विभाग अंतर्गत लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर इसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त समीक्षा क्रम में पाया गया जिला में सीपीग्राम से संबंधित 59 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 292 आवेदन एवं 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम से संबंधित 370 आवेदन लंबित हैं। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी द्वारा लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा लोक सेवा के अधिकार (आरटीपीएस) अंतर्गत विभिन्न सेवाओं आवासीय/जाति/आय/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस एवं जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई एवं इसका त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त पेंशन, पारिवारिक लाभ, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन राशन कार्ड के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई एवं इसका यथाशीघ्र निष्पादन करने हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जनजीवन हरियाली अंतर्गत विभिन्न कार्य योजना से संबंधित कार्य प्रगति एवं उपलब्धियां की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने बताया की इस वित्तीय वर्ष में चेक डैम निर्माण में जिला की उपलब्धि सत प्रतिशत है। नए जल स्त्रोतों के सृजन में भी जिला ने सराहनीय कार्य किया है। सार्वजनिक कुआं जीर्णोद्धार में शहरी क्षेत्र में शत प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में 96% कुआं जीर्णोद्धार किया गया। जिला पदाधिकारी महोदय ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी शत प्रतिशत कुआं जीर्णोद्धार करने के लिए संबंधित बीपीआरओ को स्वयं स्थल पर जाकर कुआं चिन्हित कर जीर्णोद्धार करने निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा जिला विधि शाखा में लंबित सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी वादों की विभाग वार समीक्षा की गई एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रतिशपथ पत्र दायर कर जिला विधि शाखा में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी बीडीओ एवं सीओ को अपने अपने कार्यालयों को निरंतर समीक्षा करने का निर्देश दिए। साथ ही साथ प्रखंड स्तर पर जितने भी विभाग के नाम से जमीन है इसका सूची तैयार बंदोबस्त कार्यालय को यथाशीघ्र भेजना भेजने का निर्देश दिए। अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले में प्रतिदिन बन रहे आधार कार्ड का समीक्षा किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में प्रतिदिन 500 नये आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं जिसे जिला पदाधिकारी ने बढ़ाकर प्रतिदिन 2000 बनाने का लक्ष्य दिया। इस बैठक में अपर समाहर्ता लो. शि. नि. जयप्रकाश नारायण, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, डीटीओ शैलेश कुमार, एसडीओ सदर संतन कुमार सिंह, एसडीओ दाउदनगर मनोज कुमार, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, सभी वरीय उपसमाहर्ता सिविल सर्जन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



निज संवाददाता

**गोह(औरंगाबाद)।** मुहर्रम को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गोह थाना परिसर में सोमवार को थानाध्यक्ष कमलेश पासवान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में स्थानीय समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस दौरान थानाध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। किसी भी समस्या पर प्रशासन को सूचित करें। साथ ही उन्होंने आपसी सद्भाव के साथ संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। मुहर्रम को लेकर चिन्हित जगहों पर गश्ती की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे के साथ शांति का पैगाम देने वाला पर्व है। इस पर्व को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर जुलूस निकालने वाले कमेटी को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए ताजिया तय मार्ग से ही ले जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा की उपद्रव फैलाने वाले लोगों की सूचना पुलिस को दें। बिना लाइसेंस ताजिया बनाने की अनुमति नहीं होगी।

## डीएम-एसपी की अध्यक्षता में भूमि विवाद, कब्रिस्तान घेराबंदी, खनन, उत्पाद, परिवहन एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। सोमवार को जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद की अध्यक्षता में भूमि विवाद, कब्रिस्तान घेराबंदी, खनन, उत्पाद, परिवहन एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना अध्यक्षों से दो पक्षों के बिच के भूमि विवाद के मामले को विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त किये एवं विवादों को अंचल अधिकारियों एवं थाना अध्यक्षों के द्वारा निपटाने के प्रक्रिया को भी जाना। साथ ही साथ भूमि विवाद में अब तक कितने मामले दर्ज किए गए हैं एवं कितना का समाधान किया गया है इसकी भी जानकारी प्राप्त किये। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 316 कब्रिस्तान है जिम 280 कब्रिस्तान की घेराबंदी का कार्य पूर्ण हो चुका है 36 निर्माणधीन है। जिसमें 16 कब्रिस्तान में भूमि विवाद चल रहा है एवं 03 कब्रिस्तान पर सीडब्लुजेसी और टाइटल सूट लगा है। जिला पदाधिकारी ने भूमि विवाद सुलझा कर कब्रिस्तान को घेराबंदी करने का निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद द्वारा अवैध खनन परिवहन के मामलों में विशेष निगरानी रखे जाने के साथ ही अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना अध्यक्षों को दिया गया। संवेदनशील स्थल/बालू घाटों जहां अवैध खनन की संभावना बनी रहती है वैसे क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए निरंतर पुलिस गश्ती एवं ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी रखी जाए। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी महोदय ने सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना अध्यक्षों को मोहर्रम शांति समिति के बैठक बुलाने का निर्देश भी दिए। तथा जिले में तलवार की हो रहे खरीद बिक्री पर रोक लगाने का भी निर्देश दिए। इस बैठक में सदर एसडीपीओ, सदर एवं दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी वरीय उप समाहर्ता, जिला खनन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सभी थाना अध्यक्ष, सभी अंचल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## वन महोत्सव सप्ताह के दौरान जैव विविध उद्यान में जागरूकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** सोमवार को वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर जैव विविध उद्यान में वन प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डीएम सर, एसपी महोदया एवं डीएफओ महोदया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, संगीत एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को पौधा लगाने के लिए मोटिवेट किया गया। साथ ही पर्यावरण को बचाने का भी संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम सर ने बच्चों को पर्यावरण का ध्यान रखने के लिए बातें बताईं, साथ ही प्रेरित करने के लिए उनके द्वारा पौधा रोपन भी किया। एसपी महोदया एवं डीएफओ महोदया द्वारा भी बच्चों को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथियों के साथ द्वार बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए उन्हें पुरस्कार भी दिया गया।

## मारपीट में एक घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा गांव निवासी 50 वर्षीय राजदेव दास को पीटकर घायल कर दिया। घायल के पुत्र ने बताया कि पिता राशन लाने गए थे। गांव के ही बिगन यादव और उनके पुत्रों द्वारा उनके पिता पर टांगी से वार कर दिया गया, जिससे बुरी तरह घायल हो गए। घायल को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर किया गया।

# पशु लदे ट्रक लूटकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, लूटेरा गिरोह का सरगना गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पशु लदे ट्रक लूटकांड का औरंगाबाद के रफीगंज थाना की पुलिस ने उद्भेदन किया है। मामले में पुलिस ने ट्रक लूटेरा गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरोह के शेष सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है। औरंगाबाद के सदर एसडीपीओ-2 अमित कुमार ने सोमवार को बताया कि 23 मई को उतर प्रदेश के रायबरेली के सतांव गुरुबक्स गंज के ट्रक चालक सत्यम पाल के आवेदन पर रफीगंज थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में चालक ने कहा था कि महर्षि च्यवन गौ ज्ञान फाउंडेशन गौशाला, देत्वकुंड से 30 जानवर(9 बछिया और 21 बछड़े) लदे ट्रक को पशुओं समेल अज्ञात अपराधियों ने लूट लिया था।मामले में रफीगंज थाना की पुलिस अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई



कर रही थी। मामले में एसपी स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर उनके नेतृत्व में जिला तकनीकी शाखा के साथ एक एसआईटी का गठन किया गया था। टीम ने वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना को अंजाम देने में संलिप्त रफीगंज थाना के गांधी टोला निवासी महेश दास के पुत्र सचिन दास उर्फ सच्चिदानंद कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी ट्रक लूट गिरोह का सरगना है। उसने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि वह अपने सहयोगी शाहिद अफ़रीदी के साथ चरकावां नहर पर बैठा था। इसी दौरान उसके एक और सहयोगी सोनू शेख का फ़ोन आया। फोन पर उसने कहा कि रफीगंज के तरफ पशु से लदा एक ट्रक जा रहा है। उसे रोक कर लूट लेना है। इसके बाद वह अपने सहयोगियों के साथ बाइक से बस स्टैंड के पास लगे पुलिस बैरियर को खिंच कर ट्रक को रोक दिया। इसके बाद काले रंग के स्कोर्पियो से 4-5 लोग उतरे जिसमें सोनू शेख भी शामिल था। इस दौरान अफरीदी अपराधियों को निरंतर निर्देश देते रहा। कहा कि गाड़ी को गया लेकर जाना है। गाड़ी लेकर अपराधी जैसे ही सलैया थाना क्षेत्र के रानीडीह मोड़ के पास पहुंचे, वैसे ही अपराधियों को भनक लग गई कि पुलिस उनका पीछा कर रही है। इसके बाद सभी अपराधी ट्रक छोड़ कर भाग गए। इसके बाद मौके से पुलिस ने ट्रक को पशुओं समेत बरामद कर लिया। इसके बाद से पुलिस लूटकांड में शामिल लूटेरो की सरगर्मी से तलाश में लगी थी। अंततः लूटेरा गिरोह का मुख्य सरगना सचिन दास उर्फ सच्चिदानंद कुमार सोमवार को पुलिस के हत्थें चढ़ गया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि सचिन दास के विरुद्ध थाने में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। मामले में पुलिस अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। वही पुलस की एसआईटी टीम में रफीगंज थानाध्यक्ष सह परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक चंदन कुमार ठाकुर, एसआई गुफरान अली, एसआई वर्षा कुमारी, एस आई गीतांजलि कुमारी, एसआई कविता कुमारी एवं कुशो कुमार शामिल रहे।

## पुलिस ने पांच शक्तिशाली प्रेशर आइईडी किया बरामद

निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में माओवादियों को जड़ से उखाड़ फेंकने में लगे सुरक्षा बलों को उड़ाने की लगातार साजिश हो रही है। पुलिस साजिश को लगातार विफल कर रही है लेकिन नक्सली पुलिस के हत्थे नही चढ़ पा रहे है। इसी वजह से नक्सलियों और पुलिस के बीच शह और मात का खेल लगातार जारी है। इसी खेल में सीआरपीएफ की 205 कोबरा बटालियन एवं मदनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सुरक्षा बलों को उड़ाने की नक्सलियों की साजिश को नाकाम किया है। पुलिस ने मदनपुर के दुर्गम जंगली-पहाड़ी इलाके में पचरुखिया



के जंगल से पांच शक्तिशाली प्रेशर आइईडी बरामद किया है। औरंगाबाद के सदर एसडीपीओ-2 अमित कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि मदनपुर पलिस और कोबरा बटालियन ने ईलाके में दो दिनों तक चलाए ज्वाइंट सर्च ऑपरेशन में पचरुखिया के जंगली इलाके में करीबा, धोबहा एवं मकरवा में छापेमारी के दौरान पांच शक्तशाली प्रेशर आईईडी बरामद किया है। बरामद आईईडी में चार दो किलो के है जबकि एक डेढ़ किलो का है।कहा कि पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के आदेश पर नक्सलियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस नक्सलियों को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए कार्रवाई कर नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फेरा रही है।

## आर्द्रा मेले से 376 तलवार व 10 भाला जब्त, विक्रेता गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा के सतबहिनी मंदिर के समीप लगने वाले आर्द्रा मेले से सीओ चंद्र प्रकाश ने 376 तलवार व 10 भाला जब्त किया है। ये औजार मेले में बेचने के लिए लाए गए थे। इस क्रम में विक्रेता गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा निवासी चंद्रकांत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई एसडीओ के निर्देश पर हुई है। सीओ ने बताया कि मेले में दुकानों की जांच की गई। चंद्रकांत के लोहा-लक्कड़ की दुकान से नौ बोरे में छुपाकर लोहे का औजार रखा हुआ था। जब्त औजारों में 32 तलवार, 7 हसुली जैसा तलवार, 317 मध्यम तलवार, 20 गुप्ती तलवार, 5 छोटा भाला, 3 बड़ा भाला तथा 2 मध्यम भाला शामिल है। उन्होंने बताया कि उसके पास हथियार बिक्री हेतु अनुमति पत्र या कोई वैध कागज नहीं था। अवैध रूप से इसकी बिक्री की जा रही थी। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार विक्रेता को जेल भेज दिया गया है।

## मेला में गाय बेचने गए किसान की बाइक चोरी

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह स्थित सनीचर पशु मेला में गाय बेचने गया एक किसान की बाइक की चोरी हो गई। इस संबंध में पीड़ित किसान ने थाना में आवेदन देकर करवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि हसपुरा थानाक्षेत्र के बिहटा गांव निवासी धनंजय यादव गोह के सनिचरा पशु मेला में अपना गाय बेचने गया था। उसी मेला में उसका परिजन बाइक खड़ा कर मेला में गया। जैसे ही गाय बेचकर अपना बाइक के समीप आया तो बाइक गायब था। मामले में पुलिस ने सनहा दर्ज कर करवाई शुरु कर दी है।

